सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 28.0


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-337 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 19 मई 2024
10 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# आप लोग हैं मेरा परिवार: मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

**पलटवार**

- **देश को बर्बाद कर रहा इंडी गठबंधन, ईश्वर ने मुझे आपके लिए भेजा**
- **कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया**

### आज कांग्रेस को चार सीट पर लड़ने की ताकत नहीं

कहा कि कांग्रेस की 4 पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया, लेकिन आज इनमें दिल्ली की 4 सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही। कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है। कांग्रेस के शहजादे आपकी (जनता) संपत्ति की एक्सरे कराकर उसका आधा हिस्सा अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं। ये लोग कई सालों से करते आ रहे हैं। साल 2024 में वोट पाने के लिए डॉ. मनमोहन सिंह की रिमोट वाली सरकार ने वोट जिहाद वालों से सौदा किया। वोट के बदले दिल्ली के लोगों की संपत्ति का सौदा हुआ। 123 संपत्तियां रातोंरात वक्फ बोर्ड को सौंप दी गईं।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी दिल्ली में पहली जनसभा को संबोधित किया। उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतार नगर इलाके में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता के लिए मेरा पल-पल और कण-कण है। 50 साल पहले घर छोड़कर निकला था।

वहीं पीएम ने जनसभा में इंडी गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में इंडी गठबंधन के नेता जेल जा रहे हैं। पीएम ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की। पीएम मोदी ने इंडी गठंबधन को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये मौका परस्त गठबंधन तुष्टिकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकता। याद कीजिए, जब सीएए कानून आया था, तब इन्होंने महीनों के लिए दिल्ली को बंधक बना दिया था। पहले रास्ते रोके, फिर दंगे कराए। लेकिन आज इनके झूठ का पर्दाफाश हो चुका है दिल्ली में वर्षो से रह रहे शरणार्थियों को नागरिकता मिल रही है। कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया। लेकिन आज इनमें दिल्ली की चार सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही। कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है। जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि बचपन में जब घर छोड़ा तब नहीं जानता था कि एक सौ चालीस करोड़ लोग मेरा परिवार बन जाएंगे, मैं आप लोगों के लिए मर खप रहा हूं। मेरा कोई वारिस नहीं है। अगर कोई वारिस है तो आप सब ही हैं। मेरा पल पल आपके लिए है।



# जेल का खेल खेल रहे पीएम मोदी: केजरीवाल

**चुनौती**

- **हम आज आपके मुख्यालय आ रहे हैं, जिसे चाहें, जेल में डाल दें**
- **मैं सभी नेताओं संग भाजपा कार्यालय जाऊंगा**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को शाम पांच बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कल दोपहर 12 बजे भाजपा मुख्यालय अपने सभी विधायकों और एमपी व पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी जिस-जिस नेता को गिरफ्तार करना चाहते हैं उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं। यह आप के सभी नेताओं को जेल में डालना चाहते हैं। आज मेरे निजी सचिव के साख भी यही किया। अब सौरभ, आतिशी को जेल में डालना चाहते हैं। प्रधानमंत्री, एक-एक करके क्या आप हम लोगों को गिरफ्तार कर रहे हैं? एक साथ सभी को गिरफ्तार कर लीजिए। आप देख सकते हैं कि वे किस तरह से आप के पीछे पड़े हैं। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहूंगा। आप यह जेल का खेल खेल रहे हैं। कल मैं अपने सभी शीर्ष नेताओं, विधायकों, सांसदों के साथ दोपहर 12 बजे भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं। आप जिसे चाहें जेल में डाल सकते हैं। आप एक पार्टी नहीं बल्कि विचार है। हालांकि अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वाति मालीवाल को लेकर कुछ भी नहीं कहा। इससे पहले माना जा रहा था कि केजरीवाल अपने निजी सचिव बिभव कुमार को लेकर अपनी देश के सामने रखेंगे। बता दें कि आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में बिभव कुमार को आज ही दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद बिभव ने तीस हजारी कोर्ट ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका दायर की जहां से उन्हें राहत नहीं मिली।

# तीस हजारी कोर्ट से बिभव कुमार को झटका, जमानत की अर्जी खारिज

**याचिका**

- **सीसीटीवी फुटेज की होगी जांच**



**नई दिल्ली।** आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले में गिरफ्तार बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट में उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज हो चुकी है। इससे पहले याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बिभव कुमार की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने कहा, मैंने दलील दी है कि यह कोई मामला ही नहीं है और यह अंतरिम जमानत का मामला है। मैंने अग्रिम जमानत की वकालत की है, क्योंकि सीसीटीवी फुटेज और कवरेज में जो देखा गया है, बयान में यह नहीं बताया गया है कि आदेश को तीन दिन की देरी से आज के लिए सुरक्षित रखा गया है? वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने कहा कि बिभव कुमार पुलिस स्टेशन में मौजूद हैं और उनकी गिरफ्तारी की आशंका है। हरिहरन ने तर्क दिया कि किसी भी मामले में सात साल की सजा नहीं है। यह भी तर्क दिया कि जहां पर घटना हुई है, वहां पर सीसीटीवी था और सीएम से मुलाकात के लिए पहले से अप्वाइंटमेंट लेना जरूरी होता है, लेकिन स्वाति सीधे सीएम आवास पहुंच गई, जोकि सीएम की सुरक्षा में सेंध है।

# हम देश बनाने के लिए काम करते हैं: राजनाथ

**चुनावी सभा**

## आज अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है

अवधनामा संवाददाता



- **डायनासोर की तरह कांग्रेस भी अब समाप्त हो रही है**
- **आज भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें पायदान पर : रक्षामंत्री**

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव के चार चरणों की वोटिंग हो चुकी है. तीन चरणों के मतदान अभी बाकी हैं। राजनेता अपने उम्मीदवारों के लिए जोर-शोर से प्रचार में लगे हुए हैं और पूरे देश में रैलियां, चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं। इसी कड़ी में बस्ती के हर्रैया में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया।

केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा की 2014 में ही साइकिल की चेन उतर गई थी, जो 2017, 2019 और 2022 में भी नहीं चढ़ सकी। 2024 में भी नहीं चढ़ेगी। कांग्रेस को लोगों ने अब लुप्त पार्टी मान लिया है। जिस तरह से विश्व में डायनासोर समाप्त हो गए, ठीक उसी तरह कांग्रेस भी अब समाप्त हो रही है। उक्त बातें केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कम्पोजिट विद्यालय के मैदान में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि हम सरकार बनाने के लिए काम नहीं करते, हम देश बनाने के लिए काम करते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार हो या नरेंद्र मोदी की, सरकार ने देश के लिए बहुत कुछ किया। भारत के प्रति दुनिया में 2014 के पहले कंगाल भारत, गरीब भारत, कमजोर भारत के रूप में पहचान थी। आज अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। कहा कि 2004 से पहले वाजपेयी की सरकार थी तो भारत की अर्थव्यवस्था देश में 11वें पायदान पर थी। 2004 से 2014 तक कांग्रेस की यूपीए सरकार रही। इन 10 वर्षों में भी भारत की अर्थव्यवस्था परिवर्तित नहीं हुई। 2014 से 2024 तक की 10 वर्षों की मोदी सरकार ने 56 इंच का सीना चौड़ा कर भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवें पायदान पर लाने में सफलता अर्जित की। 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में लंबे समय से मतदान करके आम नागरिक जागरूक हो चुका है। चार चरणों का चुनाव समाप्त होने के बाद भारत ही नहीं दुनिया के लोग मानने लगे हैं कि मोदी सरकार 400 पार करने जा रही है। राजनीति में मैंने कभी भी आंखों में धूल झोंकने का काम नहीं किया है। केंद्रीय रक्षामंत्री ने कहा कि हमने अनुच्छेद 370 खत्म करने का वादा किया था, पूर्ण किया। हम राम मंदिर बनाने की बात करते थे तो सपा और कांग्रेस कहती थी यह लोग सिर्फ राम मंदिर बनाने की बात करते हैं, लेकिन तारीख नहीं बताते हैं।

### सुलतानपुर में बोले अखिलेश यादव

# धोखेबाज़ विधायकों को लेकर चुनाव जितना चाहती है बीजेपी

- **सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद के पक्ष में जन समर्थन मांगा**



**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज सुलतानपुर पहुंचे। उन्होंने गोसाईगंज इलाके के चांदपुर सैदोपट्टी में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद के पक्ष में लोगो का जन समर्थन मांगा। उन्होंने कहा की मौजूदा सरकार के कार्यों से लोग नाखुश है। आज चारों तरफ लोग बेरोजगारी से परेशान है, लोगो पर महंगाई की मार पड़ रही है पर मौजूदा सरकार को आम जनमानस की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। इस सरकार में परीक्षाओं के पेपर लीक हुए है नौजवान परेशान है। अखिलेश यादव ने भाजपा पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी जी कहते है की 400 पार, ये सही है मोदी जी सही कहते है 400 के पार बची 173 सीट को भी देश की जनता बीजेपी को नहीं देगी। चार चरण के चुनाव के बाद बीजेपी हकीकत जान गई और पांचवे चरण में भी गठबंधन आगे रहेगा। अखिलेश ने पत्रकारों द्वारा सपा के बागी विधायकों के सवाल पर कहा कि भाजपा धोखेबाज विधायकों को साथ लेकर चुनाव जीतना चाह रहीं है।

### स्वाति मालीवाल की मेडिकल रिपोर्ट आई सामने

# बाएं पैर और दाहिने गाल पर मिले चोट के निशान

**साजिश**

- **स्वाति ने एफआईआर में किया था पिटाई का जिक्र**
- **तीन घंटे तक चली थी मेडिकल जांच**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल की मेडिकल रिपोर्ट में उनके बाएं पैर, दाहिने गाल पर चोट के निशान हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहयोगी बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था। मामले को लेकर स्वाति ने बिभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी, जिसके बाद यह मामला सामने आया था। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह पीड़ित स्वाति मालीवाल का मेडिकल टेस्ट कराया। बताया जा रहा है की उनकी मेडिकल जांच तीन घंटे तक चली थी। मेडिकल जांच की आई रिपोर्ट में उनके चेहरे पर अंदरूनी चोट की बात सामने आई थी। उनका कंप्यूटेड टोमोग्राफी स्कैन भी कराया गया। स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा कि बिभव कुमार ने उन्हें कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति जब मदद के लिए चिल्लाने लगीं तब भी बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया था। स्वाति ने एफआईआर में बताया, मैंने उनसे बार-बार कहा कि मैं मासिक धर्म के दौर से गुजर रही हूं। कृपया मुझे जाने दें। लेकिन जाने नहीं दिया। फिर मैं वहीं बैठ गई। मैं ड्राइंग रूम के सोफे पर गई और हमले के दौरान जमीन पर गिरे अपने चश्मे को उठाया।

# छह महीने में पीओके होगा भारत का हिस्सा: योगी

- **भारत के साथ रहना चाहती है पाक अधिकृत कश्मीर की जनता**
- **आज कोई टेढ़ी नजर से भारत को देखता है तो उसकी नजर निकाल ली जाती है**
- **चुनाव में जनता करने जा रही है कांग्रेस का विसर्जन**
- **यूपी में पिछले सात साल में कोई दंगा नहीं हुआ**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने के 6 महीने के भीतर पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हालात खराब हैं, उससे पीओके संभाले नहीं संभल रहा है और पीओके के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। श्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को यहां नालासोपारा वेस्ट में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी हेमंत सांवरा के लिए जनता से वोट की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी के हिन्दवी स्वराज को प्रधानमंत्री मोदी साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कोई टेढ़ी नजर से भारत को देखता है तो उसकी नजर निकाल ली जाती है। कहा कि इस चुनाव में जनता कांग्रेस का विसर्जन कर रही है। योगी ने कहा कि अब यूपी में कोई सड़क पर नमाज नहीं पढ़ सकता, मस्जिदों से लाउडस्पीकर भी उतार लिये गये हैं। उन्होंने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान का राग अलापने वाले वहीं जाकर भीख मांगे। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब हम मथुरा की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर। श्री योगी आदित्यनाथ ने हिन्दवी स्वराज का बोध जागृत करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज और क्रांतिकारी राघव जी भागरे व श्रीकृष्णा जी राव को नमन किया। कहा कि पिछली बार यहां आया था तो कांग्रेस का सूर्यास्त हो गया था। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस के साथ साथ उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग कहते थे कि भाजपा वाले 100 जन्म भी ले लेंगे फिर भी राम मंदिर नहीं बनवा पाएंगे। हम तब भी कहते थे कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। हमने जो कहा वो कर के दिखा दिया। कहा कि अब इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि अगर कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी तो फिर राम मंदिर का क्या करना है ये हम तय करेंगे। योगी ने कहा कि रामलला उन्हें इस लायक छोड़ेंगे ही नहीं कि वो कभी दिल्ली पहुंच सकें। ये लोग देश को डराते थे कि राममंदिर का फैसला आएगा तो देश में दंगे हो जाएंगे। आज राममंदिर में श्रीरामलला विराजमान भी हो चुके हैं मगर एक तिनका भी नहीं हिला, दंगा तो बहुत दूर की बात है। उन्होंने बताया कि यूपी में पिछले 7 साल में कोई दंगा नहीं हुआ। कहा कि पहले यूपी में बड़े बड़े माफिया सत्ता का संचालन करते थे, जो बेटी और व्यापारी के लिए खतरा थे। हमने बुलडोजर चला के एक झटके में सब खत्म कर दिया। अब यूपी में सड़क पर कोई नमाज नहीं पढ़ता। अब वहां मस्जिदों से माइक भी उतर गये हैं। लोग कुछ समय में लोग उस चिल्लाहट को भूल भी जाएंगे।

**लोकसभा चुनाव** — पोलिंग पार्टियां आज होंगी रवाना


# पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार समाप्त

**उम्मीदवार**

- **49 लोकसभा सीटों पर सोमवार को होगा मतदान**
- **आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 695 प्रत्याशी मैदान में आजमा रहे है अपनी किस्मत**



**नई दिल्ली।** चल रहे लोकसभा चुनावों में चार चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है और पांचवां चरण 20 मई को होगा। इस चरण में, 8 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए आज चुनाव प्रचार खत्म हो गया है। चरण 5 में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख राज्यों में मतदान होगा। इस चरण में, बिहार में 5 सीटें, जम्मू और कश्मीर में 1 सीट, झारखंड में 3 सीटें, लद्दाख में 1, में 13 सीटें हैं। महाराष्ट्र में 5 सीटें, ओडिशा में 5 सीटें, उत्तर प्रदेश में 14 सीटें और पश्चिम बंगाल में 7 सीटों पर चुनाव होने हैं। इस चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 695 उम्मीदवार मैदान में हैं। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के अनुसार, सात चरण के लोकसभा चुनाव 2024 का पांचवां चरण 20 मई को होगा। चुनावी प्रक्रिया 19 अप्रैल को पहले चरण से शुरू हुई। वोटों की गिनती होनी है 4 जून को लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में आम चुनाव के पांचवें चरण की 14 सीट और विधानसभा उपचुनाव की एक सीट के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम छह बजे समाप्त हो गया। इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पांचवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 20 मई, सोमवार को मतदान होना है। इस चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मोहनलालगंज (आरक्षित), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (आरक्षित), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (आरक्षित), बाराबंकी (आरक्षित), फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा लोकसभा सीटें आती हैं। इसमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। एक चुनाव अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सात संसदीय क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार शनिवार शाम 6 बजे समाप्त हो गया।



# जिलाधिकारी ने भूमाफियाओं से 50 हेक्टेयर जमीन करायी कब्जामुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चन्द्र की अगुवाई में राजस्व विभाग व पुलिस टीम ने नकुड तहसील के ग्राम ढायकी मजरा शेरपुर टापू में भूमाफियाओं द्वारा कब्जायी गई 50 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जामुक्त कराया।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र व उपजिलाधिकारी नकुड़ संगीता राघव के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस की टीम ग्राम ढायकी मजरा शेरपुर टापू पहुंची तथा जमीन को कब्जा मुक्त करने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने किसानों को कहा कि इस भूमि से संबंधित यदि किसी कृषक के पास कोई दस्तावेज है तो वह निःसंकोच उपजिलाधिकारी या उनके सामने प्रस्तुत कर सकते है जिसका परीक्षण कर नियमानुसार कृषक को उसका हक दिलाया जाएगा। उन्होने सभी कृषकों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। डॉ.दिनेश चन्द्र ने बताया कि कब्जामुक्त की गयी भूमि का उपयोग शासकीय परियोजनाओं में कर जनहित के लिए किया जाएगा। उन्होने उपजिलाधिकारी नकुड को निर्देशित किया कि मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से कब्जामुक्त कराई गयी भूमि पर गौआश्रय स्थल बनाने संबंधी प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाए। उन्होने बताया कि इस भूमि के एक गाटा पर माननीय उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश है जिस कारण उस पर अभी कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उक्त बंजर एवं नवीन परती भूमि वृहद मात्रा में कब्जामुक्त करवा कर सुरक्षित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा बडी कार्यवाही की गयी है। ऐसी कार्यवाहियां पूरे जनपद में की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, उपजिलाधिकारी नकुड संगीता राघव सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बहन से फोन पर बात करने से क्षुब्ध भाई ने ही थी युवक की हत्या

## ■ पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल
## ■ हत्या में प्रयुक्त बलकटी व लोहे की रॉड बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** बहन से फोन पर बात करने से क्षुब्ध भाई ने ही एक अन्य के साथ मिलकर बलकटी व लोहे की रॉड से हमलाकर युवक की हत्या की थी। थाना मण्डी पुलिस ने हत्या में संलिप्त दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक बलकटी व लोहे की रॉड बरामद की है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष हत्या की घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 17 मई को इमरान पुत्र यामीन निवासी असद कालोनी थाना मण्डी ने उसके पुत्र अहकाम व जुनैद पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर देने के संबंध में आरोपी समीर पुत्र प्रवेज निवासी असद कालोनी थाना मण्डी व राजा पुत्र महबूब निवासी घोघरेकी थाना कोतवाली देहात व अन्य अज्ञात के विरूद्ध थाने पर



मुकदमा पंजीकृत कराया था। श्री मांगलिक ने बताया कि गंभीर रूप से घायल जुनैद की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के कारण अभियोग में धारा 302/452/34 भादवि की वृद्धि की गयी। थाना मण्डी प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी समीर उर्फ जुबैर पुत्र परवेज़ निवासी असद कालोनी थाना कोतवाली मण्डी व राजा उर्फ आवेश पुत्र महबूब निवासी घोघरेकी थाना कोतवाली देहात को न्यू 62 फूटा रोड से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल एक बलकटी व एक लोहे की रॉड बरामद की गयी। पूछताछ में अभियुक्त समीर ने बताया कि जुनैद मेरी बहन से मोबाईल से बात करता था और इसने मेरी बहन को मोबाईल भी दे रखा था। जिसका वह और मामा विरोध किया करते थे। कई बार हमने जुनैद और इसके भाई अहकाम को चेतावनी भी दी थी और अहकाम ने अपने भाई जुनैद को समझाने के बजाय मुझे ही डाँटा था। उसने बताया कि 17 की रात्रि हम दोनों ने इनके घर में बने कमरे में घुसकर जुनैद और इसके भाई अहकाम पर सोते हुए पर बलकटी व लोहे की रॉड से सिर पर तबाड तोड़ वार कर दिए थे। इन्हे मरा जान कर व इनके घर की महिलाओं के जाग जाने पर हम लोग निकाल कर भाग गए थे। दाव व लोहे की रोड को छुपा दिया था तथा हम दोनों सहारनपुर से कही बाहर जाने की फिराक में थे कि पुलिस ने पकड़ लिया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, अतुल कुमार, ललित तोमर, हैड कांस्टेबल राहुल त्यागी, कमल कौशिक व कांस्टेबल अंकित पंवार शामिल रहे।

## पीएनबी ने किया स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सहारनपुर।** पंजाब नेशनल बैंक रिटायरीज एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर व आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दंत विशेषज्ञों से दांतों में होने वाली बीमारी व उनसे बचाव के टिप्स दिये।

दिल्ली रोड स्थित एक सभागार में पीएनबी रिटायरीज एसोसिएशन आयोजित स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ राष्ट्र गान से किया गया। इस दौरान संस्था के दस नये सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.मनप्रीत बतरा ने दांतों से संबंधित बीमारियों व उनके बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एसोसिएशन के सचिव सुभाष सपरा ने डॉ.मनप्रीत बतरा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्री सपरा ने कहा कि संस्था द्वारा इससे पहले भी कई स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए है।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक जगह एकत्र होकर हुंकार भरी

*अवधनामा संवाददाता*

**बथुआ खास, (रायबरेली )।** सकल नारायन मेमोरियल पब्लिक



स्कूल बथुआ खास के सैकड़ो छात्र -छात्राओं ने आज देश के मतदाताओं को एक बार फिर मतदान की पूर्व संध्या पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक जगह एकत्र होकर हुंकार भरी। जागरूकता के लिए बच्चों ने कहा हम मम्मी पापा पास पड़ोस,मतदान करने भेजेंगे। हम आज ही सबके घर जाकर,मतदान करने को बोलेंगे। पहले मतदान फिर जलपान, मतदान महादान आदि नारे लगाए। जिसका संचालन आर्ट एवं क्रिएटिव ग्रुप के अध्यक्ष प्रबोध कुमार बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर अनेक छात्र -छात्रा अपने-अपने हाथों मे मतदाता को जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखे हुए थे। जिनमे मतदाता को जागरूक करने अपने हाथ से कैंनवास पर सुन्दर ढंग से अनेक मनमोहक अंदाज मे स्लोगन लिखे थे पहले मतदान,फिर जलपान ,मतदान महादान, ना धूप ना तूफ़ान, पहले करो मतदान, मतदान जरूर करें, आपका मतदान, लोकतंत्र की जान। आदि अनेक स्लोगन भी लिखे हुए थे छात्र नारे लगाकर नागरिकों को जागरूक करते जा रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजय सिंह ने कहा लोकतांत्रिक देश भारत में मतदाता दिवस एक पर्व की तरह मनाना चाहिए सभी नागरिकों को वोट डालना चाहिए । वहीं विद्यालय के आर्ट एवं क्रिएटिव ग्रुप के अध्यक्ष ने सभी से कहा देश के सभी नागरिकों को सारे काम छोड़कर पहले मतदान करना चाहिए। सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर अनेक अध्यापक अध्यापिकाएं जिनमें मुख्य रूप से पी. के. बाजपेयी, रेनू चौधरी, वंदना वर्मा, दिनेश गुप्ता, प्रदीप चौहान, जीतेन्द्र, प्रिया तिवारी,रचना विश्वकर्मा, अंकिता वर्मा, जगराना आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## बीएन सिंह की 25वीं पुण्य तिथि पर किया रक्तदान शिविर आयोजित




**सहारनपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के संस्थापक बीएन सिंह की 25वीं पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

एकता सदन पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित रक्तदान शिविर में परिषद पदाधिकारियों ने संस्थापक बीएन सिंह की 25वीं पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पितकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वक्ताओ ने कहा कि बीएन सिंह ने राज्य कर्मचारियों में संगठन भावना जाग्रत कर केन्द्र के समान वेतन भत्ते दिलवाने में योगदान दिया। इस दौरान 50 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में सरदार सिंह, राजकुमार चौधरी, देवेन्द्र कुमार, गिरवर सिंह, उत्तम यादव, रविन्द्र चौहान, सुरेन्द्र सिंह, बिजेन्द्र सिंह, अनिल सैनी, भारत भूषण, अनन्त कुमार, शावेज खान, प्रमोद, आबिद हुसैन, डा.वीके दत्त, सविता गोस्वामी, विवेक कुमार, अध्यक्ष अशोक कुमार मलिक, मंत्री सरदार सिह आदि मौजूद रहे।

# नगरायुक्त ने दिए कंपनी बाग गेट से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने कंपनी बाग में विरासत वृक्षों के चारों ओर फैंसी विक्टोरियन



लाइटें लगाने, क्षतिग्रस्त बाउन्ड्री वॉल बनवाने तथा नवाबगंज स्थित कंपनी बाग गेट से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए है। उन्होंने ढमोला पुल के निकट निर्माणाधीन इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन (आईपीएस) का भी निरीक्षण किया।

नगरायुक्त आज दोपहर नगर निगम व जल निगम अधिकारियों के साथ ढमोला पुल पहुंचे और निर्माणाधीन इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन (आईपीएस) का निरीक्षण किया और प्रोजेक्ट के सम्बंध में पूर्ण जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था को बरसात से पहले कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान महाप्रबंधक जल बी के सिंह, स्मार्ट सिटी के अधिशासी अधिकारी अमरेंद्र गौतम, डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल, अधिशासी अभियंता जल निगम रुचिर यादव सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

बाद में नगरायुक्त ने कंपनी बाग पहुंचर उद्यान अधिकारियों से समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कपनी बाग की क्षतिग्रस्त बाउन्ड्री वॉल बनवाने के निर्देश निगम के मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह को दिए। उन्होंने अपर नगरायुक्त मृत्यंजय को कंपनी बाग परिसर स्थित करीब एक दर्जन पुराने विरासत वृक्षों के चारों ओर फैंसी विक्टोरियन लाइटें तथा उन्होंने अपर नगरायुक्त राजेश यादव को कंपनी बाग गेट से अतिक्रमण हटवाने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त ने कंपनी बाग परिसर में बनवाये गए शौचालयों का भी निरीक्षण किया। प्रभारी उपनिदेशक उद्यान पूजा ने बताया कि नगर निगम द्वारा निर्मित सभी शौचालयों का कार्य पूरा हो चुका है लेकिन अभी तक केवल पिंक शौचालय ही संचालित हुआ है। नगरायुक्त ने अपर नगरायुक्त एस के तिवारी को अविलंब शौचालयों को संचालित कराने के आदेश दिए।

उद्यान अधिकारियों ने बताया कि घोसियों के मौहल्ले से नवाबगंज गेट की ओर नाले में जो गोबर आदि बहाया जाता है उससे न केवल नाले चौक हो जाते है बल्कि उससे तेज दुर्गंध भी पैदा होती है। नगरायुक्त ने इस समस्या के समाधान के लिए अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह को निर्देश दिए।

# गौवध अधिनियम व आर्म्स एक्ट के मुकदमों में वांछित एक बदमाश गिरफ्तार, दो फरार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने चोरी, गौवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट के दर्जनों मुकदमों में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जिसके कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी की 01 मोटर साईकिल बरामद की है। जबकि अभियुक्त के दो अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहे है।

जानकारी के अनुसार थाना चिलकाना पुलिस द्वारा ग्राम दुमझेड़ा से धौलाहेड़ी की तरफ जाने वाले रास्ते पर चैकिंग की जा रही थी। तभी धौलाहेड़ी की तरफ से 01 संदिग्ध मोटर साइकिल पर सवार 03 व्यक्ति आते दिखायी दिये। जिन्हें रुकने का इशारा किया गया, वह नही रुके और मोटर साइकिल वापिस मोडकर भागने लगे। हड़बड़ाहट में कुछ दुरी पर जाकर उनकी मोटरसाइकिल फिसल कर




गिर गयी। तभी पकड़े जाने के डर से अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी और खेतो की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने घेर घोटकर 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अहसान उर्फ भोलू उर्फ भालू पुत्र अख्तर निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना जनपद के रूप में हुई। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद में चोरी, गौवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट के लगभग एक दर्जन व हरियाणा राज्य में 02 मकुदमें पंजीकृत है। अभियुक्त के दो अन्य साथी खेतो का फायदा उठाकर फरार हो गए। फरार अभियुक्तो की तलाश हेतु कॉम्बिंग की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर व चोरी की मोटर साईकिल स्बरामद हुई।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने फायरिंग कर युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 तमंचे, 02 जिंदा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर व एक बाईक बरामद की है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 17 मई को सलीम पुत्र सफी निवासी ग्राम हरौड़ा थाना गागलहेड़ी ने उवैश पुत्र इसरार, शाहबाज पुत्र इकलाख निवासीगण ग्राम हरौडा थाना गागलहेडी पर सुबह के समय खेत पर मशीन से गेहूँ निकालते समय उस पर जान से मारने की नियत से तमन्चे से फायर करने के सम्बन्ध में थाना गागलहेड़ी पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। एसपी सिटी ने बताया कि गागलेड़ी थानाध्यक्ष सन्दीप कुमार अधाना के नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर फायरिंग के आरोपी उवैश पुत्र इसरार, शाहबाज पुत्र इकलाख निवासीगण ग्राम हरौडा थाना गागलहेडी को भगवानपुर रोड हरियाबाद हाइवे के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 तमंचे, 02 जिंदा 102 खोखा कारतूस 315 बोर व एक मोटर साईकल बरामद हुई। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमें में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गयी। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने एक स्वर में बताया कि हमारे गाँव के सलीम पुत्र सफी से जमीनी विवाद चल रहा है। विवादित जमीन पर खड़ी गेहूँ की फसल काटने के बाद मशीन से गेहूँ निकालने को लेकर झगड़ा हो गया, जिसमें हमने तैश में आकर सलीम पर तंमचे से फायर कर दिया था। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनित यादव, ओमपाल यादव, प्रमोद कुमार व हैड कांस्टेबल मनीष तोमर शामिल रहे।

# पूर्व सैनिकों व सैनिक आश्रितों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला सैनिक बन्धु की बैठक में पूर्व सैनिकों व सैनिक आश्रितों की समस्याओं को सुनकर उनका हर संभव निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में वीर सैनिकों के बलिदान को नमन करते हुए उनके आश्रितों को सरकार की योजनाओं से लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित जिला सैनिक बन्धु की बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट डा.गजेन्द्र कुमार एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सहारनपुर विवेक मिश्रा ने सैनिक बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए उनके सैन्य सेवा में किये गये कार्यो की सरहना की तथा वीर नारियों को सम्बोधित करते हुए वीर सैनिको के बलिदानों



को याद किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण के लिए प्रशासन निरन्तर प्रयत्नशील है। श्री मिश्रा ने पूर्व सैनिक वैलफेयर लीग के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के सेवारत सैनिकों के परिवारों की समस्याओं से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को सूचित करने को कहा, ताकि समय से जिला प्रशासन की मदद से उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जा सकें। उन्होंने कहा कि ऑन लाईन स्कीम में 30 दिन के अन्दर कार्ड बनवाना अति आवश्यक है। नही तो फार्म 30 दिन के बाद रिजेक्ट कर दिया जायेगा। कम्प्यूटर कोर्स और फेंशन डिजाईनिंग कोर्स के लिये सभी पूर्व सैनिक, सैनिक विधवायें, सैनिक आश्रित अपना नाम दे सकते हैं।

इसके लिये 12वीं पास होना अनिवार्य हैं। सभी पूर्व सैनिक, विधवाओं एवं आश्रितो को पहचान पत्र, आर्थिक सहायता, वीरता पुरूस्कार पदक विजेता व अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिये ऑन लाईन स्कीम पर आवेदन भरना होगा। बैठक में सतीश कुमार, नायब सूबेदार ऋषिपाल सिंह, सिगनलमैन पवन सिंह, राजेन्द्र कुमार, नायक बलदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह पुण्डीर, हवलदार रामपाल सिंह, नायब सूबेदार पवन चन्द्र, नायब सूबेदार बिजेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश, महक सिंह, विजेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार समेत पूर्व सैनिक एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## दबंगों ने पहले बहू को पीटा, दोबारा रंजिश के चलते ससुर पर लाठी डंडे से किया हमला

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अमृता पथेली मैं सरकारी नल पर पानी भरते समय दबंगों ने पहले बहू की पिटाइ कर दी थी। दोबारा रंजिश के चलते उसके ससुर पर लाठी डंडे से हमला कर जख्मी कर दिया। पुलिस की सूचना पर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल भेजा है। गांव के दयाराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 2 मई को उसकी बहू लक्ष्मी सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। विरोध करने पर गाली गलौज और जान से मार डालने की धमकी दी थी। उसी रंजिश के चलते शाम 9 बजे करीब नल पर पानी भरते समय एक राय होकर अशोक, राकेश, ओमप्रकाश और गौतम ने लाठी डंडों से हमला कर लहलुहान कर दिया। पीड़ित मैं घटना की शिकायत डायल 142 पर करने पर कॉल नहीं लगी थी। शनिवार को पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक होने के चलते इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संगीत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## खेत में गोवंश के अवशेष मिलने पर हंगामा

**लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद क्षेत्र में शनिवार सुबह गांव देवरिया निवासी किसान के खेत में ग्रामीणों ने गोवंश के अवशेष पड़े देखे। इससे आक्रोश फैल गया। हिंदू युवा वाहिनी के पीयूष जायसवाल आशीष वाजपेई, सोनू मिश्रा, जैनेंद्र मिश्रा आदि कार्यकर्ता व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने जमकर हंगामा किया। चौकीदार की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी हैदराबाद दीपक तिवारी और सीओ अर्जेंद्र यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। गोवंश के अवशेष मिलने की पुष्टि की। अवशेषों को गड्ढा खुदवाकर दफना दिया गया है। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि चौकीदार की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। अवशेषों की जांच पशु चिकित्सक डॉक्टर प्रमोद वर्मा से कराई गई है।

## महिला के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** वर्ष 2021 में फेसबुक से पहचान के बाद थाना फूलबेहड़ के एक युवक ने महिला से शादी कर ली। तीन साल बाद महिला के विधवा और पेंशनभोगी होने की जानकारी हुई। आरोप है कि महिला ने मकान खरीदने के नाम पर 3.50 लाख रुपये ठग लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में योगेश्वर दयाल त्रिवेदी उर्फ नमन निवासी ग्राम व पोस्ट सिसौरा थाना फूलबेहड़ ने बताया कि फेसबुक के माध्यम से साल 2021 में लखनऊ निवासी एक युवती से परिचय हुआ था। उसने फेसबुक के जरिये ही अपनी दोस्त स्वाति के बारे में जानकारी दी।उसने स्वाति उर्फ शशिबाला से 05 फरवरी 2022 को विवाह कर लिया। आरोप है कि स्वाति ने लखनऊ में मकान खरीदने के नाम पर धीरे-धीरे कर करीब 3.50 लाख रुपये ठग लिए। साथ ही सोने की चेन, अंगूठी, पायल, झुमकी व मंगलसूत्र भी अपने पास रख लिया। पूछने पर महिला ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट से न्याय की गुहार लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

## थाना परिसर से काटे पेड़

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी थाना परिसर में यूकेलिप्टस के पेड़ कटवा दिए गए। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री समेत पुलिस अधिकारियों को ट्वीट किया गया है। सीओ गोला मामले की जांच की जांच करेंगे। लकड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में ले जाने के बाद हल्ला मचा। मामले में शिकायत के बाद एसओ का कहना है कि पेड़ गिरने की आशंका थी। पड़ोसियों ने शिकायत की थी इसलिए पेड़ कटवा दिए। मामले की जांच सीओ करेंगे।

## एक जून से की जाएगी टीकाकरण की शुरुआत

**लखीमपुर खीरी।** बरसात में पशुओं में गलाघोटू जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। इस बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए टीकाकरण की तैयारी पशुपालन विभाग ने कर ली है। एक जून से टीकाकरण की शुरुआत की जाएगी। बैक्सीन की डिमांड की गई है। गलाघोटू बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण का काम अगस्त तक पूरा किया जाना है।मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.सोमदेव चौहान ने बताया कि पशुओं को बीमारी से बचाव के एक जून से टीकाकरण की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने बताया कि गलाघोटू बीमारी से बचाव के लिए 10 लाख 44 हजार वेक्सीन डोज की डिमांड की गई है। वैक्सीन दो-चार दिनों में आ जाएगी। बैक्सीन आते ही इसको सभी पशु अस्पतालों को भेज दिया जाएगा। टीकाकरण के लिए टीमें पहले से ही गठित हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सोमदेव चौहान ने बताया कि जब भी टीम गांव में टीकाकरण के लिए पहुंचे तो अपने सभी पशुओं को टीका जरूर लगवाएं जिससे पशुओं को बीमारी से बचाया जा सके।

## जिलाधिकारी की प्रेरणा से कृषकों में बढ रहा नेपियर घास का क्रेज



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने तहसील नकुड क्षेत्र के ग्राम कम्हेडा में कृषक विजयपाल सिंह द्वारा उगाई जा रही नेपियर घास को देखा एवं गाडी रूकवाकर कृषक के पास खेत में जा पंहुचे। उन्होने कृषक से वार्ता करते हुए खुशी जाहिर करते हुए उन्हे नेपियर घास के अच्छे उत्पादन एवं नेपियर घास के बीज की निःशुल्क उपलब्धता कराने के लिए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने कृषक विजयपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनपद के अन्य कृषकों को इनसे प्रेरणा लेकर अधिक से अधिक नेपियर घास की बुवाई करनी चाहिए क्योंकि नेपियर घास पशुओं के लिए बेहद ही लाभप्रद है। उन्होंने कहा कि नेपियर घास का उत्पादन वर्ष भर किया जा सकता है। इसके फायदे बताते हुए उन्होने कहा कि नेपियर घास का उत्पादन हरे चारे की निरंतर उपलब्धता के लिए आत्मनिर्भरता, विशेष रूप से पूरे वर्ष निराश्रित एवं आश्रित पशुओं के पौष्टिक आहार के रूप में बेहतर विकल्प है। ये एक पौष्टिक चारा है जोकि न केवल खाद्यान्न आवश्यकता को पूर्ण करेगा बल्कि गौवशों को स्वस्थ रखने में मदद करेगा। नेपियर घास का उपयोग बायो एनर्जी के रूप में भी किया जा सकता हैं।

जिलाधिकारी द्वारा की गई अपील का असर जनपदभर में दिखाई दे रहा है। उनकी प्रेरणा से जनपद की सभी तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्रामों मेंकृषकों द्वारा नेपियर घास का रोपण किया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र के प्रयासों से कृषक बंधुओ द्वारा जनपद में काफी मात्रा में उत्पादन किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा पिछले कई वर्षों से निराश्रित गोवंश को हरा चारा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत नेपियर घास के उत्पादन हेतु अभिनव कार्य किया जा रहा है। इनके प्रयासों से जनपद में नेपियर घास के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अयोध्या में मंदिर का विरोध करने वाले कांग्रेसी इटली में ही बनवा दें श्रीराम और हनुमान मंदिर: योगी

अवधनामा संवाददाता



- मुख्यमंत्री ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार उज्ज्वल निकम के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित
- इंडी गठबंधन पर बरसे, बोले- आपका वोट कांग्रेस के अंदर घुसी औरंगजेब की आत्मा को समाप्त करेगा'
- कसाब जैसे कसाई का महिमा मंडन करती है कांग्रेस
- निकम जैसे लोग न्यायपालिका से जुड़ते हैं तो आतंकियों के पैर कांपते हैं

**लखनऊ।** नए अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन गया तो कांग्रेसियों को चिढ़ हो रही है। उत्तर प्रदेश में यह कहते हैं कि राम मंदिर बेकार बना। राम मंदिर भारत में नहीं बनना चाहिए था। मैंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में जन्मभूमि पर राम मंदिर बनाना था, हमने बना दिया है। कांग्रेसियों से कह रहा हूं कि आपके पास मौका है, आप भी इटली में राम मंदिर बनवा दीजिए।

यदि राम मंदिर से चिढ़ है तो बजरंग बली का ही मंदिर बनवा दीजिए। कांग्रेस नेता कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो राम मंदिर को धुलवाएंगे। मुझे पता है कि भगवान कांग्रेसियों को सद्बुद्धि नहीं देंगे। रामलला और भारत के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करने वालों को राम ने इस लायक ही नहीं छोड़ा कि वे सत्ता में आएंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व नामचीन अधिवक्ता उज्ज्वल निकम के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह चुनाव रामभक्त व रामद्रोहियों के बीच सिमट गया है। राष्ट्रभक्त ही रामभक्त है और रामभक्त ही राष्ट्रभक्त है। भाजपा ने इस सीट से राष्ट्रभक्त को मैदान में उतारा है। मुंबई में हुए हमले में हेमंत करकरे, मुंबई एटीएस के बहादुर अधिकारियों समेत सैकड़ों लोग शहीद हुए थे। आज कांग्रेस बेशर्मी से उन बहादुर अधिकारियों की शहादत पर प्रश्न खड़ा कर कसाब जैसे कसाई को महिमा मंडित कर रही है, लेकिन हमारे प्रत्याशी उज्ज्वल निकम ने उसे फांसी के फंदे तक पहुंचाने का कार्य किया था। ऐसे ब्रिलियंट प्रॉक्सीक्यूटर भारतीय न्यायपालिका से जुड़ते हैं तो न्यायपालिका का गौरव बढ़ता है और माफिया-आतंकियों के पैर कांपते हैं। इन्हें कर्मों की सजा मिलती है। मुंबई हमले के गुनाहगारों को उचित सजा, भारत मां के सपूतों और मुंबई को न्याय दिलाने वाले उज्ज्वल निकम ने जान जोखिम में डालकर अपराधियों, माफिया और देशद्रोहियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी थी, जिससे दोबारा कोई मुंबई पर हमला करने का दुस्साहस नहीं कर पाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामभक्त-राष्ट्रभक्त ही विकास व सुरक्षा करेगा। उज्ज्वल निकम मोदी की गारंटी को 100 फीसदी जमीनी धरातल पर उतारने के लिए विकास की पैरवी करेंगे। कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। कमल पर पड़ा हर वोट इसे समाप्त करने और तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर, काशी में विश्वनाथ धाम बन गया है। अब कृष्ण कन्हैया के मथुरा की बारी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत सुरक्षित है। विरासत, विकास के साथ गरीब कल्याणकारी योजनाओं को भी बढ़ा रहा है। कांग्रेस सरकार से जब कहा जाता था कि आतंकी हमले कर रहे हैं तो वे कहते थे कि आतंकी सीमा पार के हैं। अब पटाखे फूटने पर पाकिस्तान सफाई देता है कि हमारा हाथ नहीं है। उसे पता ही नहीं है कि यह दीपावली पर पटाखे और आतिशबाजी हो रही है। पाकिस्तान को पता है कि नया भारत छेड़ता नहीं है, लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अबकी बार-400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार का उत्साह उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, उड़ीसा, असम, प. बंगाल, बिहार, कर्नाटक में है, वही महाराष्ट्र में भी दिख रहा है। जब हम लोग यह नारा लगाते हैं तो कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नीचे की जमीन खिसक जाती है।

## सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ सम्पन्न



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के तत्वावधान में श्री हनुमान मन्दिर नवीन गल्ला मंडी जालौन में हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ सम्पन्न हुआ। पुजारी प्रदीप चौबे द्वारा हनुमानजी महाराज के पूजन के उपरांत सामूहिक हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ किया गया। तदुपरांत श्री हनुमान जी महाराज की आरती की गई व पुष्प अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरित किया गया। सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ में नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा राष्ट्रीय महामंत्री त्रिलोकी नाथ गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधकिशोर त्रिवेदी प्रदेश मंत्री इन्द्रजीत सिंह गुर्जर निक्कू जिलाध्यक्ष सत्यनारायण मिश्रा प्रदेश संयुक्त मंत्री मिथलेश मिश्रा के सी पाटकार अतुल द्विवेदी सुशील कुमार बाजपेयी संतोष सोनी, सोहन लाल गुप्ता रामकृपाल पांचाल चंद्रप्रकाश सोनी रविशंकर पाटकार संजय तिवारी तरुण सक्सेना हर्ष तिवारी चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव राहुल यादव रामेश्वर दयाल विश्वकर्मा दीपेंद्र सिंह सेंगर योगेश चौबे सहित संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## 2500 से लेकर 3000 लोगों को पावंद किया गया

**उरई (जालौन)।** पाबंद लोग जमानत में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जालौन मे 857, कुठौद में 528, सिरसा से 558 लोगों ने ही जमानत करायी है। चुनाव शांतिपूर्ण तथा सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे क्षेत्र के कुछ लोगों को जिन पर उन्हें चुनाव के दौरान अराजकता फैलाने का संदेह है उन्हें पाबंद किया जाता है, इस बार भी लोकसभा चुनाव में पुलिस द्वारा लोगों को संदेह के चलते पाबंद किया है। उतने लोगों ने कोर्ट में आकर अपनी अपनी जमानत नहीं कराई। जालौन कोतवाली का आंकड़ा लिया जाए तो यहां पुलिस कार्यालय की सूचना के तहत लगभग 2500 से लेकर 3000 लोगों को पावंद किया गया जिसमें लगमभ 857 लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इसी प्रकार कुठौंद क्षेत्र के 528 लोगों ने तथा सिरसा थाना क्षेत्र के 558 लोगों ने तहसील जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर चुनाव में कोई भी अराजकता न फैलाने के लिए सहमति दी है।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी एक युवक की मौत शनिवार को टीनशेड में काम करने के दौरान विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। तसल्ली के लिए आनन फानन में स्थानीय लोगों ने सीएचसी हाटा ले गए जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने मृत्य घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी राहुल विश्वकर्मा पुत्र जवाहिर विश्वकर्मा उम्र 18 वर्ष मजदूरी का काम करता था। वह शनिवार को ढांढा एक व्यक्ति के घर टीनशेड पर कार्य कर रहा था कि इसी बीच टीनशेड में विद्युत करंट उतर गया और राहुल इसके चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों द्वारा आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा ले गए जहां चिकित्सकों ने जांचोंप्रांत मृत्यु घोषित कर दिया। इसकी जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की सूचना पर हाटा विधायक मोहन वर्मा ने अस्पताल में जाकर घटना की जानकारी लिए और अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए सहायता दिलाने की बात कहे।

## टेंडर पाम हॉस्पिटल में न्यूरो मेगा कैंप का आयोजन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** टेंडर पाम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा कल न्यूरो साइंसेज मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लकवा, सर दर्द, मिर्गी, ब्रेन या स्पाइन टीबी तथा मनोरोगों आदि का निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। साथ ही न्यूरोपैथी स्क्रीनिंग, ब्लड व शुगर टेस्ट की सुविधा भी निशुल्क मरीजों को मिलेगी। विश्व स्तरीय न्यूरो साइंसेज की टीम में डॉक्टर रेहान रशीद, डॉ. वी के अग्रहरि, डॉ. धवल नारंग, डॉक्टर सुरजीत सिंह एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकित सिंह, प्रज्ञा पुष्करणा शामिल है। कैंप में मरीजों को दवाइयां पर 10 प्रतिशत पैथोलॉजी जांचों पर 30 प्रतिशत तथा रेडियोलॉजी में 50 प्रतिशत छूट भी दी जा रही है. कैंप सुबह 10 से शाम 5 बजे तक टेंडर पाम अस्पताल परिसर निकट इकाना स्टेडियम सेक्टर 7 अमर शहीद पथ गोमती नगर में लग रहा है।

## मतदाता जागरूकता रैली निकालकर किया जागरूक

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत बुदहट टोला विशुनपुरा में स्थित जी पी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चो ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगो को मतदान करने की अपील किया। मतदाता जागरूकता रैली प्राथमिक विद्यालय हरपुर बुदहट से निकाली गई। जो अनंतपुर चौराहे तक गई। रैली को पंचायती राज सलाहकार / प्रधान मदन मुरारी गुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। तथा बच्चो को मिष्ठान भी कराए। शिक्षक और बच्चे ने लोगो से अपील करते हुए कहा की लोकतंत्र में एक एक मत का महत्व होता है। एक मत से सरकार बनती बिगड़ती है। हर नागरिक का एक मत लोकतंत्र को मजबूती देगा। इसलिए 1 जून को लोकसभा का होने वाले चुनाव में मतदान जरूर करे और लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करे। इस दौरान प्रबंधक आनंद दुबे, प्रधानाचार्य राधे मोहन पांडेय,शिक्षक विकास शुक्ल,उपमा अग्रवाल,नेहा यादव, इरम फातमा मौजूद थे।

## कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटसहरा बाजार। स्थित देशी शराब के दुकान के पास कच्ची शराब बेचते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। तथा उसके आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से उपनिरीक्षक प्रवीन कुमार कश्यप कास्टेबोल विजय कुमार को जानकारी मिली की एक व्यक्ति कटसहरा देशी शराब के दुकान के पास कच्ची शरद बेच रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया और 18 पाउच कच्ची शराब बरामद किया । जिसकी पहचान कौशलेस पांडेय पुत्र सिद्धनाथ पांडेय निवासी नगरी, थाना चारफोबारी जिला भोजपुरी आरा बिहार के रूप में हुई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर मुचलके पर छोड़ दिया।

## फोन पर जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के भेऊसा निवासी अंकित दुबे पुत्र मृत्युंजय दुबे के फोन पर वृहस्पतिवार को रात्रि में 11 बाज के करीब एक अंजान नंबर से फोन आया की प्रधान प्रतिनिधि व्यासमुनि का काम क्यों रोक रखे हो। इसके बाद गांव के एक और व्यक्ति के नंबर पर फोन आया की कोर्ट का फैसला आने वाला है। समझौता कर लो। और गाली गलौज करते हुए हत्या कर देने की धमकी देने लगा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर के खिलाफ गाली गलौज,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# देवरिया व सलेमपुर में भाजपा व इंडिया गठबंधन के बीच सीधी टक्कर

अवधनामा संवाददाता

- देवरिया में तीन बार से भाजपा बदल रही प्रत्याशी, जबकि सलेमपुर में एक ही व्यक्ति पर भरोसा

**देवरिया।** जनपद के देवरिया व सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार भाजपा व गठबंधन प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर के आसार हैं। हालांकि इन दोनों क्षेत्रों में बसपा के पैतरे से इंडिया गठबंधन को नुकसान होने की पूरी संभावना है। अब पर्चा दाखिला के बाद सभी दलों के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव कोशिश तेज कर दिए हैं। वहीं सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशी व उनके समर्थक अपने जीत का दावा कर रहे हैं। फिलहाल देखना ये है कि इन दोनों सीटों पर जनता किसके पक्ष में फैसला देती है।

बता दें कि देवरिया लोकसभा क्षेत्र से सत्तारूढ़ भाजपा लगातार तीन बार से हर चुनाव में अपना प्रत्याशी बदल रही है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने यहां से पूर्व मंत्री कलराज मिश्र को चुनाव मैदान में उतारा था।वे चुनाव जीत भी गए।फिर 2019 के चुनाव में भी भाजपा ने यहां से अपना प्रत्याशी बदल दिया।उस समय रमापति राम त्रिपाठी को बीजेपी ने उम्मीदवार बनाया था।वे भी कमल खिलाने में कामयाब रहे।इस बार भी भाजपा ने नए प्रत्याशी पर भरोसा किया है।इस बार कमल खिलाने की जिम्मेदारी शशांक मणि त्रिपाठी को दिया गया है।वहीं इंडिया गठ्बंधन के तहत यह सीट कांग्रेस के खाते में गई है।कांग्रेस ने यहां से पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने जिला पंचायत सदस्य सन्देश यादव को मैदान में उतारा है। इसी प्रकार सलेमपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने लगातार तीसरी बार रविन्द्र कुशवाहा को टिकट दिया है। जबकि इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने पूर्व सांसद रमाशंकर विद्यार्थी को मैदान में उतारा है।जबकि बसपा ने पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को टिकट दिया है।दिलचस्प बात यह है कि देवरिया सीट से भाजपा जहां लगातार तीन बार से अपना प्रत्याशी बदल रही है, वहीं सलेमपुर में लगातार तीन बार से भाजपा एक ही उम्मीदवार को मैदान में उतारती रही है।देवरिया और सलेमपुर की दोनों सीटों पर इस चुनाव में भाजपा व इंडिया गठबंधन के बीच सीधी टक्कर देखी जा रही है।देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी भाजपा की सीट को बरकरार रखने की पूरी कोशिश में लगे हुए हैं।उनके व उनके समर्थकों द्वारा भारी मतों से चुनाव जीतने की दावा किया जा रहा है।जबकि कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह का कहना है कि पूरे देश में मोदी के खिलाफ परिवर्तन की धारा बह रही है।इसका असर देवरिया में भी पड़ेगा।कांग्रेस प्रत्याशी श्री सिंह का दावा है कि जनता इस बार उन्हें मौका देगी।

## आईओसी चेयरमैन ने किया एएमयू का दौरा

**अलीगढ़।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अध्यक्ष श्रीकांत माधव वैद्य ने आज अपनी टीम के साथ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने चयन समिति सभागार में एएमयू कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून के साथ एक बैठक भी की। कुलपति ने आईओसी अध्यक्ष का स्वागत किया और एएमयू की समृद्ध विरासत और उत्कृष्टता संस्थान के रूप में इसकी स्थिति का अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका और आमजन के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सीएसआर गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए आईओसी की सराहना की। बैठक में एएमयू छात्रों और भारतीय युवाओं के विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए आईओसी और एएमयू के बीच संभावित सहयोग का पता लगाने के लिए भी चर्चा की। जेएन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, हरित पहल और 'राष्ट्र प्रथम' पर जोर देते हुए बुनियादी मूल्यों को एकीकृत करने पर भी चर्चा हुई।

# 19 मई को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पांचवे चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 173 लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन हेतु 20 मई, 2024 को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए 19 मई 2024 (रविवार) को मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी,इसके लिए पाँचवे चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पांचवे चरण में प्रदेश की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 34 मोहनलालगंज (अ0जा0), 35 लखनऊ, 36-रायबरेली, 37-अमेठी, 45-जालौन (अ0जा0) 46 झांसी 47 हमीरपुर 48 बांदा 49 फतेहपुर 50 कौशाम्बी (अ0जा0) 53 बाराबंकी (अ0जा0) 54 फैजाबाद 57 कैसरगंज 59 गोण्डा लोकसभा सीट प्रदेश के 21 जनपद लखनऊ, सीतापुर,रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर,जालौन, झांसी,कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बहराइच तथा बलरामपुर में आते हैं। 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ जनपद में आता है। उन्होंने बताया कि पांचवे चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी जायेगी,

# किसान के खाते में आए 99 अरब 99 करोड़ रूपए

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक किसान के खाते में 99 अरब 99 करोड़ रुपए आ गए, और खाते का बैलेंस देख बैंक अधिकारीयो के होश उड़ गए। जानकारी के अनुसार अर्जुनपुर गांव निवासी भानु प्रकाश बिंद जो पेशे से किसान हैं और खेती बाड़ी के लिए सुरियांवा स्थित बैंक आफ बड़ौदा की ग्रामीण बैंक से केसीसी लोन भी ले रखा था,काफी दिनों से लोन न जमा कर पाने के कारण उनका खाता एनपीए भी हो गया था, लेकिन बृहस्पतिवार को अचानक उनका लोन खाता चेक कर रहे शाखा प्रबंधक ने जब बैलेंस देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि भानु प्रकाश बिंद के लोन खाते की धनराशि 99,99,94,95,999 रूपए हैं जिसकी सूचना खाता धारक को दी गई। खाते में इतना पैसा होने की जानकारी मिलते ही भानु प्रकाश बिंद भागते हुए बैंक पहुंचे तब तक बैंक अधिकारी इस बात की जांच करने में जुटे थे कि आखिर इतना पैसा कहां से आया, हालांकि काफी जांच पड़ताल के बाद पता चला कि यह पैसा तकनीकि खराबी के कारण आया है। फिलहाल शाखा प्रबंधक आशीष तिवारी द्वारा खाते में होल्ड लगा दिया गया। बैंक मैनेजर आशीष तिवारी ने बताया कि एनपीए खाते में कुछ तकनीकि खराबी के कारण ऐसा हुआ है फिलहाल खाते में होल्ड लगा दिया गया है।

# हांफते हुए 29 सीढ़ियों को चढ़ बैंक में पहुंचते है बुजुर्ग खाताधारक

अवधनामा संवाददाता



- सेंट्रल बैंक शाखा कसया का मामला, पार्किंग का भी अभाव
- पार्किंग को लेकर दुकानदारों से होती कहासुनी

**कसया, कुशीनगर।** कसया के सेंट्रल बैंक शाखा फस्ट फ्लोर पर होने के कारण बुजुर्ग व दिव्यांग खाताधारक हांफते हुए प्रतिदिन 29 सीढियों को चढ़कर बैंक पहुंचते हैं। इससे खाताधारकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खाताधारकों समेत बैंक कर्मचारियों को सीढ़ियों को चढ़ना व उतरना मजबूरी बनी हुई है। वहीं बैंक के सामने पार्किंग नहीं होने के कारण चार पहिया वाहन को कौन कहें दो पहिया वाहन व साइकिल को भी खड़ा करने को लेकर दुकानदारों से खाताधारकों को बकझक करना पड़ता है। इसे लेकर खाताधारकों में बैंक के जिम्मेदारों के प्रति आक्रोश है।

जनपद के कसया में दशकों से सेंट्रल बैंक की एक शाखा संचालित होता है। इसमें करीब 15 हजार से अधिक खाताधारक लेनदेन करते हैं। इनमें पेंशनरों की संख्या अधिक है। सेंट्रल बैंक पहले मेन रोड पर किराए के मकान में संचालित होता था, वर्ष 2013 में इस बैंक शाखा को रामकोला स्थित एक किराए के मकान में फस्ट फ्लोर पर शिफ्ट कर दिया गया। उस समय खाताधारकों ने इसका विरोध किया था, लेकिन बैंक के जिम्मेदारों ने उसे अनसुना कर दिया। बैंक में लेनदेन करने वाले बुजुर्ग व दिव्यांग खाताधारकों के अलावा सभी खाताधारकों व कर्मचारियों को बैंक शाखा में पहुंचने में 29 सीढियों को चढ़ना व उतरना पड़ता है। सामान्य व्यक्ति को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती, लेकिन बुजुर्ग व दिव्यांगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

वरिष्ठ खाताधारक व पेंशनर गुलाबी देवी, मंगल दुबे, भकोली, अरविंद चतुर्वेदी, रामायण, बच्चन आदि ने बताया कि पेंशन निकालने समेत अन्य जरूरी काम से बैंक में पहुंचने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं बैंक के सीढी के सामने थोड़ी सी जगह में दो बाइक के लगने से रास्ता प्रभावित होने लगता है। वहीं आसपास के दुकानों के सामने बाइक व साइकिल लगाने पर खाताधारकों को दुकानदारों से बकझक करनी पड़ती है।

इस संबंध में शाखा प्रबंधक कसया रामजी ने बताया कि बैंक पहले से ऊपर संचालित होता है। अभी नया आया हूं। दिव्यांग व ज्यादा बुजुर्ग खाताधारक की सहूलियत को लेकर कर्मचारी को नीचे भेज दिया जाता है। पार्किंग की सुविधा सड़क ही है।

# वर्तमान सरकार में सहकारिता क्षेत्र को मिली नई पहचान : डॉ प्रवीण सिंह

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड आटा द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन उपस्थित रहे। जिला सहकारी केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सहकारी समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुएडॉ प्रवीण ने कहा कि वर्तमान सरकार में सहकारिता क्षेत्र को नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गौरव की बात है की उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को सहकारिता क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान सहकारिता रत्न दिया जा रहा है।यह न सिर्फ हम सभी के लिए अपितु सहकारिता आंदोलन को गति प्रदान कर रहे समस्त कार्यकर्ताओं के लिए गौरव की बात है।

बीते कुछ दिनों पहले सरकार द्वारा प्राथमिक सहकारी समितियां में चलाए गए विशेष सदस्यता अभियान में उत्तर प्रदेश ने खास उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए,आने वाली 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए सभी से आग्रह कर अन्य जनों को भी प्रेरित करने के लिए कहा। साथ ही डॉ प्रवीण ने बताया कि चाहे चुनाव सहकारिता क्षेत्र का हो या फिर लोकसभा का हमें अपनी जिम्मेदारी पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाई चाहिए तभी हम एक अच्छे और सच्चे प्रतिनिधि को चुनकर अपनी सहकारी समितियां एवं अपने लोकसभा क्षेत्र का विकास व उत्थान कर सकते हैं। जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि जालौन के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का फर्ज है इसे हमें पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।

कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सहकारी समिति की उपलब्धियां के बारे में सहकारी समिति के सचिव मनीष तिवारी ने जानकारी दी।

# संभावित टीबी मरीजों की जांच दर बढ़ाएं, अधिकाधिक लोगों की कराएं जांच

अवधनामा संवाददाता



- जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की हुई समीक्षा
- टीबी उन्मूलन के लिए निरंतर नये मरीजों को खोज कर इलाज की सुविधा से जोड़ने पर जोर

**गोरखपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में खासतौर से चर्चा हुई । जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा की अध्यक्षता में यह बैठक विकास भवन सभागार में शुक्रवार को देर शाम तक चली । इस दौरान परिवार नियोजन, मातृ शिशु स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण और आयुष्मान भारत योजना समेत विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में आए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से कहा गया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने के लिए संभावित टीबी मरीजों की जांच दर बढ़ाएं। इसके लिए लक्षण वाले अधिकाधिक मरीजों की जांच कराएं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि सभी चिकित्सा अधिकारियों से अपनी ओपीडी के कुल मरीजों के पांच से दस फीसदी लक्षण वाले संभावित टीबी मरीजों की जांच कराने को कहा गया है। उन्हें निर्देश दिया गया कि छाया ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस (छाया वीएचएसएनडी) के सत्रों पर आने वाले संभावित टीबी मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजने के लिए आशा कार्यकर्ता को प्रेरित करें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम को बाल टीबी मरीजों को खोजने और इलाज से जोड़ने के लिए निरंतर प्रेरित करें। जिले में सी नाइंटिन की टीम जगह जगह पोर्टेबल एक्स रे मशीन से भी नये मरीज खोजने में जुटी हुई है। उस टीम का भी सभी को सहयोग करना है। इससे पूर्व जिला क्षय अधिकारी डॉ गणेश यादव ने जिले में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की स्थिति पर प्रकाश डाला और बताया कि हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में संभावित टीबी मरीजों की जांच दर एक प्रमुख घटक भी है। जिले में जनवरी से अभी तक टीबी के नये 5717 मरीज खोजे गये हैं। इस समय 325 ड्रग रेसिस्टेंट टीबी मरीज, जबकि 8978 ड्रग सेंसिटिव टीबी मरीज इलाज पर हैं । जो भी नये टीबी मरीज मिलते हैं उनके निकट संपर्कियों की भी टीबी स्क्रिनिंग व जांच अनिवार्य है। अगर निकट सम्पर्की में टीबी नहीं मिलती है तब भी छह माह तक बचाव की दवा खानी होती है। बैठक के दौरान डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, यूएनडीपी और सीफार के प्रतिनिधिगण ने भी अपनी प्रस्तुतियों के जरिये फीडबैक दिया। इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वीपी पांडेय, एसीएमओ डॉ एके चौधरी, डॉ नंदलाल कुशवाहा, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्विनी चौरसिया सीडीपीओ सौरभ कुमार त्रिपाठी, डीएमओ अंगद सिंह, डीडीएचईआईओ सुनीता पटेल, जेई एईस कंसल्टेंट सिद्धेश्वरी सिंह, डीडीएम पवन गुप्ता, मैटनरल हेल्थ कंसल्टेंट डॉ सूर्य प्रकाश, विजय कुमार श्रीवास्तव, क्वालिटी मैनेजर डॉ मुकुल, डॉ कमलेश, पीपीएम समन्वयक एएन मिश्रा, मिर्जा आफताब बेग और आदिल फखर प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

### ये अहम निर्देश भी दिये गये

नियमित टीकाकरण के लाभार्थियों के लिए लाभार्थी भी ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकता है। इसके लिए पर्याप्त प्रचार प्रसार करें। लक्ष्य के सापेक्ष गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल हो। जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में बीमार बच्चों को लाने के लिए प्रेरित करें। शत फीसदी संस्थागत प्रसव का आधार वेरिफिकेशन किया जाए और शत फीसदी बच्चों को वर्थ डोज टीका लगाया जाए। मातृ और शिशु मृत्यु के मामले रिपोर्ट हों ताकि समय से उनकी डेथ ऑडिट कराई जा सके। छाया वीएचएसएनडी पर समस्त उपकरणों और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। गर्भवती और किशोरियों के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच अनिवार्य तौर पर हो। नियमित टीकाकरण की ड्यू लिस्ट सावधानी के साथ बनाएं और अगर टीकाकरण से वंचित कोई बच्चा मिलता है तो प्राथमिकता के साथ उसे टीका लगवाएं। टीकाकरण के प्रति उदासीन परिवारों को प्रेरित करें और उन्हें टीके का महत्व बता कर टीका लगवाएं। उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली माताओं की पहचान करें और उन्हें उचित देखभाल व प्रबंधन प्रदान करें। अल्ट्रासाउंड की सेवा ई रुपी बाउचर के जरिये प्रदान करें। पुरुष नसबंदी समेत परिवार नियोजन के साधनों के प्रति परामर्श देकर लाभार्थी को मनपसंद साधन अपनाने के लिए प्रेरित करें।

# भाजपा सरकार ने युवाओं को दिया धोखा: अखिलेश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार दोपहर मिल्कीपुर पहुंचे। उन्होंने इनायत नगर मिल्कीपुर क्षेत्र के पांच नंबर चौराहा स्थित मैदान में जनसभा की। यह उनकी तीन दिन में दूसरी जनसभा है। जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वो लोगों की जान ले रही है। लोगों को हार्ट अटैक पड़ रहे हैं। अब वैक्सीन बनाने वाली कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे। शरीर में जो वैक्सीन चली गई, उसे कैसे वापस लिया जा सकता है। पेपर लीक नहीं हुए, सरकार ने कराए हैं। कहीं, नौजवानों को नौकरी देनी न पड़ जाए। यह सरकार जानती है, अगर सरकारी नौकरी देंगे तो आरक्षण देना पड़ेगा। पीडीए की सरकार आई तो नौजवानों को उनका हक देंगे। आज नौजवानों के सामने कोई नौकरी का रास्ता नहीं बचा।



जब कभी नौकरी की परीक्षा हुई तो पेपर लीक हो गया। भाजपा ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे। किसी किसान की आय बढ़ी क्या? इन्होंने केवल महंगाई बढ़ाई और खाद की बोरी से 10 किलो की चोरी की। बड़े-बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर भाग गए थे। इस सरकार में परीक्षाएं रद्द हुईं। इस बार आंसुओं का पानी खतरे के निशान ऊपर बह रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार जो देश का चुनाव होने जा रहा है, ये हमारे आपके भविष्य का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो संविधान बदलना चाहते हैं। चार चरणों के वोट पड़े हैं, उसमें बीजेपी चारों खाने चित्त है। आपने देखा होगा, अब तो आंसुओं की नदी बहने लगी है। हम किसान भाइयों से कह के जा रहे हैं कि किसानों का पूरा का पूरा कर्जा माफ करेंगे। समाजवादी पार्टी ने तय किया है कि राशन की गुणवत्ता बढ़ाएंगे। गरीबों को आटा के साथ डाटा फ्री देने का काम करेंगे। मैंने एम्बुलेंस की सुविधा दी थी, आज एंबुलेंस खराब हो गई है। उन्होंने कहा मैंने जनता की सुविधा के लिए 100 नंबर पुलिस चलाया।

# पूर्व विधायक खब्बू तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में झोकी पूरी ताकत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विधानसभा अयोध्या, विधानसभा बीकापुर में दर्जनों जगह जन चौपाल, सभाएं करके लल्लू सिंह के पक्ष में वोट करने की कर रहे है अपील।अयोध्या विधानसभा के विकासखंड पूरा बाजार में ग्राम सभा पुनहद, पुरसाऐ, रसूलाबाद, ऐमी आलापुर सहित दर्जनों ग्राम सभा में किया जन चौपाल विधानसभा बीकापुर के विकास खंड बीकापुर कई गांव में किया जन चौपाल उसके बाद ग्रामसभा उमरपुर मे आयोजित विजय संकल्प रैली मैं बतौर मुख्य अतिथि पहुंच कर हजारों की संख्या में उत्साहित नौजवानों ने किया स्वागत 3 घंटा विलंब से पहुंचने के बाद भी हजारों की संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को समर्थन देने का विश्वास दिलाया उपस्थित विजय संकल्प रैली में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी ने कहा भाजपा की जीत सनातन की जीत किसन की जीत है नौजवानों की जीत है सर्व समाज की जीत है और प्रभु श्री राम को मानने वालों की जीत है संकल्प रैली में हजारों लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा प्रत्याशी को जीतने का संकल्प लिया उक्त अवसर पर बीकापुर ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा, अधिवक्ता हरिशंकर तिवारी, प्रधान बलराम दूबे, मनीष पांडेय प्रधान, मानस मणि, शरद तिवारी, राम लखन पांडेय, रोहित मौर्या, मिस्टर सिंह, चिट्टू सिंह, रिंकू श्रीवास्तव, अज्जू तिवारी, अनुपम मिश्रा, राजा पांडेय, सोनू सिंह प्रधान, विनोद पांडेय सभासद, वरुण चौधरी, घेराऊ निषाद, रमेश वर्मा, शेषमणी तिवारी, दिनेश मिश्रा, कमलेश तिवारी, शिव नारायण, हरिराम विश्वकर्मा, कारिया वर्मा बजरंगी दास, रघुवेंद्र तिवारी, प्रधान रामनलाल, पूर्व प्रधान मो सलीम, प्रधान रामजीत निषाद, प्रधान लल्लन दूबे, प्रधान लल्लन भारती, प्रधान



राकेश पासी, रमेश तिवारी प्रधान, राकेश उदयराज तिवारी, प्रदीप तिवारी, राम अजोर अर्जुन प्रसाद संजय तिवारी, राम लगन गौड हितलाल कोरी, मुन्नी लाल कोरी, पूजा गौंड, गायत्री, कमलेशा, राम प्रगट तिवारी, अंकित पांडेय सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक रास्ते पर स्थाई निर्माण को लेकर पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से की शिकायत

**अयोध्या।** शासन द्वारा सरकारी जमीनों से अवैध अतिक्रमण हटाने का पूर्व से ही आदेश जारी है। लेकिन कुछ दबंगों के द्वारा अब भी सरकारी जमीनों व मार्गो पर अवैध निर्माण किया जा रहा है आपको बताते चले कि कोतवाली नगर के अंतर्गत हांसापुर निवासी डॉक्टर अनिल कुमार पांडेय ने एक शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी महोदय को दिया है शिकायती पत्र में कहा गया है कि बद्री उपाध्याय द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर स्थाई निर्माण कर मार्ग को अवरुद्ध किया जा रहा है उन्होंने बताया कि बद्री उपाध्याय चांदपुर हरिवंश लिम्का फैक्ट्री के सामने से हांसापुर जाने वाले मार्ग से आर वी एकेडमी के सामने के मार्ग को थोड़ा-थोड़ा बढ़कर स्थाई निर्माण करके मार्ग को अवरुद्ध करते जा रहे हैं।

## सेवानिवृत महिला चिकित्सक को नहीं मिल रही पेंशन राशि

**अयोध्या।** जिला कोषागार कार्यालय में विगत 20वर्षो से जमे लिपिक प्रदीप कुमार के ऊपर पेंशन धारकों से सुविधा शुल्क लेकर पेंशन निकलने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कार्यवाही करने की मांग की है। बताते चले कि अयोध्या जनपद स्थित कार्यालय अपर निदेशक कोषागार विभाग में लेखाकार के पद पर तैनात प्रदीप कुमार को लेकर तमाम सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी पेंशन निकालने को लेकर लेखाकार के ऊपर घूस मंगाने का आरोप लगाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी से कार्यवाही करने का आग्रह किया हैं। दिए गए पत्र के अनुसार चिकित्सा एवं सामुदायिक स्वास्थ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. अनिल पांडेय ने वर्ष 2013 में तत्कालीन कोषागार अधिकारी से इसकी लिखित शिकायत कर कार्यावाही की मांग किया था। जिसमे उन्होंने अपने एक सेवानिवृत महिला चिकित्सक डॉ. रंजना गौड़ जो कि जनपद के मया सीएचसी अंतर्गत महाबूबगंज में वर्ष 2014 को सेवानिवृत हुई।

## अब मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने की तैयारी में जुटी भाजपा

**बाराबंकी।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी जिला कार्यालय पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा की मौजूदगी में मतदान के दिन की तैयारियों की समीक्षा की।

बाराबंकी में बड़े अंतर से भाजपा की जीत की हैट्रिक लगाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव के दिन मतदाताओं को घर से बूथ तक लाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए टिप्स दिए। कहा मतदान प्रतिशत जितना अधिक बढ़ेगा भाजपा की जीत उतनी बड़ी होगी। कहा कि भाजपा के नेता व कार्यकर्ता लगातार जनता के सुख-दुख में शामिल रहते हैं। भाजपा के नेता जनता जनार्दन के बीच हमेशा सक्रिय रहता है जबकि विपक्ष के नेता सीजनल है और केवल चुनाव के समय ही दिखाई पड़ते है। जनता सब समझती है। कहा भाजपा की जीत में कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहेगा। इसके लिए मतदान की पूर्व संध्या पर कार्यकर्ता अपने गांव, बाजारों और शहरों में स्थित हर घर तक जाकर मतदाता पर्ची पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही लोगों से अपील करेंगे कि वे मतदान केंद्र तक जाएं और वोट अवश्य दें। कहा मतदान के दिन सुबह जल्दी उठकर फोन पर अपने परिचितों से वोट डालने की अपील करनी है। सपरिवार वोट डालने जाना है। वोट डालने के बाद मतदान केंद्र पर सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। कहा कि मोदी सरकार के विगत दस वर्षो के विकास कार्य और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के दम पर भाजपा इस बार 400 पार नारे को साकार करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष सहित विभिन्न प्रकार के जनप्रतिनिधियों संग चुनाव की चर्चा की। इस अवसर पर सांसद उपेंद्र रावत, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, संजय तिवारी, आलोक तिवारी, गुलाब रावत, अमरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## मोबाइल संवाद, रैली तथा घर घर जा किया मतदाता को जागरूक

**बाराबंकी।** जिला दिव्यांग मतदाता आईकॉन ने टेलीकॉलिंग मतदाता जागरूकता अभियान चलाया था जो आज संपन्न हुआ। इस अभियान को पटेल के नेतृत्व में बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट की टीम ने पूर्ण किया।

आइकॉन नागेश पटेल ने बताया कि टीम में चांदनी वर्मा, सर्वेश कुमार, राकेश कुमार, ज्योति वर्मा, रुचि वर्मा, रोली देवी, अरुण कुमार, आराधना मंजू यादव तथा राहुल ने सहयोग किया। इन सभी के सहयोग से जिले 13530 दिव्यांग मतदाताओं को मोबाइल कॉल के द्वारा मतदान के लिए जागरूक किया गया और 20 मई को पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प दिलाया। बताते चले की बीते चुनाव से इस बार अधिक दिव्यांग मतदाताओं से टेलीकॉलिंग संवाद किया गया। पिछले चुनाव में जहां 11205 दिव्यांग मतदाताओं से फोन से सीधा संवाद किया गया था वही इस बार आज तक 13530 दिव्यांग मतदाताओं से सीधा संवाद कर मतदान को जागरूक किया गया। इसी के साथ इस अभियान का आज समापन हुआ। विकास खंड सिद्धौर अंतर्गत ग्राम इनायटपुर में स्थित श्री संकट मोचन इंटर कॉलेज में बंशगोपाल राष्ट्रीय पुनर्वास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश पटेल ने मतदान की शपथ ग्रहण कराने के पश्चात रैली निकालकर ग्राम इनायतपुर और कोटवा के मतदाताओ को जागरूक किया ।पटेल ने दिव्यांग मतदाताओं के घर पर जाकर मतदान को प्रेरित किया। पटेल ने पूरे जनपद में वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जिनसे मतदाताओं में उत्साह है।

## केंद्र में भाजपा तीसरी बार जीत दर्ज करके लगाएगी हैट्रिक- इंद्र प्रताप तिवारी

**बीकापुर- अयोध्याधाम।** अंबेडकर नगर लोकसभा क्षेत्र के गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी ने शनिवार को करीब दर्जन भर जगह पर नुक्कड़ सभा और चौपाल के माध्यम से भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडेय के पक्ष में मतदाताओं से जन संपर्क किया। क्षेत्र के विकास और समस्याओं की निस्तारण के लिए युवा भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे को भारी समर्थन की अपील की है। शाम को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के कोछा बाजार में स्थित राम लली विद्यालय में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करेगी। जिसमें लोकसभा क्षेत्र अयोध्या तथा अंबेडकर नगर में उम्मीदवारों की जीत एक तरफ होने जा रही है। गरीब कल्याण और राष्ट्रवाद के नाम पर सभी लोगों को भाजपा का समर्थन करना चाहिए। जनसभा में भारी संख्या में उपस्थित भीड को देखकर भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे और उनके समर्थक गदगद हो गए। तथा जनता से आशीर्वाद मांगा। भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय ने अपने संबोधन में बताया कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंदों को बिना भेदभाव के मिल रहा है विपक्षी पार्टियां लोगों को जाति धर्म में बांटने का कार्य किया जा रहा है। इस बार भी केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। जिसमें सभी की समुचित भागीदारी होनी चाहिए। इसके पहले भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे और पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। जनसभा के आयोजक युवा भाजपा नेता श्रवण दुबे ने कार्यक्रम में उपस्थित मतदाताओं और आगंतुकों का आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर शिक्षक नेता संजय उपाध्याय, कथा व्यास पंडित अमरनाथ पांडेय, प्रधान धर्मेंद्र मिश्रा शशिकांत मिश्रा, अजय तिवारी, रोशन ओझा, सतीश मिश्रा, अजय पांडे, बृजेश यादव, संतोष गौड, जिला पंचायत सदस्य सुनील राजपूत, एडवोकेट विजय सिंह, मनोज पांडे, मंडल अध्यक्ष वीरभान सिंह प्रधान बबलू दुबे, अर्जुन भारती, पिंकू तिवारी, संतोष तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तपती जमीन, गर्म हवाओं के मध्य उत्साह के साथ डिप्टी सीएम ने निकाला रोड शो

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नाका गांधी आश्रम से डिप्टी सीएम केशव मौर्या का रोड-शो निकला। विकराल गर्मी, तपती जमीन, गर्म हवाओं से कार्यकताओं के उत्साह में कोई कमी नही दिखाई दे रही है। ढ़ोल-नगाड़ों के थापों से कार्यकताओं का उत्साह और बढ़ रहा था। शंख ध्वनि तथा जय श्री राम का उद्घोष से वातावरण राममय हो रहा था। आगे चल रहे डीजे पर भाजपा सर्मथित गीत बज रहे थे। जिसके पीछे बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता चल रही थी। गांधी आश्रम से नाका चुंगी पहुंचते-पहुंचते चारों तरफ केवल भाजपा के ध्वज ही दिखाई दे रहे थे। रथ पर डिप्टी सीएम के साथ सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह, जिपंअ रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचन्दर यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, अयोध्या विधान सभा प्रवासी मधू शर्मा सवार थी। रथ पर सवार सभी लोगों को



अभिवादन का रहे थे। डिप्टी सीएम एक हाथ में भाजपा का चुनाव चिन्ह लिए हुए थे। नाका गांधी आश्रम से निकला रोड-शो फतेहगंज, चौक, रिकाबगंज, होते हुए सिविल लाइन पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान रोड-शो के मार्ग पर सैकड़ों स्थानों पर स्थानीय लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। जगह-जगह पेयजल तथा अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। रोड-शो के पहले डिप्टी सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें भारतीय जनता पार्टी गठबंधन बड़े-बड़े अंतर से जीत रहा है। विकास, राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक विरासत के सम्मान के नाम पर जनता ने भगवा लहराने का मन बना लिया है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं से जनता में उत्साह का माहौल है। चुनाव जनता स्वंय लड़ रही है। 4 जून को पूरा देश भगवा मय होगा। रोड शो में मुख्य रूप से जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रभारी श्री कृष्ण शास्त्री, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, रमापति पाण्डेय, अशोक कसौधन, लक्ष्मण वर्मा, बाल कृष्ण वैश्य, मनोज जायसवाल, करूणाकर पाण्डेय, विजय लक्ष्मी जायसवाल, दिनेश वर्मा, सूरज सोनकर, मनमोहन जायसवाल, मनोज श्रीवास्तव, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, बालकृष्ण वैश्य, शशि प्रताप सिंह, वरूण चौधरी, अनुराग त्रिपाठी, पप्पू दूबे, अशोका द्विवेदी, आशा गौड़, रीना द्विवेदी, शकुंतला गौतम, नीलम जायसवाल, प्रतिमा शुक्ला, अनीता सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, सुनील तिवारी शास्त्री, इंद्र भान सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पोलिंग पार्टियों की रवानगी की व्यवस्थाओं का जायजा



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शनिवार को जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज और नवीन मंडी स्थल पहुँचकर पोलिंग पार्टियों की रवानगी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईवीएम मशीन और प्रपत्र सहित चुनाव सम्बंधी सभी आवश्यक सामग्री पोलिंग पार्टियों को सुगमता से मिल सके इसके लिये विधानसभावार लगाए टेबिल काउंटर आदि पर की गयी व्यवस्थाओं को परखा, साथ ही पीने के पानी सहित अन्य सभी जरूरी आवश्यक सुविधाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम अरुण कुमार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री काव्या सी, जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम फतेहपुर सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## मोदी सरकार में भारत बना विश्व की पांचवी आर्थिक शक्ति: दारा सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सभी वर्गो का



ध्यान रखती है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिना भेदभाव के सभी को योजनाओं का लाभ देने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी गरीबों के मसीहा हैं। कारागार मंत्री शनिवार को भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में भटेहटा स्थित साई मंडप में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होने कहा कि मोदी योगी की डबल इंजन सरकार में विकास कार्यों ने नई ऊंचाइयां प्राप्त की है। मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं पारदर्शिता के साथ जमीन पर उतरी है। सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र को मोदी ने हकीकत बना दिया है। मोदी सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है। भारत विश्व की पांचवी आर्थिक शक्ति बन चुका है। चंद्रयान -2 को चांद पर पहुंचा कर भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर चुका है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। जिला अध्यक्ष अरविन्द मौर्या ने अध्यक्षता की।संचालन रामसिंह चौहान ने किया।

## रुचि के अनुसार कैरियर चुनना चहिए: डीआईओएस

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** क्षेत्र अंतर्गत स्थित इकरा इण्टर कालेज बभनी में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभावान बच्चों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं रुचि के अनुसार अपने करियर का चयन करना चाहिए ताकि उस क्षेत्र का विकास हो सके। साथ ही उन्होंने कि सभी 18 वर्ष के आयु से ऊपर के लोगों कोमतदान हेतु प्रेरित करें और आने वाले 1 जून को सभी लोग लोकतंत्र के इस महापर्व मे बढ़ चढ़ कर भाग लें। विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्दुल रऊफ अंसारी ने जिबिनि अमरनाथ राय को माल्यार्पण करते हुए उनको स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अआलमाइटी पब्लिक इण्टर कॉलेज के प्रबंधक महमूद आलम उपस्थित होकर




बच्चों के मनोबल को बढ़ाया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के अवसर पर सैय्यद अहमद जनता इण्टर कॉलेज बहादुरी बाजार के प्रधानाचार्य ओबैदुल्ला खांन, आदर्श इण्टर कॉलेज परसौना के प्रधानाचार्य राम गोपाल पाण्डेय, किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भूतपूर्व प्रधानाचार्य उमा कांत मिश्र, ज़ीनत हदीश के प्रबंधक अब्दुल मन्नान खान,सरदार पटेल इण्टर कालेज सोन्धी लक्ष्मीपुर के अध्यापक अब्दुल्लाह अल फ़ैज़ान, समाज सेवी सीपू सिंह, राम कुँवर सिंह ,शुजाउद्दीन वरिष्ठ पत्रकार सई अहमद , पत्रकार राधेश्याम पाण्डेय,एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक अब्दुल वाजिद फैजी ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## अवध विवि में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आईईटी परिसर में शनिवार को मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देशन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने आईईटी परिसर से हरी झंडी दिखाकर छात्र प्रतिनिधि ज्ञान चौधरी के अगुवाई मे विद्यार्थियों को रवाना किया।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान करें: कुलपति

**अयोध्या।** लोकतंत्र के इस महापर्व पर मेरी विश्वविद्यालय परिवार एवं आम जनमानस से अपील है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये अधिक से अधिक संख्या में अपने निकटतम बूथ पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करें। निष्पक्ष होकर अपने मत का प्रयोग करते हुए एक अच्छा नेतृत्वकर्ता चुने जो जनता की अपेक्षाओं का ख्याल रख सके। इस महापर्व पर महिलाओं की भूमिका अहम होगी। अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराने के साथ अन्य को भी चुनाव के दिन घर से निकलकर मतदान के लिए प्रेरित करें। मेरी सभी से लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपील है कि सभी पहले मतदान फिर जलपान के संकल्प के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिससे जन अपेक्षाओं के अनुरूप सरकार मिल सके।

# किसी भी बूथ पर ना होने पाए किसी भी प्रकार का वायलेंस: सामान्य प्रेक्षक

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शनिवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ संयुक्त बैठक को सामान्य प्रेक्षक आरआर दामोर, जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सम्बोधित किया। सामान्य प्रेक्षक आरआर दामोर ने बैठक में कहा कि सभी जिम्मेदार अधिकारी यह पहले से ही सुनिश्चित कर ले कि मतदान के दिन किसी भी बूथ पर किसी भी प्रकार का वायलेंस न होने पाये। साथ ही मतदान केंद्रों पर यदि कोई कमी रह गयी हो तो उसे समय रहते पूरी कर ली जाए। वोटिंग के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्त होने तक जरूरी सूचनाएं समय समय पर देते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित है, साथ ही किसी भी दशा में बाहरी व्यक्ति का



बूथ के अंदर प्रवेश वर्जित रहेगा। बूथ के अंदर उस क्षेत्र की वोटर लिस्ट में नामांकित मतदाता के अलावा प्रत्याशी एवं उसका अभिकर्ता और नामित बूथ एजेंट को ही बूथ पर प्रवेश की अनुमति रहेगी। मीडिया के लिये भी स्पष्ट निर्देश है जो उन्हें फॉलो करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत संकलन ऐप सभी लोग पहले से ही मोबाइल में डाउन लोड कर लें जिससे उन्हें समय समय पर सूचनाएं देने में कोई समस्या न हो। इसके अलावा ईवीएम में मॉक पोल के समय से लेकर वोटिंग शुरू होने तक ईवीएम मशीन या अन्य में खराबी होने की दशा में क्या क्या रिप्लेसमेंट किया जाएगा इससे सम्बन्धित सवाल भी पूछे और कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में सभी लोग मनोयोग से मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न करवाएं। मतदान समाप्ति के बाद सुरक्षित तरीक़े से ईवीएम और निर्वाचन सम्बन्धी समस्त प्रपत्र और सामग्री जमा करने के बाद ही घर जाए। मीटिंग को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस के अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करें। फोर्स का मूवमेंट लगातार बना रहे। कोई भी सूचना या गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरन्त उसे देखे। एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी ने मतदान के दिन मॉक पोल से लेकर पोलिंग की समाप्ति तक जरूरी जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अ सुदन, एडीएम अरुण कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक इंद्रसेन, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री काव्या सी, जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम फतेहपुर रल्ला पल्ली जगत साईं सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** घुघली थानाक्षेत्र के ग्राम सभा जोगिया के समीप निर्माणाधीन रेलवे ट्रेक पर शनिवार को एक युवक की लाश मिली। रोजीरोटी चलाने के लिए घुघली वार्ड नंबर 09 में किराए के मकान में परिवार के साथ रहता था और ट्रेन में पानी बेचने का काम करता था। मृतक मनीष के पिता ने बताया कि शुक्रवार देर शाम करीब आठ बजे



सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस, फेरेंसिक टीम और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। मौके पर बरामद समान से शव का पहचान सिंदुरिया थानाक्षेत्र के अंतर्गत बसंतपुर खुर्द निवासी मनीष कुशवाहा के रूप में हुई हैं। पुलिस ने पंचनामा बनवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मनीष अपनी किसी लड़के ने फोन करके मनीष को बुलाया था जिसके बाद देर रात तक मनीष घर नही पहुंचा था। काफी खोजबिन करने के बाद सुबह जोगिया ढाले के समीप मनीष का शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर मनीष के शरीर पर धारदार हथियार के कई जगह प्रहार का निशान व क्षत विक्षत अवस्था में शव मिला।

**सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा के समर्थन में अखिलेश यादव की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब**

# भाजपा ने किसानों को हर तरह से लूटने का काम किया: अखिलेश

दानिश मेंहदी



**अम्बेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी और इंडिया गड़बंधन के लिए आज शिव बाबा के मैदान में गड़बंधन प्रत्याशी के लिए भारी भीड़ एकत्र हुई।

आज समाजवादी पार्टी गड़बंधन के उम्मीदवार लाल जी वर्मा के समर्थन में भीड़ ने अपने पूराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, चील चिलाती धूप में एक घंटे देरी से पहुंचे अखिलेश यादव के लिए भीड़ मौजूद रही , ऐसा पहली बार हुए है की समाजवादी पार्टी के लिए किसी कार्यक्रम में इतनी भीड़ एकत्र हुई हो। 1 घंटे से अधिक देरी से समाजवादी सुप्रीमो के पहुंचने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पहली बार हुआ जब सरकार छापे डालकर डराकर पार्टी के लिए वसूली करा रही है। जबसे चुनावी चंदे के वसूली की पोल खुली है भाजपा का बैण्ड बज गया है। महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता पूरे देश में भाजपा को हटाने के लिए वोट कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने महंगाई आसमान पर पहुंचा दी है। खाद, कीटनाशक, डीजल, सिंचाई सब महंगी कर दी लेकिन किसानों की फसलों की कीमत नहीं बढ़ी।

भाजपा ने किसानों को हर तरह से लूटने का काम किया है। झूठ और लूट भाजपा की पहचान बन चुकी है। किसान, नौजवान संकट में है। भाजपा की सरकार ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों 16 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कर्ज नहीं माफ किया। इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों के सभी कर्ज माफ करेगी और उन्हें फसलों की एमएसपी का कानूनी अधिकार दिलायेगी। किसानों की अन्य तरीकों से भी मदद की जाएगी। हमारा किसान खुशहाल होगा तभी देश विकसित होगा। अखिलेश यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भीड़ में उन्हें लैपटॉप दिखाया जा रहा है नौजवानों के लिए समाजवादी सरकार ने लैपटॉप बाटने

**हमारा किसान खुशहाल होगा तभी देश विकसित होगा : अखिलेश यादव**

का काम किया था लेकिन बीजेपी ने यह भी खत्म कर दिया, उन्होंने बोलते हुए याद दिलाया कि 69000 शिक्षकों की भर्ती मामले के लिए अब प्रदर्शन नहीं करना पड़ेगा नौजवानों के लिए खाली पड़े पदो को भरा जाएगा, सरकार बनते ही अग्निविर को समाप्त कर पूरानी भर्ती की जाएगी, पुरानी पेंशन की बहाली की जाएगी, जनसभा को मुख्य रूप से विधायक राम अंचल राजभर, विधायक राम मूर्ति वर्मा, विधायक त्रिभुवन दत्त, समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव के अतिरिक्त इंडिया गड़बंधन के नेताओ ने जनसभा को संबोधित किया इसके अलावा भीड़ में इंडिया गठबंधन के नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुन्ना सिंह के फैसले का स्वागत

### कांग्रेस को मिलेगा फायदा : राम प्यारे

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** नौतनवां के पूर्व विधायक कुंवर कौशल सिंह मुन्ना का कांग्रेस उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी के पक्ष में खुलकर आ जाने से यहां कांग्रेस मजबूती मिलेगी। यह बात पूर्व जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस नेता राम प्यारे प्रसाद ने कही है। उन्होंने कहा कि मुन्ना सिंह 2012 में कांग्रेस विधायक थे। 2017 में कतिपय कारणों से वे कांग्रेस छोड़ सपा में चले गए थे। उन्होंने कहा कि इस लोक सभा चुनाव में उन्होंने साफतौर पर कहा था कि यदि उनके भाई चुनाव नहीं लड़ेंगे तो वे खुलकर कांग्रेस के साथ रहेंगे।

संयोग से उनके भाई चुनाव मैदान में नहीं हैं लिहाजा मुन्ना सिंह ने कांग्रेस के साथ आने का ऐलान किया। राम प्यारे प्रसाद का कहना है कि मुन्ना सिंह का निर्णय सराहनीय है,निश्चय ही इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को इसका फायदा मिलेगा। इसके पहले कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता और पदाधिकारियों ने मुन्ना सिंह के इस निर्णय का स्वागत किया है। बता दें कि कुंवर अखिलेश सिंह और मुन्ना सिंह का मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से घनिष्ठ संबंध बताए जाते हैं। दिग्विजय सिंह का कल नौतनवां क्षेत्र के अड्डा बाजार में आना प्रस्तावित है,इसके पहले नौतनवां के पूर्व कांग्रेस विधायक मुन्ना सिंह के कांग्रेस के पक्ष में खुलकर आने की घोषणा के निहितार्थ की भी चर्चा शुरू हो गई है। वहीं सपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि मुन्ना सिंह सपा में हैं,यहां सपा और कांग्रेस गठबंधन का उम्मीदवार मैदान में हैं,ऐसे में उनका कांग्रेस उम्मीदवार के साथ आना सपा के गाइड लाइन का हिस्सा मात्र है। मुन्ना सिंह का कहना है कि राहुल गांधी ने बुरे वक्त में कांग्रेस का टिकट देकर मेरे राजनीतिक जीवन में एक आयाम दिया था। ऐसे में मेरा धर्म है कि मैं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का साथ दूं।

## सैय्यदा खातून ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भीमशंकर उर्फ कुशल तिवारी के पक्ष में समर्थन मांगा और आने वाले मतदान के समय साइकिल वाला बटन दबाकर भारी बहुमत से जिताने की अपील किया। डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आमजन परेशान हैं, इसलिए सपा प्रत्याशी को सभी वर्गो के वोटरो का अपार सहयोग मिल रहा है। जिस तरह हर वर्ग का सहयोग मिला रहा है निश्चित तौर पर गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। विकास की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समस्त जनता को दिलाने का हर संभव प्रयास रहेगा। वर्तमान सरकार गरीब विरोधी पार्टी है। जनसंपर्क के दौरान ज़हीर मलिक, उस्मान अली नन्हें, मलिक जफर, घिसियावन यादव, अफसर रिज़्वी, जितेंद्र यादव, अब्दुल मारूफ, बबलू दूबे, गंगामणि पाठक, सुरेंद्र शुक्ला, पूजा बाबा, दिलीप चौरसिया, राजाराम गौतम, अजय यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## स्वर्गीय बीएन सिंह के पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित




**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कर्मचारियों के मसीहा स्वर्गीय बी एन सिंह के पुण्यतिथि पर ड्रेनेज विभाग में शनिवार को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी रहे। श्री तिवारी ने बताया की आज जो राज्य कर्मचारी, केंद्र कर्मचारियों के बराबर वेतन भत्ता प्राप्त हो रहा है, यह बी एन सिंह जी के संघर्षों का नतीजा है। सभी कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी को बी एन सिंह जी के संघर्षों से प्रेरणा लेकर उस पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने बीएन सिंह जी के संघर्षों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री शैलेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अरुण प्रजापति, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कोषाध्यक्ष महेश्वर पांडे, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष आशुतोष यादव, डिप्लोमाइंजीनियर महासंघ के जिला अध्यक्ष मुनीम, सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव भूपेश शुक्ला, सफाई कर्मचारी संगठन के जगनारायण, अश्वनी पाठक, शोभनाथ, दुर्गावती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएवी एकेडमी के टापर छात्रों को विद्यालय में किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**टांडा/अम्बेडकरनगर।** डीएवी एकेडमी टांडा द्वारा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सीबीएसई बोर्ड से 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जिले के 20 टॉपर छात्र एवं छात्राओं को सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उनके शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी प्रोत्साहन स्वरूप विशेष पुरस्कार दिये गये।

शुक्रवार की शाम मिश्री लाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह में श्रीमती अनुराग सिंह नायब तहसीलदार टांडा मुख्य अतिथि थीं। जबकि गुजरात के वडोदरा स्थित स्कूल कंसल्टेंसी की मीता जयसवाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया और औपचारिक रूप से समारोह की शोभा भी बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएवी एकेडमी के प्रबंधक आनंद कुमार आर्य ने की तथा संचालन का दायित्व डीएवी एकेडमी की छात्रा मरियम एवं सानिया ने निभाया। समारोह को नायब तहसीलदार टाण्डा श्रीमती अनुराग सिंह ने सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने सफल छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की उत्कृष्ट सफलता हमें गर्व से भर देती है और दिखाती है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। वहीं विद्यालय प्रबंधक आनंद कुमार आर्य ने कहा कि इन छात्रों की उपलब्धियां हमारे भविष्य की उज्ज्वल संभावनाओं को दर्शाती हैं। उन्होंने उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्कूल बोर्ड के सदस्य संजीव जयसवाल ने विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनकी सराहना की। समारोह के अंत में स्कूल की उपप्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई दी।

## श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक ने बताया सत्संग का महत्व

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज क्षेत्र के बहेरिया चौराहे पर चल रहे श्रीमद भागवत कथा का चौथा दिन**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के बहेरिया चौराहे पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार की रात खलीलाबाद से पधारे कथावाचक पंडित सुधाकर शुक्ला ने सत्संग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जीवन को समृद्धिशाली बनाने और सुधारने के लिए सत्संग मूलाधार है। जीवन के उद्देश्य की प्राप्ति में सत्संग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

श्रेष्ठ और सात्विक जनों का संग करना, उत्तम पुस्तकों का सत्संग, पवित्र और धार्मिक वातावरण का संग करना, यह सब सत्संग के अंतर्गत आता है। सत्संग हमारे जीवन के लिए उतना ही आवश्यक है, जितना कि शरीर के लिए भोजन। सत्संग जीवन को निर्मल और पवित्र बनाता है। कथावाचक ने लोगो से आह्वान करते हुए कहा कि जहाँ भी श्रीमद् भागवत कथा, श्रीराम कथा, हनुमान कथा अथवा अन्य कथा प्रवचन और धार्मिक आयोजन हो, उसमें अवश्य सम्मिलित होना चाहिए। साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए।

उन्होने कहा कि सत्संग मन के बुरे विचारों व पापों को दूर करता है। सत्संगति मूर्खता को हर लेती है, वाणी में सत्यता का संचार करती है। दिशाओं में मान-सम्मान को बढ़ाती है, चित्त में प्रसन्नता को उत्पन्न करती है और दिशाओं में यश को विकीर्ण करती है। वस्तुतः सत्संगति मनुष्य का हर तरह से कल्याण करती है। जैसे प्रातःकाल का भोजन सायंकाल तक और सायंकाल का भोजन रात्रिभर शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। ऐसे ही सुबह किया हुआ सत्संग पूरे दिन हमें अधर्म और पाप से बचाए रखता है। सायंकाल का सत्संग हमें कुत्सित विचारों से बचाता है। मानव सत्संग से सुधरता है और कुसंग से बिगड़ता है। इस दौरान मुख्य यजमान अष्टभुजा शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, डा. रमेश शुक्ला, महेश शुक्ला, चिंतामणि पाण्डेय, कैलाश, महेंद्र, आकाश, भुन्नल गुप्ता, रामदास गौतम आदि मौजूद रहे।

## यह चुनाव देश व संविधान को बचाने का है : इदरीश




**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी नगर कार्यालय पर शनिवार को नगर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सोमवार को सिद्धार्थनगर में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की होने वाली चुनावी सभा की सफलता के लिए विचार किया। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि अखिलेश यादव की सभा में नगर से काफी संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश व संविधान को बचाने का है। बैठक को नगर अध्यक्ष कपिलदेव, के सी त्रिपाठी, अजहरुद्दीन खान आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपा गया। बैठक का संचालन नगर महामंत्री रिजवान अहमद सब्बू ने किया। बैठक में सभासद साकिर अली, ध्रुव चन्द्र, सैयद मोहम्मद आदम, रुस्तम अली, सालिगराम, महताब आलम सन्नु, मुजीब अहमद, गणेश दत्ता, राधेश्याम जायसवाल सहित काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष मौजूद थे।

## पूर्व एमएलसी व विधानसभा पूर्व प्रत्याशी ने अपने समर्थको के साथ थामा भाजपा का दामन



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव करीब आते आते राजनैतिक सरगर्मिया तेज होती जा रा रही है, इसी कड़ी में हर्रैया में रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह समक्ष पूर्व एमएलसी मनीष जयसवाल और विधानसभा पूर्व प्रत्याशी व पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक मिश्र ने अपने समर्थको के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में अपनी आस्था जताई। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, सांसद हरीश द्विवेदी, जिला प्रभारी समीर सिंह ने शामिल होने वालों को पार्टी की टोपी और पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। इनके साथ ओम प्रकाश त्रिपाठी, महेंद्रनाथ त्रिपाठी, दीपक पांडेय, राजेश पांडेय, अंकित त्रिपाठी, सुरेश पांडेय, पंकज मिश्र ने सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सदस्यता अभियान निरंतर चलता रहेगा। कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी वर्ग के लोगों का सम्मान व विकास कर रही है। भाजपा की लोकप्रियता से विपक्ष हताश है। हर वर्ग के लोग भाजपा की सदस्यता लेने में रुचि दिखा रहे हैं। शामिल हुए कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इससे इस लोकसभा चुनाव पार्टी को लाभ मिलेगा।

## छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को मतदान करने हेतु किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 छठवें चरण में आगामी 25 मई को अपने अपने बूथो पर जाकर मतदान करने हेतु गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा एक विशाल रैली निकालकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया जिससे जिले में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो। शनिवार को जीएवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में विद्यालय प्रांगण से छात्राओं के साथ एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकालकर नगर भ्रमण किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा मतदान संबंधी स्लोगन के नारे लगाए गए। प्रिंसिपल विजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर जागरूकता रैली निकाली गई है। कहा कि एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए अधिक से अधिक लोगों को मतदान करना चाहिए। कहा कि आपका एक वोट अमूल्य है। उन्होंने समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी 25 मई को सभी लोग ऐतिहासिक मतदान करें जिससे जिले का मतदान प्रतिशत बढ़े और मतदान करने के मामले में हमारे जिले का नाम हो। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक जय प्रकाश, गुलाब चंद्र, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, शम्भू नाथ गुप्ता, विजय कुमार पाठक, तारिक सनी, जुगुल किशोर, श्रीकांत राय, अजय कुमार, रवि अग्रहरि, देवेंद्र कुमार मिश्र, गरिमा चौधरी, रीना गुप्ता, कैलाश, ब्रजेन्द्र कुमार, अभिषेक सिंह, रत्नेश कुमार, परिचारक कुलदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### गठबंधन की सरकार बनाकर आरक्षण बचाने का समय है : तिवारी

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सपा प्रत्याशी के लिए गांव गांव जनसंपर्क कर सपा उम्मीदवार भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के लिए उनके छोटे पुत्र सात्विक तिवारी ने सपा समर्थको के साथ जनसम्पर्क कर क्षेत्र के युवाओं महिलाओं एवं बुजुर्गो मतदाताओं से आशीर्वाद लेकर सपा के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे है। सपा प्रत्याशी के छोटे पुत्र ने कहां कि गठबंधन की सरकार बनने जा रही है महिलाओं को 85 सौ रूपये महिना मिलेगा सपा सरकार के समय में महिलाओं को समाजवादी पेंशन दिया जा रहा था वह भी भाजपा की सरकार बंद कर दिया है। यही सब विरोधी नीतियों से लोग परेशान है इस लिए सपा प्रत्याशी को सभी वर्गो के वोटरो का अपार सहयोग मिल रहा है। जिस तरह हर वर्ग का सहयोग मिला रहा है निश्चित तौर पर गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। विकास की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समस्त जनता को दिलाने का हर संभव प्रयास रहेगा। वर्तमान सरकार गरीब विरोधी पार्टी है आरक्षण व संविधान बचाने का समय आ गया है संविधान खत्म करके ताना शाही चलाना चाहते है।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ढ़ेबरूआ थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को ढ़ेबरूआ पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के भुतहिया तिराहा से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी फैजान पुत्र फैजुल्लाह निवासी मटियार उर्फ भुतहवा थाना ढ़ेबरुआ को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय भेजा गया है। उक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 योगेश कुमार मणि, हे0का0 हेमराज वर्मा, का0 सतीश मौर्या आदि रहे।

## आर.एस.पांडेय ने अपने समर्थकों के साथ बसपा से दिया इस्तीफा

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर में जहां लोकसभा चुनावी सर गर्मियां बढ़ती नजर आ रही है वही बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी इस्तीफा दे रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से और उनके पदाधिकारी खासकर सिद्धार्थनगर की गतिविधियों से आहत होकर में राष्ट्रीय स्वभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.एस पांडे (राधेश्याम पांडेय) पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बांसी 304 बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अपना इस्तीफा देते हुए पार्टी से शुक्रवार त्यागपत्र दे दिया।

आर एस पान्डेय ने कहा कि अब बहुजन समाज पार्टी से हमारा कोई वास्ता नहीं है सिद्धार्थनगर के बांसी विधानसभा की जनता को जिन्होंने विधानसभा चुनाव में मेरा साथ दिया उनका में हमेशा आभारी रहूंगा और जरूरत पड़ने पर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके सुख-दुख का साथी रहूंगा। जहां शुक्रवार को आर एस पांडे द्वारा अपने समर्थकों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को इस्तीफा दिया। वहीं शनिवार बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से और उनके पदाधिकारी खासकर सिद्धार्थनगर की गतिविधियों से आहत होकर मैं डॉक्टर वी एन त्रिपाठी, और साथ मे दिनेश प्रसाद त्रिपाठी उर्फ नागर बाबा पूर्व जिला पंचायत सदस्य वर्तमान बसपा विधानसभा महामंत्री बांसी तथा राहुल त्रिपाठी, कृष्ण गोपाल मिश्र, सतेंद्र मिश्र, राजदेव भारती राजूभारती एवं तमाम साथियों के साथ बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अपना इस्तीफा देते हुए पार्टी से त्यागपत्र दे रहा हूं अब बहुजन समाज पार्टी से हमारा कोई वास्ता नहीं है सभी साथियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर हम सदा चलते रहेंगे।

### कांग्रेस की गारंटी लाएगी जीवन में खुशहाली

**महराजगंज।** सिसवा विधान सभा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी ने कांग्रेस की पांच गारंटी पर वोट की अपील की। इंडिया गठबंधन उम्मीदवार ने क्षेत्र के शेखपुरा, मझौवा, अहिरौली, बन्नी ढाला आदि गांवों में समूह में एकत्रित हुए लोगों से बात की और कहा कि कांग्रेस की गारंटी का मतलब हर परिवार में खुशहाली। उन्होंने लोगों को बताया कि हमारी सरकार बनेगी तो हर घर कि महिला मुखिया को प्रति माह साढ़े आठ हजार और साल में एक लाख उसके खाते में आना तय है। केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त, कर्जा माफ, बिजली विल हाफ और नौजवानों को नौकरी। उन्होंने कहा कि आपके छ बार के सांसद और मंत्री मंदिर मस्जिद,भारत पाकिस्तान और हिंदू खतरे में जैसे झूठ पर वोट मांग रहे हैं। उनसे पूछिए की कहां गया आपका दो करोड़ नौकरी का वादा,कहां गया मंहगाई कम करने का वादा। भाजपा के लोग जब वोट मांगने आए तो उनसे उनके झूठे वादों की याद जरूर दिलाइए।

## मतदाता जागरूकता अभियान की सफलता को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में आगामी 25 मई को लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन शनिवार को भी किया गया। जिसमें परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने गीत संगीत, हस्ताक्षर अभियान, जागरूकता रैली ,मेहंदी रचाओ अभियान व सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। तमाम विद्यालयों के शिक्षकों व बच्चों ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक भी किया। कुछ विद्यालयों के बच्चों ने जागरूकता रैली भी निकाली।

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर 17 और 18 मई को घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाना था। जिसके क्रम में शनिवार को वृहद रूप से परिषदीय विद्यालयों में आगामी 25 मई को शत प्रतिशत मतदान के लिए अभियान चलाया गया। डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय जाखौली में शिक्षकों द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें गांव के अभिभावकों ने पहुंचकर हस्ताक्षर करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनिया राज में स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा ढोल बजाकर गीत प्रस्तुत करते हुए लोगों को प्रेरित किया। इस मौके पर आरिफ उस्मानी, कुलदीप कुमार, अर्जुन प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे। कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज में बच्चों शिक्षकों द्वारा रैली निकाली गई जो विभिन्न वार्डो में पहुंचकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक कमल मोहनी, संतोष सिंघानिया, अमित सिंह परमा , प्रीति, पंकज अग्रहरि, दिलकश जहां, प्रीति गुप्ता, ज्योति उपाध्याय, अनीता दुबे, दीप्ति अग्रहरि प्रशिक्षु आदि उपस्थित रही। डुमरियागंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय धौरहरा, बदरपुर, पोखराकानूनगो, लटिया, सुहेलवा प्रथम, टड़वा, कूड़ी, लोहरौली, लटिया, महतीनिया आदि विद्यालयों में जागरूकता रैली निकालते हुए गांव में जाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे जिसके क्रम में शुक्रवार व शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गांव- गांव, घर- घर में जाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया।

## पीएम कौन

भाजपा और विपक्ष दोनो एक दूसरे से सवाल पूछ रहे है पीएम कौन। 2014 में मोदी जब आये तो लोकतान्त्रिक मजबूती को लेकर यह नियम बनाया की 75 वर्ष की उम्र के बाद भाजपा के नेता सक्रिय राजनीति से दूर हो जायेगे। इसके तहत जब मोदी आये तो बहुत से सीनियर भाजपा नेताओं का जिनका पार्टी और सरकार में अर्से से बोलबाला रहा है। जो क्षेत्रों में सक्रिय रहे है उन्हें सक्रिय राजनीति से अलग कर दिया।

इसी परिप्रेक्ष में विपक्ष भाजपा से सवाल पूछ रहा कि अगर तीसरे टर्म का चुनाव जीतती है तब मोदी जो 75 साल के हो रहे है हट जायेगा तो पीएम कौन होगा। भाजपा विपक्ष से पूछती है मोदी के बरबक्स उनके यहा कौन है, अगर विपक्ष चुनाव जीत जाये तो उनका पीएम कौन होगा यानी चुनाव में मोदी बरबक्स पीएम का उम्मीदवार कौन होगा। विपक्ष तो इस सवाल पर मौन साधे हुये है पर भाजपा से बार-बार सवाल पूछ रहा मोदी के बाद कौन भाजपा ने सवाल की अहमियत को समझ सीनियर नेता नड्डा और शाह सामने आये और जवाब दिया मोदी भाजपा के पीएम है और तीसरे टर्म में भी पीएम बन संसद के पूरे कार्यकाल तक बने रहेगे। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र दी गयी गान्टियों को मोदी की गारेन्टी बताया है। भाजपा मोदी के नाम पर चुनाव लड़ती रहती है और सफल भी होती आई है। इस बार भी मोदी विपक्ष प्रतिस्पर्धा के केन्द्र बिन्दु है। भाजपा गठबन्धन से उनके पीएम के उम्मीदवार का नाम उछाल कर विपक्ष को इस सवाल पर रक्षात्मक मुद्रा में ला दिया है। वैसे राजनीति में उम्र का कोई महत्व नहीं होता है। जो जीतता जाता है जीतता जाता है। बहुस से उम्मीदवार 75 बाद भी चुनाव लड़ते आये है और पार्टी तथा सरकार में सक्रिय असरदार भूमिका निभाते रहे है। उम्र को लेकर भाजपा पार्टी पर यह आरोप लगेगा कि क्या पार्टी मोदी को अपवाद स्वरूप 75 के बाद भी प्रधानमंत्री बने रहने देगी। नड्डा और शाह के बयान इसमें कोई बुराई नहीं देखते। पर इतना तो जरूर है जिस आन्तरिक लोकतन्त्र की बात हो रही है और की गई है उस आन्तरिक लोकतन्त्र पर धब्बा तो जरूर लगेगा। चुनाव की वजह से मतदाताओं की सक्रियता बढ़ी हुई है। मतदान भी मत पत्र के जरिये भाजपा द्वारा स्थापित लोकतन्त्र में मोदी को अपवाद स्वरूप पेश होने पर क्या प्रतिक्रिया देती है चुनाव के नतीजे आ जाने पर स्पष्ट हो जायेगा। विपक्ष तो अपने अन्तरद्वन्द में इतना फंसा हुआ है कि उसकी कोई नीति स्पष्ट नहीं हो रही है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी की भूमिका में है पर उनकी भूमिका बेहद लचर दिख रही है क्योकि उसकी पार्टी के महत्वपूर्ण लोग पार्टी से किनारा कशी तो कर ही रहे है वो भाजपा में आ रहे है। आप पार्टी के नेता केजरीवाल जेल से बाहर आकर उम्र का सन्दर्भ देकर भाजपा में पीएम के सवाल को उछाल दिया है। विपक्ष को एक अच्छा मुद्दा दे दिया है। पर इसकी बहस ही रोचक रहेगी। चुनाव का नतीजा तो भाजपा के लिये ही रोचक रहेगा। ऐसा सर्वे वालो का और विदेशी नेताओं का मानना है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 में 12,396 मामले, 2020 में 12,726 मामले, 2021 में 13,060 मामले, 2022 में 13,395 मामले और 2023 में लगभग 13,395 मामले सामने आए थे। ये आंकड़े साफ दर्शाते हैं कि हर साल कैंसर पीड़ितों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इस वृद्धि के साथ कई कारक जुड़े हुए हैं जैसे तंबाकू का उपयोग, अत्यधिक शराब का सेवन, मोटापा, गतिहीन जीवन शैली और कई पर्यावरणीय कारक। मैंने स्वयं अपने परिवार में कैंसर के कारण तीन मौतें देखी हैं। इसी प्रकार पुंछ में कई अन्य लोग अपने प्रियजनों के कैंसर से प्रभावित होने की गवाही देते हैं।

# कैंसर के बढ़ते खतरे को गंभीरता से लेने की जरूरत



सैयदा तैय्यबा काज़मी

हाल ही में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री की कैंसर से मौत के बाद एक बार फिर लोगों का ध्यान इस बीमारी के बढ़ते खतरे की ओर गया है। इसकी गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई स्वास्थ्य संगठन और संस्थाएं देश में कैंसर के बढ़ते खतरे पर लगातार चिंता जता चुके हैं। पिछले महीने विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर देश के मशहूर हॉस्पिटल ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि बहुत जल्द भारत दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीजों वाला देश बन जाएगा। भारत में महिलाओं में स्तन और गर्भाशय का कैंसर सबसे आम है, जबकि पुरुषों में फेफड़े, मुंह और प्रोस्टेट कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा है। अन्य देशों की तुलना में भारत में कैंसर का जल्दी पता लगाने की दर भी अपेक्षाकृत कम है। ज्यादातर मरीजों में कैंसर का पता आखिरी चरण में ही चल पाता है जहां इस बीमारी का इलाज काफी मुश्किल हो जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर के 20 मिलियन (दो करोड़) नए मामले सामने आए। जिसमें 97 लाख से ज्यादा लोगों की इससे मौत हुई है। इतना ही नहीं, शोधकर्ताओं का अनुमान है कि 2050 तक कैंसर रोगियों की संख्या सालाना 35 मिलियन (3.5 करोड़) तक पहुंच सकती है। पिछले दशक के आंकड़े बताते हैं कि भारत में इस गंभीर और जानलेवा बीमारी के मामले साल दर साल तेजी से बढ़ रहे हैं। हालांकि प्रौद्योगिकी और चिकित्सा में नवाचारों के कारण कैंसर अब एक लाइलाज बीमारी नहीं है, लेकिन चिकित्सा खर्चों के कारण इसका इलाज आम लोगों तक पहुंच अब भी मुश्किल है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस दशक के अंत तक देश में कैंसर के मामलों में 12 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। 5000 साल पहले सबसे पहले मिस्र में सामने आई यह बीमारी अब दुनिया के ज्यादातर घरों में अपनी पकड़ बना चुकी है। कैंसर तब होता है जब कोशिकाएं असामान्य रूप से और बहुत तेजी से फैलती है। सामान्य शरीर की कोशिकाएं बढ़ती हैं और विभाजित होती रहती हैं। समय के साथ यह समाप्त भी हो जाती हैं। इन सामान्य कोशिकाओं के विपरीत, कैंसर कोशिकाएं नियंत्रण से बाहर बढ़ती और लगातार विभाजित होकर शरीर में बढ़ती रहती हैं। साथ ही ये कोशिकाएं अन्य अंगों के सामान्य कामकाज में भी बाधा डालती हैं।

अगर केंद्र प्रशासित जम्मू-कश्मीर की बात करें तो पिछले चार वर्षों (2019-2023) में जम्मू-कश्मीर में कैंसर के लगभग 51000 मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 में 12,396 मामले, 2020 में 12,726 मामले, 2021 में 13,060 मामले, 2022 में 13,395 मामले और 2023 में लगभग 13,395 मामले सामने आए थे। ये आंकड़े साफ दर्शाते हैं कि हर साल कैंसर पीड़ितों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इस वृद्धि के साथ कई कारक जुड़े हुए हैं जैसे



तंबाकू का उपयोग, अत्यधिक शराब का सेवन, मोटापा, गतिहीन जीवन शैली और कई पर्यावरणीय कारक। मैंने स्वयं अपने परिवार में कैंसर के कारण तीन मौतें देखी हैं। इसी प्रकार पुंछ में कई अन्य लोग अपने प्रियजनों के कैंसर से प्रभावित होने की गवाही देते हैं। पुंछ जिला के बांडी चेंचियां गांव की रहने वाली सना (बदला हुआ नाम) ने पिछले साल ही अपनी मां को कैंसर से खो दिया था, वह पेट के कैंसर से पीड़ित थी। सना कहती है कि उनकी लड़ाई साहसी थी। उनके इस गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए बहुत अधिक पैसे की आवश्यकता थी। फिर भी हम से जहां तक मुमकिन हुआ खर्च किया। अंतिम समय में उनके संघर्ष को देखना दिल दहला देने वाला था।

यहां सवाल यह है कि यह बीमारी क्यों बढ़ रही है और हमारी चिकित्सा प्रणाली इसके खिलाफ क्या कदम उठा रही है? क्या चिकित्सा प्रणाली इस बीमारी से प्रभावी ढंग से लड़ने में सक्षम है? या क्या हमें और अधिक सुधार की आवश्यकता है? भारत में कैंसर का बोझ पर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट के अनुसार, कैंसर से होने वाली मौतों में फेफड़े का कैंसर (10.6 प्रतिशत), स्तन (10.5 प्रतिशत), ग्रासनली (5.8 प्रतिशत), मुँह (5.7 प्रतिशत), पेट (5.2 प्रतिशत), यकृत (4.6 प्रतिशत) और गर्भाशय ग्रीवा (4.3 प्रतिशत) है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार, भारत में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कैंसर की घटनाएं 2020 में 7,70,230 थी। यह 2021 में बढ़कर 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 हो गई। पुंछ के कस्बा गांव के निवासी शकील रज़ा, जो आर्थिक रूप से बहुत कमजोर हैं, कहते हैं कि उन्होंने कुछ साल पहले कैंसर के कारण अपने पिता को खो दिया था। इस दौरान वित्तीय संघर्ष और उनके पिता की बीमारी दोनों असहनीय थी। वह कहते हैं कि हमारी वित्तीय स्थिरता बहुत नाजुक थी। पिता के इलाज के लिए बहुत कर्ज लेना पड़ गया। जिसे उतारने के लिए वह दिन रात मेहनत करते हैं।

इस संबंध में, स्थानीय पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता बशारत हुसैन कहते हैं कि जम्मू के इस सीमावर्ती जिला पुंछ में भी कैंसर का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके इलाज में काफी पैसा खर्च होता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए इसके इलाज का बोझ वहन करना संभव नहीं रह जाता है। हालांकि सरकार की ओर से गरीबों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था है, लेकिन बहुत कम परिवार इसका लाभ उठा पाता है। जबकि यह बीमारी सभी वर्गों में तेजी से अपना पांव पसार रही है। वह सुझाव देते हैं कि इस संबंध में सरकार उन लोगों की मदद के लिए और भी कई स्तर पर उपाय लागू कर सकती है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और कैंसर के इलाज का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके लिए, सरकार को मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों की स्थापना या विस्तार करना चाहिए जो विशेष रूप से कैंसर के इलाज के लिए सब्सिडी या वित्तीय सहायता प्रदान करे। इसमें कम लागत वाली दवाएं, कीमोथेरेपी और सर्जरी शामिल हो सकती है। ये कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए सुलभ होने चाहिए, भले ही उनकी आय का स्तर कुछ भी हो।

वह कहते हैं कि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के भीतर विशेष कैंसर उपचार केंद्रों को विकसित करने और बनाए रखने की आवश्यकता है जो जरूरतमंद लोगों को मुफ्त या कम लागत वाली सेवाएं प्रदान कर सके, साथ ही मुफ्त या सब्सिडी वाली दवाएं प्रदान करने के लिए दवा कंपनियों के साथ सहायता कार्यक्रम स्थापित करने को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। बशारत कहते हैं कि कैंसर का शीघ्र पता लगाने और रोकथाम के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में निवेश करने की बहुत आवश्यकता है। विशेषकर पुंछ जैसे दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रमों को अधिक से अधिक प्रमोट किया जाना चाहिए। साथ ही इलाज और दवाइयों का खर्च भी कम होना चाहिए। इस मामले में फार्मास्युटिकल कंपनियां भी अहम भूमिका निभा सकती हैं। वे कैंसर की दवाओं की लागत कम कर सकते हैं और उन्हें जरूरतमंद लोगों के लिए इसे और अधिक सुलभ बना सकते हैं।

## चुनावों की पृष्ठभूमि में मुसलमानों के चुनावी एजेंडे और प्राथमिकताएं

सरवर नईम बिलग्रामी

भारत के कोने-कोने में चुनाव का मौसम जोरों पर है। राजनीतिक दल चुनावी अभियानों में व्यस्त हैं और मतदाताओं के व्यवहार को प्रभावित करने और ढालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भारतीय राजनीति अक्सर बहुमत बनाम अल्पसंख्यक बहस से प्रभावित होती है, जिसमें प्रचार अक्सर सांप्रदायिक रंग प्राप्त करता है। जबकि नफरत से प्रेरित लोग अक्सर इन विभाजनकारी आख्यानों में आते हैं, विद्वान हमेशा इस तरह की खोखली बयानबाजी के पीछे की मूर्खताओं को जानते हैं। उत्तरार्द्ध जानता है कि चुनावी मौसम उन्हें वैध मांगों को सामने रखते हुए अपनी आवाज उठाने का मौका देता है।

राजनीतिक दलों से आश्वासन लेना और समाज की जरूरतों पर उनके साथ सौदेबाजी करना महत्वपूर्ण है, जिसके लिए चुनाव के समय प्रभावी अभिव्यक्ति और एजेंडा सेटिंग की आवश्यकता होती है। जागरूकता अभियानों और लोगों को चुनावी प्रक्रियाओं में भाग लेने और वास्तविक मुद्दों पर मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए लामबंदी समूहों की स्थापना करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मुसलमानों के लिए प्रमुख चिंताओं में से एक, जो भारत के अल्पसंख्यकों का एक प्रमुख घटक है, व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों स्तरों पर हाशिए पर रहने के साथ उनका पिछड़ेपन है। इसे चुनाव अभियानों में एक अभिन्न मुद्दा बनाया जा सकता है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भागीदारी अनुकूल कानून बनाना सुनिश्चित कर सकती है। उदाहरण के लिए, चुनाव के मौसम के दौरान, मुस्लिम समुदाय उम्मीदवारों से अल्पसंख्यक समूहों के कल्याण के उद्देश्य से स्पष्ट नीतियों और पहलों को स्पष्ट करने के लिए कह सकते हैं। मुस्लिम समुदाय को आर्थिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में राजनीतिक नेताओं का समर्थन लेना चाहिए। शिक्षा और कौशल विकास मुस्लिम समुदायों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण घटक हैं। शिक्षा के लिए संसाधनों का समर्पण जैसे छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रभावी और न्यायसंगत कार्यान्वयन और प्रशिक्षण पहलों के लिए धन का आवंटन, अल्पसंख्यक केंद्रित संस्थानों की स्थापना, नौकरियों में आरक्षण या पासमंडों को आरक्षण का विस्तार मुस्लिम समुदाय और राजनीतिक दलों के बीच एक सौदेबाजी हो सकता है। यह मुस्लिम समुदायों के भीतर नियोक्ताओं की आवश्यकताओं और नौकरी चाहने वालों की क्षमताओं के बीच कौशल अंतर को पाटने में मदद करेगा। आवश्यक योग्यता और अनुभव की कमी के कारण, कई मुसलमानों को अक्सर सुरक्षित, अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियां प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके समुदाय के भीतर आर्थिक असुरक्षा और असमानता पैदा होती है। ऐसी नीतियों और पहलों की मांग बढ़ रही है जो इन विसंगतियों से निपटती हैं और मुसलमानों को नौकरी के बाजार में उत्कृष्टता प्राप्त करने और समृद्ध होने में सक्षम बनाती हैं। शिक्षा और कौशल विकास में निवेश आर्थिक सफलता और स्थिरता प्राप्त करने के लिए मुस्लिम समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह व्यक्तियों को अपनी रोजगार क्षमता में सुधार करने और बेहतर वेतन वाली नौकरियों तक पहुँच के अवसर प्रदान करके कुछ क्षेत्रों में प्रचलित गरीबी और बेरोजगारी के चक्र को तोड़ता है। मुसलमान उद्यमी और व्यवसायी भी अपने व्यवसाय की स्थापना और विस्तार के लिए संसाधन और धन प्राप्त करने में सहायता की तलाश करते हैं, जिससे समग्र आर्थिक प्रगति और कल्याण में योगदान होता है। राजनीतिक नेताओं के साथ सहयोग के माध्यम से, मुस्लिम समुदाय ऐसी नीतियों की वकालत कर सकते हैं जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देती हैं और संसाधनों का उचित वितरण स्थापित करती हैं।

स्वाभाविक नेताओं के लिए समुदायों के भीतर उठना और इन मुद्दों से निपटने के लिए राजनीतिक दलों के साथ सहयोग करना और एक अधिक समावेशी समाज के लिए प्रयास करना महत्वपूर्ण है जो भारतीय मुसलमानों के बीच प्रचलित राष्ट्रवादी उत्साह को पहचानता है। आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने के बावजूद, मुसलमान अक्सर खुद को हाशिए पर पाते हैं और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पाते हैं। इस मुद्दे को हल करने के लिए, राजनीतिक दलों को सक्रिय रूप से मुस्लिम नेताओं और प्रतिनिधियों को अपने निर्णय लेने के ढांचे में शामिल करना चाहिए। केवल यह सुनिश्चित करके कि भारतीय मुसलमानों की निर्णय लेने में सार्थक भूमिका हो, हम वास्तव में अधिक समावेशी और प्रतिनिधि लोकतंत्र का निर्माण कर सकते हैं। यह याद रखने की आवश्यकता है कि विभाजनकारी और अलग-थलग करने वाले आख्यानों के झांसे में आने से घृणा फैलाने वालों का हौसला बढ़ेगा और साथ ही समुदाय की भविष्य की संभावनाओं को भी खतरा होगा।

# आदिवासी जनजीवन के नये जन्म का उजाला

आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक है, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त करीब 12 करोड की लागत से एकलव्य आवासीय माडल विद्यालय का निर्माण होकर विगत दो दशकों से शिक्षा की नई उपलब्धियां एवं कीर्तिमान उनके प्रयत्नों से स्थापित कर रहा है। वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विद्यालय एवं अन्य योजनाओं का शुभारंभ करीब डेढ़ लाख आदिवासी लोगों के बीच किया।



ललित गर्ग

सुखी परिवार अभियान के प्रणेता, आदिवासी जनजीवन के मसीहा एवं प्रख्यात जैन संत गणि राजेन्द्र विजय पिछले 36 वर्षों से आदिवासी विषयों एवं मुद्दों को लेकर सक्रिय है, उन्होंने आदिवासी जनजीवन के उन्नयन एवं विकास के लिये अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों-योजनाओं जिनमें शिक्षा, सेवा, चिकित्सा एवं आर्थिक उन्नयन के उपक्रम किये हैं, जो आदिवासी जन-जीवन में उतरती रोशनी है। हाल ही में गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आनलाइन कवांट की आदिवासी महिलाओं से बातचीत करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह एवं आत्मीयता से याद किया, समूचे देश ने यह परिदृश्य देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। मोदी का इस तरह इस संत पुरुष को याद करना,उनके गौरव को, उनके होने का भान कराता हैं। इस वर्ष गणि राजेन्द्र विजयजी अपने जन्म दिन 19 मई, 2024 को गुजरात के आदिवासी क्षेत्र कवांट में देश के पहले कौशल विकास विश्वविद्यालय 'भगवान आदिनाथ आदिवासी कौशल विश्वविद्यालय' के बीज को आकार देने को तत्पर हो रहे हैं, जिससे भारत के कौशल का दुनिया में डंका बजेगा एवं आदिवासी जनजीवन विकास की एक नई गाथा लिखने को तत्पर हो सकेगा।

निश्चित ही गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी समाज को उचित दर्जा दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। वे स्वयं समर्थ एवं समृद्ध है, अतः शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये स्वयं आगे आएं। एक तरह से एक संतपुरुष के प्रयत्नों से एक सम्पूर्ण पिछडा एवं उपेक्षित आदिवासी समाज स्वयं को आदर्श रूप में निर्मित करने के लिये तत्पर हो रहा है, यह एक अनुकरणीय एवं सराहनीय प्रयास है। लेकिन इन आदिवासी लोगों को राजनीतिक संरक्षक भी मिले, इसके लिये वे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सम्पर्क स्थापित कर आदिवासी जीवन के दर्द से उन्हें अवगत कराया एवं इस बार के लोकसभा चुनाव में आदिवासी लोगों को सक्रिय किये हुए है। भारतीय समाज में जिन आदर्शों की कल्पना की गई है, वे भारतीयों को आज भी उतनी ही श्रद्धा से स्वीकार हैं। मूल्य निष्ठा में जनता का विश्वास अभी तक समाप्त नहीं हुआ। व्यक्ति अगर अकेला भी हो पर नैतिकता का पक्षधर हो और उसका विरोध कोई ताकतवर कुटिलता और षड्यंत्र से कर रहा हो तो जनता अकेले आदमी को पसन्द करेगी। इन्हीं मूल्यों की प्रतिष्ठापना, गणि राजेन्द्र विजय के मिशन एवं विजन का उद्देश्य है।

गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक है, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त करीब 12 करोड की लागत से एकलव्य आवासीय माडल विद्यालय का निर्माण होकर विगत दो दशकों




से शिक्षा की नई उपलब्धियां एवं कीर्तिमान उनके प्रयत्नों से स्थापित कर रहा है। वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विद्यालय एवं अन्य योजनाओं का शुभारंभ करीब डेढ़ लाख आदिवासी लोगों के बीच किया, इतनी विशाल आदिवासी उपस्थिति गणिजी के इस क्षेत्र में प्रभाव को दर्शा रही थी। उनके नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिनमें कन्या शिक्षा के लिये ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन हो रहा हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलम्बन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं और अपने शरीर को तपाते हैं। अपने कार्यक्रमों में वे आदिवासी के साथ-साथ आम लोगों में शिक्षा के साथ-साथ नशा मुक्ति एवं रूढ़ि उन्मूलन की अलख जगाते हैं। उनके प्रयत्नों का उद्देश्य है शिक्षा एवं पढ़ने की रूचि जागृत करने के साथ-साथ आदिवासी जनजीवन के मन में अहिंसा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगाना है। हर आदमी अपने अन्दर झांके और अपना स्वयं का निरीक्षण करे। आज मानवता इसलिए खतरे में नहीं है कि अनैतिकता बढ़ रही है। अनैतिकता सदैव रही है- कभी कम और कभी ज्यादा। सबसे खतरे वाली बात यह है कि नैतिकता के प्रति आस्था नहीं रही।

त्याग, साधना, सादगी, प्रबुद्धता एवं करुणा से ओतप्रोत गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी जाति की अस्मिता की सुरक्षा के लिए तथा मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। मानो वे दांडी पकड़े गुजरात के उभरते हुए 'गांधी' हैं। इसी आदिवासी माटी में 19 मई, 1974 को एक आदिवासी परिवार में जन्में गणि राजेन्द्र विजयजी मात्र ग्यारह वर्ष की अवस्था में जैन मुनि बन गये। बीस से अधिक पुस्तकें लिखने वाले इस संत के भीतर एक ज्वाला है, जो कभी अश्लीलता के खिलाफ आन्दोलन करती हुए दिखती है, तो कभी जबरन धर्म परिवर्तन कराने वालों के प्रति मुखर हो जाती है। कभी जल, जमीन, जंगल के अस्तित्व के लिये मुखर हो जाती है। इस संत ने स्वस्थ एवं अहिंसक समाज निर्माण के लिये जिस तरह के प्रयत्न किये हैं, उनमें दिखावा नहीं है, प्रदर्शन नहीं है, प्रचार-प्रसार की भूख नहीं है, किसी सम्मान पाने की लालसा नहीं है, किन्हीं राजनेताओं को अपने मंचों पर बुलाकर अपने शक्ति के प्रदर्शन की अभीप्सा नहीं है। अपनी धून में यह संत आदर्श को स्थापित करने और आदिवासी समाज की शक्ल बदलने के लिये प्रयासरत है और इन प्रयासों के सुपरिणाम देखना हो तो कंवाट, बलद, रंगपुर, बोडेली आदि-आदि आदिवासी क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

गणि राजेन्द्र विजयजी परिवार को सुदृढ़ बनाने के लिये ही सुखी परिवार फाउण्डेशन के द्वारा संचालित सुखी परिवार अभियान को लेकर सक्रिय है। मेरा सौभाग्य है कि वर्ष 2006 से संचालित इस फाउण्डेशन का संस्थापक महामंत्री बनने से लेकर वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा हूं। गणिजी की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सबसे पहले परिवार संस्कारवान बने, माता-पिता संस्कारवान बने, तभी बच्चे संस्कारवान चरित्रवान बनकर घर की, परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकेंगे। अगर बच्चे सत्पथ से भटक जाएंगे तो उनका जीवन अंधकार के उस गहन गर्त में चला जाएगा जहां से पुनः निकलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। बच्चों को संस्कारी बनाने की दृष्टि से गणि राजेन्द्र विजय विशेष प्रयास कर रहे हैं। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। यह कार्य सरकार तंत्र पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सही शिक्षा और सही संस्कारों के निर्माण के द्वारा ही परिवार, समाज और राष्ट्र को वास्तविक अर्थों में नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न बनाया जा सकता है। मेरी दृष्टि में गणि राजेन्द्र विजयजी के उपक्रम एवं प्रयास आदिवासी अंचल में एक रोशनी का अवतरण है, यह ऐसी रोशनी है जो हिंसा, आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद जैसी समस्याओं का समाधान बन रही है। अक्सर हम राजनीति के माध्यम से इन समस्याओं का समाधन खोजते हैं, जबकि समाधान की अपेक्षा संकट गहराता हुआ प्रतीत होता है। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थों के कारण इन उपेक्षित एवं अभावग्रस्त लोगों का शोषण ही होते हुए देखा गया है।

# सोशल मीडिया से लोकसभा चुनाव पर पड़ता प्रभाव?

आम जनता की जमीनी समस्याएँ जस की तस कराह रही है जबकि सभी के अपने-अपने दावे है। रोजगार की मांग को सीधे अनसुना किया जाना। शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत आम आदमी की पहुँच से दूर हो जाना, बढ़ती महंगाई और अमीरी-गरीबी की खाई समेत अनेकों बातें है जिसका संज्ञान चुनावी पार्टियों ने नहीं लिया है जिन्होंने लिया भी है उनका उद्देश्य सिर्फ वोट पाने तक सीमित है। ऐसे में सोशल मीडिया की भूमिका अब अधिक महत्वपूर्ण हो गयी है। कई दिग्गजों के एक्स पोस्ट पर आप को सीधे कटाक्ष करने वाले पोस्ट देखने को मिलेगे। यानि की लोगों को बात रखने का एक अनूठा माध्यम सोशल मीडिया ने दिया है और अब वह दिन प्रतिदिन प्रभावशाली भी हो रहा है। हाँलाकि सोशल मीडिया पर भी नियंत्रण के लिए कई अटैक हुए है पर अभी भी वह दबाव में नहीं दिखाई दे रहा है।




डॉ. अजय कुमार मिश्रा

समय व्यतीत होने के साथ-साथ तकनीकी ने सभी क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन किया है समाचार का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। समाचार क्षेत्र में बढ़ती भीड़ और कॉर्पोरेट के दबदबे ने सभी को यह एहसास दिलाया है की तीन दशक पूर्व आधे घंटे का समाचार व्यक्ति को वो सभी जानकारी दे देता था जिसकी उन्हें आवश्यकता होती थी जबकि समाचार की इस भीड़ में 24 घंटे सभी को वो परोसा जा रहा है जिसे कुछ लोग बैठ कर निर्धारित करतें है और इन सब के पीछे का उद्देश्य आपको मानसिक रूप से नियंत्रित करना है। यह अब हम सभी ने आसान भी कर दिया है क्योंकि हम अब तर्क करना भूल गए है। हमें जो परोसा जाता है उसे ही हम सही मान लेतें है। ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होतें ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है। यही नवचार और शक्ति है जो यह सोचने और समझने पर विवश कर रही है की क्या सोशल मीडिया लोकसभा चुनाव पर प्रभाव डालेगा?

कुछ युवाओं से व्यक्तिगत वार्तालाप करने पर उनका कहना था की यदि कांग्रेस सत्ता में वापसी करती है तो इसका सीधा श्रेय यूटूबर ध्रुव राठी को जायेगा। क्योंकि इधर कुछ दिनों में ध्रुव राठी के विडियो न केवल तेजी से लोगों में प्रसिद्द हो रहें है बल्कि समाचार के मुख्य स्रोतों या यूँ कहें मीडिया घरानों द्वारा उद्देश्य पूरक समाचार न देने की कलई भी खोल दे रहें है। ध्रुव राठी अकेले ऐसे व्यक्तित्व नहीं है बल्कि रविश कुमार, पूण्य प्रसून बाजपेयी समेत अनेकों ऐसे लोग है जो तर्क और आकड़ों के साथ वास्तविक सच्चाई आम लोगों तक पहुंचा रहें है। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप्प, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स पर अनेकों ऐसे व्यक्तित्व है जिनके द्वारा ऐसी सच्चाई सामने लगातार लायी जा रही है जो मुख्य मीडिया की प्रभावशाली धारा में दब कर ख़त्म हो जा रही थी। देश-विदेश की एक दो नहीं ऐसी अनेकों घटना, विवाद और सच्चाई रही है जिसे सोशल मीडिया ने आम जन तक पहुँचाया है और जानकारी वायरल होने के पश्चात सरकार को न चाहतें हुए भी उस पर एक्शन लेना पड़ा है।

वर्तमान में चल रहें लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से चार चरण का चुनाव पूरा हो गया है और पाचवें चरण का चुनाव



20 मई को है। अभी तक किये गए प्रचार-प्रसार को आप देखे तो राजनेताओं ने न केवल सभी हदे पार कर दी बल्कि यह सभी को एहसास करा दिया है की कुर्सी के लिए वो कितने निचे गिर सकते है। समाचार पत्र और चैनल्स स्वयं पार्टियों का प्रचार-प्रसार आम आदमी के हितों की अनदेखी करके कर रहे है। आम जनता की जमीनी समस्याएँ जस की तस कराह रही है जबकि सभी के अपने-अपने दावे है। रोजगार की मांग को सीधे अनसुना किया जाना। शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत आम आदमी की पहुँच से दूर हो जाना, बढ़ती महंगाई और अमीरी-गरीबी की खाई समेत अनेकों बातें है जिसका संज्ञान चुनावी पार्टियों ने नहीं लिया है जिन्होंने लिया भी है उनका उद्देश्य सिर्फ वोट पाने तक सीमित है। ऐसे में सोशल मीडिया की भूमिका अब अधिक महत्वपूर्ण हो गयी है। कई दिग्गजों के एक्स पोस्ट पर आप को सीधे कटाक्ष करने वाले पोस्ट देखने को मिलेगे। यानि की लोगों को बात रखने का एक अनूठा माध्यम सोशल मीडिया ने दिया है और अब वह दिन प्रतिदिन प्रभावशाली भी हो रहा है। हाँलाकि सोशल मीडिया पर भी नियंत्रण के लिए कई अटैक हुए है पर अभी भी वह दबाव में नहीं दिखाई दे रहा है।

इस लोकसभा चुनाव में यह सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया प्रभाव डालेगा पर उसका प्रतिशत क्या होगा यह अभी अनिश्चित है। पर बढ़ती हिस्सेदारी, स्वतंत्रता, सोशल मीडिया को अधिक मजबूत बना रही है जो अब समाचार पाने और देने का विश्वसनीय स्रोत बन गया है। परम्परागत समाचार प्रदाता अब अपनी शाख खोने लगे है जनता अब सीधे सवाल करने में यकीन करने वाली हो गयी है।

विभिन्न बातों और वास्तविकताओं को समझने और मूल्यांकित करने के पश्चात यह आसानी से कहा जा सकता है की वर्तमान लोकसभा चुनाव पर सोशल मीडिया प्रभाव डालने जा रहा है और भविष्य में होने वालें चुनावों में और गहराई से प्रभावशाली प्रभाव डालने वाला होगा। क्योंकि समय के साथ-साथ इनके उपयोगकर्ताओं में वृद्धि होगी और सभी के द्वारा पोस्ट किये जा रहें आकड़ों और विवरणों के प्रति उनकी स्वयं की जिम्मेदारी भी। हालाँकि केंद्र सरकार ने एक निति के तहत सभी तरह के सोशल प्लेटफार्म पर कुछ भी लिखने को लेकर एक नया नियम बनाया है।

दिलचस्प होगा की आम जन के लिए आजादी का यह प्लेटफार्म कब तक स्वयं आजाद रह पाता है और चुनावों में अपनी भूमिका कितनी प्रतिबद्धता के साथ निभा पाता है। पर इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता की चल रहें लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया व्यापक रूप से प्रभाव डाल रहा है और यदि सरकार बदल जाती है या ऐसा परिणाम आता है जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की हो तो उसकी देन सोशल मीडिया ही माना जायेगा। फिलहाल स्वतंत्रत रूप में जानकारी प्राप्त करने और देने में सोशल मीडिया का अभी कोई प्रतियोगी नहीं दिखता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# पर्ची लाने वाले मतदाताओं को वोट डालने से न रोकें

## मतदान के दिन निर्वाचन ड्यूटी में लगे सभी कार्मिक एवं सुरक्षा बल मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें : नवदीप

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शेष तीन चरणो में भी निर्भीक, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये गये हैं, इसके लिए संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों व कार्यक्रमों में और गति लाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाने के साथ वहां पर बीएलओ की उपस्थिति तथा मतदाता सूची की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाय। बीएलओ की अन्यत्र ड्यूटी न लगे, बीएलओ स्वयं ही ड्यूटी पर रहें, उसके स्थान पर उनके पुत्र, पति, रिश्तेदार ड्यूटी पर न रहें। वोटर असिस्टेंस बूथ



दृष्टव्य स्थान पर बनाया जाय और इसके लिए उचित संकेतक भी लगाया जाये।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूचना पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण कराया जाय। बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के समय मतदाताओं के नाम व मोबाइल नं0 आदि का विवरण भी प्राप्त किया जाये, जिससे कि वितरण की कार्यवाही को वरिष्ठ अधिकारी द्वारा वोटर्स से क्रास-चेक भी किया जा सके। जिन मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची किन्हीं कारणों से प्राप्त नहीं हो सकीं

**■ पोलिंग पार्टियों तथा सेक्टर मैजिस्ट्रेट को निर्देशित करें**

हैं, वह मतदेय स्थल पर उपलब्ध मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों तथा सेक्टर मैजिस्ट्रेट को निर्देशित करें, कि मतदान के दिन यदि किन्ही कारणों से मतदाता, मतदाता सूचना पर्ची नही लाया है तो उसे लौटाया न जाये और मतदान से रोका न जाए। राजनैतिक दलों द्वारा जारी की गयी मतदाता पर्ची लाने वाले मतदाताओं को भी लौटाया न जाये, बल्कि उन्हें मतदान करने की सुविधा दी जाये। पोलिंग पार्टियों की जिम्मेदारी होगी कि मतदान के दिन मतदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये पहचान संबंधी दस्तावेज़ और मतदाता सूची में उपलब्ध विवरण से मामूली भिन्नता की स्थिति में उसे मतदान से वंचित न किया जाये। मतदान के दिन निर्वाचन ड्यूटी में लगे सभी कार्मिक एवं सुरक्षा बल मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। यदि कोई व्यक्ति मतदान हेतु अपने वाहन से परिवार के साथ बूथ पर जा रहा हो, तो उसे निर्धारित स्थान तक जाने दिया जाये, पुलिस द्वारा उसे रोका न जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शिकायत पर बीएलओ या पोलिंग एजेन्ट को मतदान स्थल से हटाने या न हटाने का निर्णय केवल सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, आरओ, एआरओ का होगा। पुलिस द्वारा किसी भी पोलिंग एजेंट को मतदान स्थल से नहीं हटाया जाएगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल संबधित सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल /मजिस्ट्रेट/ आरओ/एआरओ के संज्ञान में लाया जाय। मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार पर ही प्रत्येक पोलिंग बूथ की जानकारी, पानी की सुविधा, शौचालय आदि के संबंध में उचित साइनेज होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रकिया की धीमी गति को बढ़ाने के लिए यदि वोटर के पास मतदाता पहचान पत्र हो तो मतदाता रजिस्टर में म्च्प्ब् का पूरा नम्बर न लिख कर मात्र म्च् लिखा जाय। डिस्पैच के समय, सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से वीडियो कांफ्रेसिंग में बताये गये बिन्दुओं से पोलिंग पार्टियों को अवगत कराया जाय ताकि वे अपने दायित्वों का समुचित निर्वाहन कर सकें। प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर न्यूनतम जरूरी सुविधायें उपलब्ध करायी जाएं। पोलिंग स्टेशन परिसर में मतदाताओं की कतार तक छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो, इसलिए मतदान के दिन बिजली आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न न हो। लू से बचाव के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं के साथ पर्याप्त ओआरएस एवं मेडिकल किट उपलब्ध कराये जाएं। सेक्टर टीम के पास एक पैरामेडिक कर्मी भी उपलब्ध कराये जाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके।

# विपक्ष के मुद्दा है न ही नीति, तीसरी बार देश के पीएम बनने जा रहे मोदी

**अवधनामा संवाददाता**

**कौशांबी।** अपना दल एस की मुखिया व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि एनडीए गठबंधन 400 पार के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विपक्ष के पास न कोई मुद्दा न कोई नीति है। विपक्ष के साथी दलों की राज्यों मे चल रही सरकार के प्रति जनता के मन मे आक्रोश है। जिसका नतीजा है कि तीसरी बार एनडीए गठबंधन की देश में सरकार बनने जा रही है। यह बातें अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को कौशाम्बी लोकसभा सीट से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी व सांसद विनोद सोनकर के समर्थन में सिराथू क्षेत्र के कल्याणपुर में आयोजित चुनावी सभा में कहीं।

उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन 400 पार के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। देश में भाजपा के प्रत्याशी सामान्य नहीं रिकॉर्ड मत से जीतने की ओर बढ़ रहे हैं। यह मोदी के कार्यो को जन विश्वास का प्रमाण है। विपक्षी दलों



**■ मोदी और योगी सरकार के कार्यो को सराहा**

के पास ना कोई मुद्दा है ना कोई नीति है । इंडी गठबंधन में जितने भी दल शामिल हैं। उन्होंने राज्यों में सरकार चलाई, देश में सरकार चलाई, लेकिन जनता के मन में आज आक्रोश है। इसी आक्रोश का नतीजा है कि तीसरी बार एनडीए सरकार बनाने जा रहा है।

इसके बाद प्रतापगढ़ में बाबागंज विधानसभा के मानिकपुर में हुई चुनावी सभा में अनुप्रिया पटेल ने मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार की विकास नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को याद दिलाकर जनता से वोट की अपील की। चुनावी जनसभा के दौरान अपना दल एस की मुखिया ने भाजपा प्रत्याशी व सांसद विनोद सोनकर के पक्ष में समर्थन की अपील किया। इस दौरान तमाम पार्टी प्रमुख लोगों में राष्ट्रीय महासचिव नागेंद्र सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य, संतोष सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद, सचिन केसरवानी आदि रहे।

# पांचवे चरण : पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पांचवे चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन हेतु 20 मई, 2024 को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए 19 मई, 2024 (रविवार) को मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए पाँचवे चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पांचवे चरण में प्रदेश की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 34-मोहनलालगंज (अ0जा0), 35-लखनऊ, 36-रायबरेली, 37-अमेठी, 45-जालौन (अ0जा0), 46-झांसी,

**■ मतदान कर्मियों के लिए उपलब्ध रहेंगी जरूरी सुविधाएं**

47-हमीरपुर, 48-बांदा, 49-फतेहपुर, 50-कौशाम्बी (अ0जा0), 53-बाराबंकी (अ0जा0), 54-फैजाबाद, 57-कैसरगंज, 59-गोण्डा लोकसभा सीट प्रदेश के 21 जनपद लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच तथा बलरामपुर में आते हैं। 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ जनपद में आता है। उन्होंने बताया कि पांचवे चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं पोलिंग बूथ पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है।

# पर्ची कही से भी लीजिएगा वोट राजनाथ को दीजिए

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** अंबर फाउंडेशन अब किसी पहचान का मुहताज नही रहा,सालो से दिन रात लोगो के बीच रहकर उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करना और उनके बुरे वक्त पर उनके साथ खड़े रहना फाउंडेशन और इसके अध्यक्ष वफा अब्बास साहब की लोकप्रियता को बड़ा रहा है,और यही वजह है कि समाज का एक बड़ा तबका इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

लेकिन इस बार सालो से लखनऊ की आवाम की सेवा करती आई अंबर फाउंडेशन लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को समर्थन देते हुए मैदान में उतर चुकी है। फाउंडेशन के अध्यक्ष वफा अब्बास ने लखनऊ से बीजेपी प्रत्याशी राजनाथ सिंह को अपना पूरा समर्थन देने की बात कही और लखनऊ की आवाम से राजनाथ सिंह को वोट देने की अपील की। इसी क्रम में आज लखनऊ के शहादतगंज थाने के अंतर्गत शिया यतीमखाने में अंबर



फाउंडेशन द्वारा एक जनसभा का आयोजन किया गया जिसे सुनने के लिए वहा हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे। फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री वफा अब्बास ने बताया कि फाउंडेशन पिछले 5 सालो से लखनऊ की आवाम की सेवा कर रही है और पिछले डेढ़ सालो से हम राजनाथ सिंह के मिलकर बड़े काम को अंजाम दे रहे हैं जिसमे कलेक्टर बिटिया जैसे प्रोग्राम भी शामिल है। राजनाथ सिंह अच्छे नेता के साथ साथ एक बेहतर इंसान भी हैं उनके साथ काम कर के मुझे और मेरी पूरी टीम को गर्व महसूस होता है और ऐसे इंसान के लिए हमे खुलकर सामने आने की ज़रूरत है इसीलिए हम जगह जगह सभाएं कर रहे हैं गली गली मोहल्ले में घर घर जाकर राजनाथ सिंह के लिए वोट मांग रहे हैं।

श्री अब्बास ने कहा जो इंसान चुनाव के पहले से अंबर फाउंडेशन के साथ जुड़कर बड़े बड़े कामों में अपना योगदान दे रहा हो सोचिए वो चुनाव जीतने के बाद आपके लिए क्या नही करेगा। श्री अब्बास ने कहा कि हमारे सभी भाई जो अलग अलग दलों से हैं वह बस पार्षद या अपनी पार्टी के नेता भर हैं और इनकी एक सीमा है,राजनाथ सिंह जी सांसद से बढ़कर हैं उन्होंने 54000 करोड़ केवल लखनऊ में खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे शहर में किए गए हर काम और हर ब्रिज का फ़ायदा पूरा शहर उठा रहा है आपके वार्ड में कई सड़कें और गलियाँ उनके कहने से बनी हैं और अगर आपकी आवाज़ वहाँ तक नहीं पहुँची और

**■ राजनाथ सिंह अच्छे नेता के साथ साथ एक बेहतर इंसान भी हैं : वफा अब्बास**

आपका कोई काम रुका रहा तो इसकी ज़िम्मेदारी इन्ही नेताओं की है जिन्होंने आपको आज तक उनसे जुड़ने नहीं दिया और फिर रोक रहे हैं।

श्री अब्बास ने कहा आप याद रखिए शहर का कोई भी पार्षद एक ब्रिज नहीं बना सकता। हमारी बात सिर्फ़ लखनऊ के लिये है,आपका वोट ख़राब करवाकर इन सबको सिर्फ़ अपनी पार्टी में शाबाशी मिलेगी, आपको कुछ नहीं मिलेगा। पहले आपके साथ अम्बर फाउंडेशन की टीम नहीं थी मगर अब हम आपके साथ डेढ़ साल से हैं आप याद कीजिए कि मैंने बिना किसी सपोर्ट के 40 हज़ार से ज़्यादा लोगों तक मदद पहुँचायी है,ये इस बात का सबूत है कि हम काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि याद रखिए कि ये लखनऊ का चुनाव है इससे किसी पार्षद का कोई लेना देना नहीं है।

# सीएमएस छात्रों ने जीते सात गोल्ड मेडल

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) के मेधावी छात्रों ने इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में 7 गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडल अर्जित करने वाले छात्रों में संस्कृति मिश्रा, अथर्व शुक्ला, आस्था मिश्रा, वाची सिंह, रबनूर, राजशेखर अवस्थी एवं सैयद अहसान हैदर शामिल हैं। ओलम्पियाड का आयोजन साइन्स ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में विभिन्न देशों के छात्रों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों ने गणित विषय अपने ज्ञान का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 7 स्वर्ण पदक अर्जित किया, साथ ही अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा की बदौलत



आने वाले समय में विश्व पटल पर देश का नाम रोशन करने का संकेत दिया है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि वैज्ञानिक युग के महत्व को स्वीकारते हुए सी.एम.एस. अपने छात्रों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से जोरदार प्रयास कर रहा है जिसकी बदौलत सी.एम.एस. छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नये नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

# लुलु मॉल में टीटू और फुकरे बॉयज जैसे कार्टून कैरेक्टर मचा रहे खूब धमाल

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ का सबसे हैपनिंग शॉपिंग डेस्टिनेशन लुलु मॉल गर्मी की छुट्टियों को यादगार बनाने का एक शानदार मौका लेके आया है हम सभी जानते हैं गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं ऐसे में बच्चों के मनोरंजन का ख्याल रखना अब उनके माता पिता की जिम्मेदारी बन जाती है। वक्त की इसी नजाकत को देखते हुए लखनऊ का लुलु मॉल बच्चों के लिए कुछ ऐसा लेकर आया है जिससे माता पिता की चिंता भी दूर हो जाएगी और बच्चों का भरपूर मनोरंजन भी हो जाएगा। लुलु मॉल में 13 मई से 26 मई तक डिस्कवरी किड्स के बेहतरीन कार्टून कैरेक्टर्स मौजूद रहेंगे। जैसे टीटू, क्रिस, मिस्टर बीन और फुकरे बॉयज इत्यादि। फुकरे बॉयज और टीटू क्रिस तो लखनऊ में पहली बार शिरकत करने आ रहे तो अब तो मनोरंजन का डबल



**■ लखनऊ में पहली बार आ रहे फुकरे बॉयज और टीटू जैसे कार्टून कैरेक्टर्स**

धमाल देखने को मिलेगा। टीटू, क्रिस और मिस्टर बीन 18 एवं 19 मई को जबकि फुकरे बॉयज 25 एवं 26 मई को दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा मॉल में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल और वर्क शॉप भी होंगे जिसमे अलग अलग प्रकार के प्राइज होंगे, जिन्हे बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जीत सकते हैं।

लुलु मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने कहा बच्चों की खुशियों में ही हम सब की खुशी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने बच्चों के लिए डिस्कवरी किड्स के तत्वाधान में कट्टी बट्टी दोस्ती पक्की नामक मनोरंजक एक्टिविटी का आयोजन कर रहे है। डिस्कवरी किड्स के सभी कैरेक्टर से बच्चे मुलाकात करने के साथ सेल्फी भी ले सकते हैं। इसके अलावा द्य मॉल में कई तरह की प्रतियोगिताएं भी होंगी, जिनमे प्रतिभाग कर कई आकर्षक प्राइज भी जीते जा सकते हैं।

# जैपुरिया स्कूल ने 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया

**अवधनामा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एनबीए और एआईयू द्वारा मान्यता प्राप्त जैपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस, गाजियाबाद ने 18 मई को अपने 2021-23 और 2022-24 पीजीडीएम बैचों के लिए अपना वार्षिक दीक्षांत समारोह गर्व से मनाया। 2022-24 बैच के 138 छात्र और 2021-23 बैच के 90 छात्र जिन्होंने सफलतापूर्वक अपनी पढ़ाई पूरी की, इस शुभ अवसर पर पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए योग्य थे। सर्वश्रेष्ठ छात्रा पुरस्कार डीईआई (विविधता, समानता और समावेशन) के प्रति बी-स्कूल की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आलोक बी. श्रीराम की गौरवशाली उपस्थिति रही। श्री आलोक बी. श्रीराम डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक और सीईओ हैं। वह डीसीएम हुंडई लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी भी हैं। अपने ज्ञानवर्धक संबोधन में उन्होंने छात्रों को संस्थान से सीखी गई बातों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्र कौशल, ज्ञान और अनुभव से लैस हैं जो उन्हें गतिशील नेतृत्व के मार्ग पर मार्गदर्शन करेगा।

सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन श्री शिशिर जैपुरिया ने पीजीडीएम कार्यक्रम के सफल समापन पर 2021-23 और 2022-24 के बैच को सम्मानित किया। अपने विशेष संबोधन में उन्होंने कहा, दीक्षांत समारोह छात्रों की उद्योग की विशाल दुनिया में यात्रा की शुरुआत है, जहां अनगिनत अवसर और चुनौतियाँ प्रतीक्षा कर रही हैं। युवाओं को खुद को कौशल और दक्षता से लैस करना चाहिए और भविष्य के लिए तैयार होने के लिए एआई की क्षमता का उपयोग करना चाहिए। उन्हें आजीवन सीखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

# मनमाने तरीके से उपभोक्ताओं के भार बढाने के मामले में लड़ाई रंग लाई

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** गर्मी आते हैं जहां प्रदेश की बिजली कंपनियां प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का भार बढाने में जुट जाती है जुटे भी क्यों ना क्योंकि उससे राजस्व बढता है वैसे पावर कारपोरेशन के निदेशक कमर्शियल श्री अमित कुमार श्रीवास्तव की तरफ से एक बार फिर यह आदेश जारी कर दिया गया है कि हर हाल में विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए नियम विद्युत वितरण संहिता 2005 के तहत लगातार जब तक उपभोक्ता का भार उनके द्वारा लिए गए स्वीकृत भार से 3 माह अधिक आए फिर उन्हें एक माह की नोटिस देने के उपरांत ही उनका भार बढाया जाए अभी तक बिजली कंपनियां मनमाने तरीके से बिना नोटिस दिए उपभोक्ताओं के भार बढा रही थी जिनको लेकर उपभोक्ता परिषद ने मोर्चा खोल दिया था। और 2 दिन पहले

**■ विद्युत वितरण संहिता द्वारा बनाए गए कानून के तहत की जाए**

पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार से मुलाकात कर विरोध दर्ज कराया था।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं का भार बढाने के लिए तो बहुत तेजी से काम करती है लेकिन वह अपने सिस्टम का भार बढाने के लिए तेजी से कम क्यों नहीं करती जिसका खामियाजा लंबे समय से उपभोक्ता भुगत रहे हैं उन्हें अच्छी गुणवत्ता की बिजली नहीं मिल पा रही है उन्हें शायद यह पता ही होगा की मार्च 2024 के आंकडों पर ध्यान दें तो प्रदेश में कुल 473 की सँख्या में 132 केवी सब स्टेशन है और उनकी कुल क्षमता जो है है वह 65213 एमवीए है यानी कि जब उसे किलोवाट में निकाला जाएगा तो वह 5 करोड 86 लाख 91 हजार हजार 700 किलो वाट होगा वहीं मार्च 2024 की बात करें तो प्रदेश में लगभग 3 करोड 45 लाख 93087 विद्युत उपभोक्ताओं है उनका कुल स्वीकृत भार है वह लगभग 7 करोड 38 लाख 35635 किलो वाट है ऐसे में यह कहना उचित होगा कि जब भीषण गर्मी पड रही है और उपभोक्ता अपने स्वीकृत भार का सत प्रतिशत उपभोग कर रहा है तो पावर कारपोरेशन का सिस्टम कांपने लग रहा क्योंकि इस भीषण गर्मी में डायवर्सिटी फैक्टर 1 अनुपात 1 हो ही जाएगा उपभोक्ताओं द्वारा लिए गए भार और प्रदेश की बिजली कंपनियों के सिस्टम के भार में लगभग 2 करोड किलोवाट का अंतर है ऊपर से इसी सिस्टम पर बिजली चोरी का जब लोड लगभग 20 प्रतिसत आता है।

# पहले मतदान करें फिर जलपान करें : मोहनीश

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** आज दिनांक 18 मई 2024 को उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रथम जिला परिषद अध्यक्ष लखनऊ एवम् पूर्व विधायक स्व पंडित रामपाल त्रिवेदी जी के प्रपौत्र मोहनीश त्रिवेदी ने प्रदेशवासियों सहित पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों से अपील की है कि वो पहले मतदान करे उसके पश्चात ही जलपान करें।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उत्तर प्रदेश के हजारों टिम्बर व्यापारियों को लाइसेंस दे कर उनको व्यापार करने का अवसर प्रदान किया है,टिम्बर व्यापारियों पर कर्ज है सरकार का जिसे फर्ज के साथ भाजपा प्रत्याशियों को जीता के उतारने का अवसर है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि हमारे सैनिक धूप,बारिश,सर्दी में सब

**■ उ.प्र. टिम्बर एसोसिएशन ने की भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील**

कुछ सह कर हमारे देश और हम सबकी रक्षा करते है हम सबको भी राष्ट्र की तरक्की के लिए एक अवसर मिलता है चुनाव में अपना बहुमूल्य मतदान कर के जिसे कुछ लोग छुट्टी के रूप में मना कर अपना कर्तव्य पालन नहीं करते ऐसे लोगो से विशेष अपील है कि इस अवसर को किसी भी हाल में न छोड़े और अपना मतदान जरूर करें ताकि देश की तरक्की में आपका भी योगदान हो। श्री त्रिवेदी ने लखनऊ के सभी पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों सहित लोगो से निवेदन किया कि वो दिल्ली में लखनऊ की और मजबूत बनाने के लिए लखनऊ लोकसभा से राजनाथ सिंह जी और मोहनलालगंज लोकसभा से कौशल किशोर जी की जीत के अंतर को और बढ़ाने का कार्य करें।

# 'सभी को मिलकर मतदान करना आवश्यक'

## सीबीसी और वीबीपीएस के साथ चला मतदाता जागरुकता अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**कौशाम्बी।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर, कौशाम्बी के संयुक्त तत्वावधान में आज कालेज परिसर में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई तत्पश्चात संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के सीओ होमगार्ड कौशाम्बी वी.के. द्विवेदी ने कहा कि देश के विकास के लिए सभी को मिलकर मतदान करना चाहिए। मतदान के द्वारा आप अपने अनुसार नेता व सरकार चुनते हैं अतः सभी को वोट डालना चाहिए। श्री द्विवेदी ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को मतदान के लिए संयुक्त रूप



से शपथ दिलाई।

इस दौरान एक जागरूकता रैली निकाली गई जिसको संदीपनघाट के एसओ चौबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्रों ने मतदान क्यो डालना अनिवार्य है विषय पर भाषण के माध्यम से अपने अपने विचार व्यक्त किये तथा छात्रों ने एक व्यंग्यात्मक लघु नाटिका प्रस्तुत की जिसे देखकर सभी लोटपोट हो गए। कार्यक्रम में पुलिस व होमगार्ड के जवानों ने भी बढचढ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर ब्यूरो के कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत द्वारा मतदान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की गयी और सही उत्तर देने वाले कुल 15 विजेताओं को अतिथियों सहित बालमुकुन्द सिंह क्षेप्रस द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय ने किया। उन्होंने भी अपनी कविता के माध्यम से वोट के लिए बच्चों के द्वारा अभिभावकों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर उत्थान संस्था के सचिव डॉक्टर के के तिवारी और अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने कहा कि हमारा विद्यालय हर क्षेत्र में अपना योगदान बढ़ चढ़कर देता है। कौशाम्बी में लोक सभा का चुनाव भी उसमें से एक है। मैनेजिंग डाइरेक्टर अभिषेक तिवारी ने एनसीसी व स्काउट गाइड का उत्साहवर्धन करते हुए कहा यह वीबीपीएस की एक सुन्दर विंग है जो बढ़िया काम कर रही है।

इसके पूर्व प्रधानाचार्य राहुल शुक्ल ने सीओ होमगार्ड वी के द्विवेदी, कार्यक्रम प्रभारी राममूरत, क्षेप्रस बालमुकुन्द और सलमान रजा को मोमेंटम देकर सम्मान किया और सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर योगेन्द्र साहू, भैय्यन पासी, पीटीआई नकुल तिवारी, फातिमा बीबी, सोमनाथ पाण्डेय, मनीष अग्रहरि, हबीब कौसेन, शाबान, रिंकू नाग, आर पी ओझा, तरन्नुम काजमी, अतुल पाण्डेय, अभिनन्दन पाण्डेय, बलदाऊ पाण्डेय, रवीन्द्र उपाध्याय, शशी मिश्रा, जैनब, सुनीता दुबे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# टीएमयू हॉस्पिटल में बिना बाईपास सर्जरी के मिला नया जीवन

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** यूं ही डॉक्टर को धरती का भगवान नहीं मानते हैं। नॉर्थ इंडिया के जाने-माने हार्ट विशेषज्ञों में शुमार डॉ. आलोक सिंघल ने छोटे से एक दुकानदार मो. नासिर को बाईपास सर्जरी से बचा लिया है, जबकि दिल्ली के नामी हॉस्पिटल ने मो. नासिर के परिजनों को तत्काल बाईपास सर्जरी का सुझाव दिया। बाईपास सर्जरी के नाम से ही परिजन घबरा गए और मो. नासिर को तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल ले आए। प्रारम्भिक जांचों के बाद कॉर्डियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. आलोक सिंघल और उनकी टीम ने एंजियोप्लास्टी विद स्टेंट का निर्णय लिया। हार्ट की नसों- एलएडी और एलसीएक्स पूरी तरह से बंद होने के कारण इस प्रक्रिया को अंजाम देना बेहद मुश्किल भरा था। डॉक्टर्स की टीम ने स्पेशल टेक्निक-एंजियोप्लास्टी वायर, बलून और



अन्य उपकरणों की मदद से हदय की की मुख्य नली एलएडी और डायगोनल नली में 02 स्टेंट और एलसीएक्स नली में 01 स्टेंट सफलतापूर्वक डाले। इससे हार्ट नलियों में रक्त का प्रवाह सामान्य रूप से होने लगा, जिससे बाईपास सर्जरी से पेशेंट बच गया और जान का जोखिम भी टल गया। उल्लेखनीय है, एंजियोप्लास्टी विद स्टेंट प्रक्रिया में हार्ट की नली को वॉयर और बलून डालकर खोला जाता है, जिस जगह पर नली ब्लॉक होती है, वहां पर स्टेंट डाल दिया जाता है।

अवधनामा



# परिषदीय विद्यालय को प्राप्त हुई स्पीकिंग श्रीमदभागवत गीता व 5000 की धनराशि

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विकासखंड बढ़पुरा में प्राथमिक विद्यालय नगला भग्ग में प्रधानाध्यापिका स्वीटी मथुरिया के निरंतर प्रयासों व नवीन नवाचारों के द्वारा शिक्षण कार्यों को देखकर सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत जायंट्स ग्रुप ऑफ राइजिंग स्टार की निदेशक नीतू पुरवार ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीदयाल, ए आर पी बढ़पुरा शैतान सिंह की उपस्थिति में विद्यालय के शैक्षिक पुस्तकालय के लिए म्यूजिकल श्रीमदभागवत गीता व शिक्षण विद्या में नवीनीकृत द्रुष्टज्ञ प्रयोगार्थ स्मार्ट क्लास उपकरण के लिए 5000 की सहयोग धनराशि प्रदान की गयी। प्रधानाध्यापिका के द्वारा विद्यालय में कठपुतली विद्या, स्वयं के लैपटॉप से स्मार्ट क्लास का संचालन, शून्य कास्ट मटेरियल से टीएम का निर्माण आदि के द्वारा शिक्षा में विशेष योगदान को देखते हुए जायंट्स ग्रुप ऑफ़ राइजिंग स्टार के द्वारा उनके व विद्यालयी बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए यह सहयोग राशि प्रदान की गई है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीदयाल विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के अथक प्रयासों से छात्र-छात्राओं के लिए शुद्ध एवं ठंडा पानी हेतु वाटर कूलर विद्यालय परिसर में लगा है एंव लाइब्रेरी हेतु समय-समय पर पूर्व छात्रों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के द्वारा पुस्तक भी प्राप्त हुई हैं। ए आर पी शैतान सिंह के द्वारा प्रधानाध्यापिका के शिक्षण कार्यों व छात्र हित में किए गए कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई एवं साथ ही विद्यालय के मनोरम वातावरण की भी सरहाना की गई। उक्त अवसर पर प्रधानाध्यापिका स्वीटी मथुरिया ने अभिभावकों से कहा की प्रतिदिन प्रार्थना सभा के समय विद्यालय में इस म्यूजिकल श्रीमद् भगवत गीता के एक श्लोक का प्रसारण किया जाएगा। इस्कॉन के प्रचार प्रसार में लगी हुई शची माता जी ने कहा कि जब प्रतिदिन बच्चे गीता जी के श्लोकों का श्रवणम करेंगे तो आत्म स्तर पर शुद्ध होते जाएंगे। नीतू पुरवार जी ने कहा कि जब आज मोबाइल के युग में बच्चे अवसाद में जा रहे हैं ऐसे में यह गीता का ज्ञान उनमें आत्मविश्वास बढ़ाएगा। इस आयोजन के शुभ अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, बीआरसी बढ़पुरा के एआरपी शैतान सिंह जी, जायंट्स ग्रुप ऑफ़ राइजिंग स्टार के स्पॉन्सर बलराज गर्ग, इस्कॉन के प्रचार प्रसार में लगी हुई संगीता राठौर( श्री माता जी), मेहनाज, सेलजा संस्कृत प्रशिक्षिका पूजा, पूनम, दिलीप कुमार, कंचन राठौर, सीमा कुमारी एवम अभिभावक उपस्थित रहे।

## 25 वर्षों से पानीगांव के किसान को नहीं मिला मुआवजा

**मथुरा।** करीब 25 वर्ष पूर्व वृंदावन डांगोली पानीगांव सम्पर्क रोड का निर्माण किया गया था। उस समय रोड के लिए जमीन देने वाले किसानों को मुआवजा दिया गया था। लेकिन उस वक्त किसान फूलसिंह निवासी पानीगांव को परिवार में चल रहे जमीनी विवाद के कारण मुआवजा नहीं मिल सका था। अब उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वृंदावन के सौ शैय्या हास्पीटल से यमुना एक्सप्रेस वे तक फोर लाईन प्रोजेक्ट के तहत पीडब्ल्यूडी दुआरा रोड चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें किसान फूलसिंह ने मुआवजे की मांग करते हुए कार्य को रूकवा दिया। जिसकी सूचना पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार दुवे पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां थानाध्यक्ष संजीव कुमार दुवे ने किसान की एसडीएम से वार्ता कराई। वहीं पानीगांव निवासी किसान फूलसिंह पुत्र हुक्म सिंह ने 25 वर्ष पूर्व से मुआवजा न मिलने पर एसडीएम साहव को आप बीती सुनाते हुए मुआवजे की मांग कर रहे थे।

# डीपीएस में समर कैंप का हुआ शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा में शनिवार को 7 दिन तक आयोजित होने वाले विशेष समर कैंप की शानदार शुरुवात हो गई। पहले दिन ही समर कैम्प में प्रतिभाग करके सभी बच्चे बेहद ही आनंदित और उत्साहित नजर आये, समर कैंप में प्रतिभागी बच्चों ने अपनी गर्मियों की छुट्टियों का भरपूर आनंद उठाया। कैम्प में डीपीएस के खेल विभाग के विभागाध्यक्ष रेहान अजीज के कुशल दिशा निर्देशन में कई इनडोर और आउटडोर गेम्स जैसे योगा, खो खो, स्केटिंग, क्रिकेट, बास्केटबाल, जूडो, कैरम, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक, टेबिलटेनिस, ताईक्कांडो, शतरंज, हैंड्स टेक(कंप्यूटर)के साथ साथ पोटर्स एक्टिविटी, संस्कार शाला गतिविधि सहित व्यक्तित्व विकास जैसी अलग अलग मजेदार प्रतिस्पर्धाओं में सभी बच्चों ने खूब प्रतिभाग किया। वहीं बच्चियों ने भी अपनी आत्मरक्षा से जुड़े विशेष प्रशिक्षण जैसे जूडो कराटे, ताइक्कांडो की बारीकियां सीखी। इस समर कैम्प में विद्यालय के कक्षा 5 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। अब आगामी 24 मई तक यह साप्ताहिक समर कैंप प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से लेकर 9 बजे तक आयोजित किया जायेगा जिस्मे बच्चे अपनी पसंद के अनुसार सभी इनडोर-आउटडोर गेम्स का प्रशिक्षण लेंगे। समर कैंप के शुभारंभ के अवसर पर प्रिंसिपल भावना सिंह ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप के आयोजन से हमेशा बच्चों में एक नई ऊर्जा और आपसी सामाजिक सद्भाव की भावना भी विकसित होती है जिससे वे हमेशा स्वस्थ रहते है साथ ही उनमें छिपी अनोखी खेल प्रतिभा भी निखरती है। डीपीएस के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने कहा कि, सभी अभिभावक विद्यालय के इस विशेष समर कैंप में अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें क्यों कि, खेल कूद की गतिविधि से ही बच्चो के जीवन में स्वास्थ्य के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को नियमित रूप से खेल कूद की विशिष्ट गतिविधि में भी प्रतिभाग अवश्य ही करना चाहिए।

# महफिल व मजलिस के बाद उर्स हुआ पूरा



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** चौपाल मूंज स्थित दरगाह शरीफ हजरत शेख सैय्यद हाजी पीर बाबा हुसैनी रह.अलै.का 28 वां दो दिवसीय सालाना उर्स दिनांक 16 मई को शाम बाद नमाज़ इशा महफ़िल-ए-मीलाद शरीफ से आगाज़ हुआ। महफिल की निजामत अपने शानदार तरीके से इंतखाब आलम अशरफी रौनक इटावी ने किया। महफिल का आगाज मौलाना राशिद ने कलाम पाक की तिलावत करके किया। सैय्यद एजाज ने हजरत सैयदा फातिमा, हजरत मौला अली, हजरत इमाम हुसैन अलै., हजरत इमाम ए हसन, हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्ल.की बीती जिंदगी पर रोशनी डाली। उर्स के दुसरे दिन 17 मई सुबह 11:00 कुल शरीफ हुआ। इसके बाद सलातो सलाम पेश किया गया। दरगाह शरीफ की कमेटी ने अपनी जिम्मेदारी पर एक कैंप भी लगवाया जिसमें लोगों को खांसी जुकाम वह पेट दर्द गैस बुखार आदि की दवाएं डॉक्टर अल्ताफ खान द्वारा मरीजों को दी गई। उर्स में काफी अकीदतमंदों ने अपनी- अपनी दुआओं व मन्नतों को उर्स के मौके पर हाजिर हुए और दुआएं मांगी। दरगाह शरीफ में आए सभी लोगों ने लंगर भी चखा। उर्स के मौके पर कमेटी व मूंज गांव के आदि लोग मौजूद रहे।

# यश इंटरनेशनल स्कूल को सीबीएसई बोर्ड ने दी बारहवीं तक की मान्यता

वहाज अली निहाल

**इटावा।** जनपद के कचौरा रोड स्थित यश इंटरनेशनल स्कूल को सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा 12वीं तक की मान्यता प्रदान की गई है। विद्यालय को मान्यता मिलने के बाद विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों के बीच खुशी का माहौल है।

स्कूल के चेयरमैन हर्षवर्धन सिंह भदौरिया ने बताया कि सिर्फ एक साल में विद्यालय ने अपने एकेडमिक फैसिलिटी व उच्च स्तरीय शिक्षा के आधार पर सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं तक की मान्यता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का सीबीएसई नई दिल्ली से एफीलिएशन नंबर 2134094 है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि अब विद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की 12वीं कक्षा तक पढ़ाई होगी। इससे क्षेत्र के आसपास के बच्चों को कम खर्च में अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सकेगी और साथ ही अगले सत्र से बच्चे कक्षा एक से कक्षा 11 तक प्रवेश ले सकेंगे। विद्यालय का प्रयास रहेगा कि बच्चों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जाए। विद्यालय के चेयरमैन श्री भदौरिया ने प्रधानाचार्य सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में और अनेक उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।





■ सिर्फ एक साल में विद्यालय ने अपने एकेडमिक फैसिलिटी व उच्च स्तरीय शिक्षा के आधार पर सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं तक की मान्यता प्राप्त की- हर्षवर्धन सिंह भदौरिया

## वृंदावन, गोवर्धन और बरसाना में चल रहे विकास कार्यों में लाएं तेजी

**वृंदावन (मथुरा)।** मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी जनपद के शहरी क्षेत्रों में हो रहे अतिक्रमणों को लेकर गंभीर दिखाई दी। उन्होंने नगर निगम व एमवीडीए के अधिकारियों से सख्त कदत उठाने के निर्देश दिए। साथ ही वृंदावन, गोवर्धन और बरसाना में कराये जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। ताकि ब्रज में आने वाले पयर्टकों व श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाए मिल सकें। शनिवार को मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी ने श्री बांके बिहारी के दर्शन करने के बाद यहां के टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर में मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण और नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। लगभग तीन घंटे तक चली समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने अवैध निर्माण कार्य पर सख्त कदम उठाने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को देते हुए लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराने की हिदायत भी दी।

# सुरीर थाना क्षेत्र में दलित युवक शिवकुमार की हत्या प्रकरण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना सुरीर क्षेत्र के अंतर्गत दलित युवक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी के जेल जाने के बाद पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही गवाहों को सुरक्षा नहीं दी जा रही पीड़ित परिवार को शासन की मंशा के अनुरूप सहायता राशि नहीं मिली है। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन भेजा है। डॉ अंबेडकर समाज सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारीओ ने जिला मुख्यालय पर पहुंचकर पीड़ित परिवार के साथ चार सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा है जिसमें मृतक शिवकुमार की हत्या के मामले में फरार चल रहे पवन, विष्णु , अखिलेश, बेनामी और सुनील को गिरफ्तार करने, पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार पवन व अखिलेश को नामजद होने के बावजूद थाने से छोड़े जाने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने , मृतक के भाई दिनेश कुमार को और घटना के चश्मदीद गवाहों को सुरक्षा दिए जाने के अलावा मृतक के आश्रितों को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अभिलंब दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन को जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी अपर जिला अधिकारी को सोपा गया। ज्ञापन देने वालों में मुनेंद्र सिंह निगम अध्यक्ष डॉ अंबेडकर समाज सेवा ट्रस्ट, प्रेम प्रकाश एडवोकेट, जगदीश प्रसाद मौर्य एडवोकेट, प्रेमपाल एडवोकेट, प्रकाश चंद्र , ऋषि , सरवन सिंह , ऋषि कुमार निमेष मृतक का भाई और घटना का बादी दिनेश कुमार , सज्जन सिंह एडवोकेट, मुकेश कुमार एडवोकेट पप्पू सिंह एडवोकेट,दिलीप कुमार एडवोकेट, और राजेश भारती एडवोकेट के अलावा दर्जन पर लोग मौजूद थे।

# मंडलायुक्त ने कम कराया सिटी बस का किराया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मंडलायुक्त मथुरा में लगातार अपनी नजरें जमाए बैठी है, हर विकास कार्य पर समीक्षा कर किस प्रकार जनता को बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाय इसके साथ साथ एक और महत्वपूर्ण फैसला जनता की भलाई के लिए लिया है जिसका असर भी जल्द देखने को मिलेगा। सिटी बस में सफर करने वाले यात्रियों को किराए में रियायत दी गई है। सिटी बसों का किराया 2 रुपये से 5 रुपये तक कम कर दिया गया है। किराया कम होने पर यात्री खुश हैं। शहर की सड़कों पर 50 इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक के बाद सिटी बस का किराया कम करवा दिया है। किराए में 2 रुपये से 5 रुपये की कमी की गई है। किराए की नई दरें लागू कर दी गई हैं। अब यात्री को सफर करने पर कम किराया देना होगा। किराया कम होने से स्कूल, कॉलेज के छात्र सबसे ज्यादा खुश हैं। मसानी रोड पर बस का इंतजार कर रहे स्कूली छात्र रोहित ने कहा कि महंगाई बहुत हो गई है। बस का किराया कम करने का फैसला अच्छा है। यात्री रवि ने भी किराए कम करने के फैसले को सही बताया है।

**नई किराया सूची इस प्रकार रहेगी 0 से 4 किमी-10 रुपये,**

4 से 7 किमी तक -15 रुपये
7 से 10 किमी तक-20 रुपये
10 से 13 किमी तक-25 रुपये
13 से 16 किमी तक- 30 रुपये
16-20 किमी तक- 35 रुपये
20 से 24 किमी तक -40 रुपये
24 से 30 किमी तक- 45 रुपये
30 से 36 किमी तक- 50 रुपये
36 से 42 किमी तक -55 रुपये
42 से 48 किमी तक- 60 रुपये
48 से 54 किमी तक- 65 रुपये
54 किमी से लंबी दूरी का सफर तय करने पर यात्री को 70 रुपये किराया चुकाना होगा।

**अब तक लिया जाता था यह किराया**

सिटी बस में सफर करने वाले यात्रियों को पहले
0 से 3 किमी-12 रुपये
3-6 किमी तक-20 रुपये
6-10 किमी तक-25 रुपये
10-14 किमी तक-30 रुपये
14-19 किमी तक-35 रुपये
19-24 किमी तक-40 रुपये
24-30 किमी तक-45 रुपये
30-36 किमी तक-50 रुपये
36-42 किमी तक-55 रुपये
42-46 किमी तक-65 रुपए
46-50 किमी तक-70 रुपये,
50-54 किमी तक-75 रुपये का किराया लिया जाता था।

मंडलायुक्त की समीक्षा बैठक के बाद सिटी बसों का किराया 2 से 5 रुपये तक कम किया गया है। नई किराया दर लागू कर दी गई हैं।

**गोविल सिंह राठौर, एआरएम सिटी बस**

## पत्रकार को पितृ शोक राजनेता व्यापारी और समाजसेवियों

**बरसाना (मथुरा)।** वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण दयाल गौड़ के पिता मदनलाल गौड़ का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर राजनैतिक दल, व्यापार मंडल, सामाजिक सेवा संस्थान सहित पत्रकारों ने दुःख प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्रवार की रात करीब दस बजे पत्रकार व व्यापारी नेता कृष्ण दयाल गौड़ के पिताश्री मदनलाल गौड़ आकस्मिक निधन हो गाया।वहीं उनके ज्येष्ठ पुत्र अटल बिहारी गौड़ ने मुखाग्नि दी। पत्रकार कृष्ण दयाल गौड़ के पिता के निधन पर चैयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी, पूर्व जेल विजिटर लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रनवीर ठाकुर, रालोद नेता ठाकुर राजेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि भगवान सिंह, समाजसेवी बॉबी खंडेलवाल, व्यापारी नेता नरेंद्र सेठ, राकेश डीलर समेत सैकड़ों लोगों ने शोक जताया है।

# जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण किया गया

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** अपर जिला जज /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई भूपेन्द्र प्रताप ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में आज दिनांक 18/05/2024 को जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज द्वारा बैरक में बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकरी प्राप्त की गई तथा उनको बताया कि ऐसे बंदी जिनकी जमानत हो गई है जमानतदार दाखिल नहीं कर पा रहे हैं वह बंदी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दे सकते है उनकी रिहाई हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक कार्यवाही करेगा। बंदियो से खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। अपर जिला जज ने बंदियो से कहा कि धैर्य बनाये रखे और अपने मुकदमे की पूर्ण जानकारी अपने अधिवक्ता से ले। जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों की समस्यायों के समाधान के लिए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार अधीक्षक सतीश चंद्र त्रिपाठी, जेलर संजय कुमार सिंह, डिप्टी जेलर ओमकार पांडेय,असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल पवन गुप्ता व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# स्वाति मालीवाल के साथ हुई अभद्रता पर वीएचपी मातृशक्ति ने जताया खेद

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने राज्य सभा सांसद और आम आदमी पार्टी की नेता स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास में हुई अभद्रता और मारपीट की घटना की कड़ी निंदा की है और राज्यसभा सांसद मालीवाल के प्रति संवेदना व्यक्त की है।विहिप के महिला आयाम मातृशक्ति की प्रमुख पूनम बब्बर ने मालीवाल को एक पत्र लिखकर कहा है कि उनके साथ हुई वर्तमान घटना से हम सब महिलाएं बहुत चिंतित हैं।उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि आप जैसी सशक्त महिला जो राज्यसभा की सदस्य हैं और पूर्व में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष भी रही है उनके साथ इस प्रकार आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार जैसे व्यक्ति के द्वारा किए गए अत्याचार के विरुद्ध हम दिल्ली प्रांत मातृशक्ति आयाम की बहने आपके साथ खड़ी है।बब्बर ने लिखा कि वह इस घटना की भरपूर निंदा करती हैं। हम एक महिला का दर्द समझ सकते हैं। जब उसके आत्म सम्मान को ठेस पहुंचाई जाती है तो वह कैसा महसूस करती हैं। हम महिलाएं अपनी गृहस्थी को संभालते हुए जब समाज के हित के लिए कुछ करना चाहती हैं तो हमें इन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है जो हमारे लिए बड़ा दर्दनाक होता है।

उन्होंने सुश्री मालीवाल को लिखे पत्र में कहा ''मेरा मानना है कि भारत की राजधानी दिल्ली जैसे शहर में एक राजनीतिक दल के मुख्यमंत्री के निजी सचिव के द्वारा महिलाओं के प्रति इस प्रकार का दुर्व्यवहार यह दर्शाता है कि वह राजनीतिक दल महिलाओं का कितना सम्मान करता है । एक महिला होने के कारण से मैं आपको अपनी सखी मान कर यह सुझाव देना चाहती हूं कि ऐसे विधर्मियों के खिलाफ हमें डटकर खड़े रहना है और मजबूती से इनका मुकाबला करना है। मैं अपनी मातृशक्ति आयाम की ओर से और विश्व हिंदू परिषद संगठन की ओर से आपके साथ हुए इस दुर्व्यवहार पर अपनी संवेदनाएं प्रकट करती हूं।श्रीमती बब्बर ने सुश्री मालीवाल की हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि हम सभी बहने उनके साथ खड़ी हैं उनके स्वास्थ्य और सामाजिक भविष्य के लिए हमारी शुभकामनाएं देती हैं।

## दुवाशु में एक दिवसीय एकेडमिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ-अनुसन्धान संस्थान मथुरा के जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एक दिवसीय अकादमिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आयोजन सचिव, अधिष्ठाता, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, प्रो. रश्मि सिंह ने बताया की पार्वती राधाकिशन फोमरा स्कूल (बिरला ग्रुप), खामिनी, गोवेर्धन (मथुरा) के कक्षा 11वीं और 12वीं के जीव विज्ञान के छात्र-छात्राओ का एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, छात्र-छात्राओं को आधुनिक समय की जैव-प्रद्योगिकी तकनीकों से परिचित कराना था। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के बारे में बताया गया, तत्पश्चात विभिन्न जैव-प्रौद्योगिक तकनीकियों जैसे आणविक जीव विज्ञान, सूक्ष्म-जैविकी, पादप उत्तक संवर्धन तथा इंस्ट्रूमेंटेशन का प्रयोगशाला-प्रदर्शन भी दिखाया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने उपरोक्त प्रयोगशालाओं में विभिन्न तकनीकों जैसे पोलीमरेज श्रृंखला अभिक्रिया, जेल वैद्युतकणसंचलन, कृत्रिम बीज संश्लेषण व माइक्रोबियल स्टैनिंग इत्यादि तकनीक के प्रति अपनी रूचि दिखाई। ओरिएंटेशन के दौरान उन्हें जैव प्रोद्योगिकी के विभिन्न अनुप्रयोग एवं भविष्य में कैरियर संभावनाओं के बारे में भी बताया गया।

# एक ही परिवार की चार महिलाओं की मौत

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राजस्थान के भरतपुर में आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार दोपहर हलैना के पास अलीगढ़ डिपो की रोडवेज बस की ट्रेलर में टक्कर से मृत पांचों महिलाओं की शिनाख्त हो गई। इनमें से चार एक ही परिवार की हैं। मृतकों में सास-बहू और इनकी दो धेवतियां शामिल हैं। सास-बहू मथुरा की रहने वाली हैं जबकि धेवतियां गौतमबुद्धनगर जिले के जेवर की निवासी थीं। ये छुट्टियां बिताने के लिए पांच दिन पहले ही नानी के घर आई थीं। इसी परिवार के दो मासूम भरतपुर के जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं। ये सभी जयुपर जा रहे थे।

गोविंद नगर थाना क्षेत्र के सरस्वती कुंड क्षेत्र में गोपालपुरा निवासी मकबूल अली की मां 65 वर्षीय महिला नूरजहां अपनी बहू यासमीन (22) पत्नी मकबूल अली, धेवती खुशबू (18) और रेशमा (20) निवासी जेवर पुत्रियां अमानुल्लाह, करीब चार वर्षीय नातिन फिजा और एक वर्ष के नाती अल्फेज के साथ जयपुर निवासी बेटी शर्मीली के यहां जा रहीं थीं। बस हलैना से करीब एक किमी दूर कृषि उपज मंडी के सामने आगे चल रहे लकड़ियों से लदे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में बस में सवार चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इनमें से एक की नफीसा पत्नी सलीम खान निवासी राधेश्याम नगर, मथुरा के रूप में पहचान हुई। जबकि चार अन्य की देर रात पहचान हो पाई।

नूरजहां के छोटे बेटे मंसूर अली ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर उस बस के हादसाग्रस्त होने की जानकारी मिली, जिसमें उनकी मां और परिवार के अन्य लोग सवार हुए थे, इसके बाद वह रात करीब एक बजे हलैना पहुंचे और मोर्चरी में रखे शवों की शिनाख्त की। इनमें उनकी मां नूरजहां, भाई मकबूल की पत्नी यासमीन, भांजियां खुशबू और रेशमा थीं। मकबूल के बेटे अल्फेज और बेटी को भी चोटें आई थी, जिनका उपचार चल रहा था। शनिवार दोपहर करीब एक बजे पोस्टमार्टम के बाद परिजन चारों शवों को लेकर मथुरा रवाना हो गए। अलीगढ़ डिपो की रोडवेज बस ओवरटेक के दौरान लक्डी से भरे ट्रेलर से टकरा गई थी। हादसे में बस में सवार पांच महिलाओं की मौत हो गई तथा परिचालक समेत 13 यात्री घायल हो गए। हलैना थाना प्रभारी बिजेन्द्र शर्मा ने बताया कि अलीगढ़ से वाया भरतपुर अजमेर जा रही बस हलैना से करीब एक किमी दूर कृषि उपज मंडी के सामने ट्रेलर से टकरा गई। घायल परिचालक जीतेन्द्र जाटव ने बताया कि बस में चालक-परिचालक सहित 45 यात्री सवार थे, इनमें से मथुरा व भरतपुर से सर्वाधिक यात्री सवार हुए थे। तीन यात्री हलैना उतर गए।


# सुरीर थाना क्षेत्र में दलित युवक शिवकुमार की हत्या प्रकरण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना सुरीर क्षेत्र के अंतर्गत दलित युवक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी के जेल जाने के बाद पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही गवाहों को सुरक्षा नहीं दी जा रही पीड़ित परिवार को शासन की मंशा के अनुरूप सहायता राशि नहीं मिली है। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम चार सूत्रीय ज्ञापनभेजा है। डॉ अंबेडकर समाज सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारीओ ने जिला मुख्यालय पर पहुंचकर पीड़ित परिवार के साथ चार सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा है जिसमें मृतक शिवकुमार की हत्या के मामले में फरार चल रहे पवन, विष्णु , अखिलेश, बेनामी और सुनील को गिरफ्तार करने, पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार पवन व अखिलेश को नामजद होने के बावजूद थाने से छोड़े जाने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने , मृतक के भाई दिनेश कुमार को और घटना के चश्मदीद गवाहों को सुरक्षा दिए जाने के अलावा मृतक के आश्रितों को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अभिलंब दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन को जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी अपर जिला अधिकारी को सोपा गया। ज्ञापन देने वालों में मुनेंद्र सिंह निगम अध्यक्ष डॉ अंबेडकर समाज सेवा ट्रस्ट, प्रेम प्रकाश एडवोकेट , जगदीश प्रसाद मौर्य एडवोकेट, प्रेमपाल एडवोकेट, प्रकाश चंद्र, ऋषि, सरवन सिंह, ऋषि कुमार निमेष मृतक का भाई और घटना का बादी दिनेश कुमार, सज्जन सिंह एडवोकेट, मुकेश कुमार एडवोकेट पप्पू सिंह एडवोकेट,दिलीप कुमार एडवोकेट और राजेश भारती एडवोकेट के अलावा दर्जन पर लोग मौजूद थे।


# श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर हुआ केएम विवि में विशाल भंडारा, लाखों ने पाई प्रसादी

मथुरा। खूंटेल पट्टी सरदारी के अंतर्गत पड़ने वाले पाली डूंगरा स्थित केएम विश्वविद्यालय के प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा में विश्वविख्यात भागवत भाष्कर श्रीकृष्ण चन्द्र शास्त्री श्रीठाकुर जी महाराज ने अनवरत आठ दिन श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया। समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आगरा तथा भरतपुर मंडल के लाखों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दरअसल जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने अपने पिता श्रीमोहन सिंह की इच्छानुसार भागवत कथा का आठ दिवसीय आयोजन कराया। कथा के समापन पर आगरा तथा भरतपुर मंडल की समस्त सरदारी को आमंत्रित किया गया था, इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने प्रसादी पाने पहुंचे प्रदेश के केबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, राज्य सभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, भरतपुर राजस्थान के विधायक सुभाष गर्ग, गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम, बलदेव विधायक पूरन प्रकाश, सुरेश सिंह, मथुरा वृंदावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल, नरदेव चौधरी, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, पूर्व विधायक राम सिंह अहेरिया, योगेश लम्बदार, भरत सिंह, विवेक गोस्वामी, चन्द्रपाल कुंतल, प्रमोद बंसल सहित सरदारी में आए हजारों गणमान्यों का स्वाफ़ा बांधकर एवं पटुका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सभी ने भागवत पुराण के महत्व और जिला पंचायत अध्यक्ष के इस पुण्य कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर कुलाधिपति के पिता मोहन सिंह, उनकी मां ननगी देवी, भाई देवी सिंह, हितेश चौधरी, रवि चौधरी सहित परिवार के सभी सदस्य एवं विवि के वाइस चालंसर डॉ डीडी गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर डॉ शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, उप कुलपति सुनील अग्रवाल, सीओई डॉ मनोज ओझा, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, डीन डॉ धर्मराज सिंह, डॉ विपिन सोलंकी, डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ संतोष चतुर्वेदी, स्वाति शर्मा, अनिल शर्मा, आशीष शर्मा, जगवीर सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, चंद्रेश कुमार, बेदवीर सिंह, सुधांशु शाह, दीपक माथुर, अनिल चतुर्वेदी, पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा, संजू बाला, सागरिका गोस्वामी, अभिषेक, मुदित, ललित, मनीष, राजकुमार, अनिता शर्मा, प्रताप सिंह राणा, करन सिंह, राजेश बाबू, रूप शर्मा, सुमित शर्मा, पंकज अग्रवाल, शेखर तिवारी आदि के साथ मेडीकल कॉलेज के चिकित्सक, पीजी एंड यूजी मेडिकल स्टूडेंट्स, विश्वविद्यालय के सभी संकाय के स्टूडेंट्स, नर्सिंग स्टाफ आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# गर्मियों की तेज धूप से अपनी त्वचा की करे देखभाल, फॉलो करें ये 5 टिप्स

मई के महीने में सूरज की तेज किरणों के साथ चिलचिलाती गर्मी और उमस होती है। तेज गर्मी न केवल आपको डिहाइड्रेट कर सकती है, बल्कि आपकी त्वचा को भी नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे समय से पहले बुढ़ापा, काले धब्बे और यहां तक? कि कैंसर भी हो सकता है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप इस गर्मी के मौसम में अपनी त्वचा का अत्यधिक ख्याल रखें। यहां दिए गए कुछ टिप्स, जो इस गर्मी में आपकी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में आपकी मदद करेंगे।

***वाइप्स का यूज करें***

गर्मियां आपकी त्वचा के लिए कठोर हो सकती हैं और इसका ख्याल रखना जरूरी है। जिस तरह ठंडा पानी आपके सूखे गले को राहत देता है, उसी तरह जब चिलचिलाती गर्मी आपको परेशान कर रही हो तो गीले वाइप्स आपकी त्वचा को आराम पहुंचा सकते हैं। गर्मियों के दौरान अपनी त्वचा को साफ और तरोताजा रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने साथ गीले वाइप्स का एक पैकेट रखें। गीले वाइप्स आपकी त्वचा को जल्दी तरोताजा और साफ करने के लिए एक बेस्ट समाधान हैं, खासकर जब आप यात्रा पर हों। वेट वाइप्स गर्मियों के दौरान आपकी त्वचा पर जमा होने वाले पसीने, गंदगी और बैक्टीरिया को पोंछने के लिए एकदम सही हैं। यह आपकी त्वचा पर कोमल होते हैं और इनमें एक सुखद सुगंध होती है जो आपको तरोताजा महसूस कराती है। आप इनका इस्तेमाल अपने चेहरे, गर्दन, बाहों और शरीर के किसी भी अन्य हिस्से को साफ करने के लिए कर सकते हैं, जिसे सफाई की आवश्यकता है। इस बात का ध्यान रखें कि, ऐसे उत्पादों की तलाश करें जो आपकी त्वचा के लिए कोमल हों और कठोर रसायनों से मुक्त हों। ऐसे वाइप्स से बचें जिनमें



अल्कोहल, सुगंध या परिरक्षक हों क्योंकि वे आपकी त्वचा में जलन पैदा कर सकते हैं और सूखापन पैदा कर सकते हैं।

***सनस्क्रीन का प्रयोग करें***

आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाना महत्वपूर्ण है, लेकिन सभी सनस्क्रीन समान रूप से प्रभावी नहीं होते हैं या उनमें समान तत्व नहीं होते हैं। गर्मियों के दौरान फुल लाइट टेक्नोलॉजी वाला सनस्क्रीन चुनना जरूरी है। यह तकनीक आपकी त्वचा को यूवीए और यूवीबी किरणों के साथ-साथ हानिकारक अवरक्त किरणों और ब्लू लाइट से बचाती है, सूरज के संपर्क में आने से होने वाली टैनिंग, लगातार रंजकता और समय से पहले बूढ़ा होने से रोकती है। चूंकि गर्मियों के दौरान सनस्क्रीन का उपयोग बढ़ जाता है, इसलिए इसे लगातार दोबारा लगाने की आदत को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। हालांकि सनस्क्रीन सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा प्रदान करता है, लेकिन इसकी स्थिरता सीमित है, जो हानिकारक यूवी किरणों के खिलाफ तुरंत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार और दोबारा आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

***हाइड्रेशन जरुरी है***

हाइड्रेटेड रहना बेहद जरुरी है और यह गर्मियों के कारण होने वाली हर समस्या का समाधान है। जितना अधिक आप खुद को हाइड्रेटेड रखेंगे, आपकी त्वचा रूखी नहीं होगी और स्वस्थ और चमकदार रहेगी। वेबएमडी का कहना है, आपकी त्वचा को मजबूती और लचीलापन देने के लिए पानी की आवश्यकता होती है। पानी न सिर्फ आपकी प्यास बुझाता है बल्कि आपकी त्वचा को भी स्वस्थ बनाता है।

***रोजाना मॉइस्चराइज करें***

गर्मी के महीनों के दौरान आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाए रखने के लिए मॉइस्चराइजिंग महत्वपूर्ण है। एक हल्का, ऑयल-फ्री मॉइस्चराइजर चुनें जो आपके छिद्रों को बंद नहीं करेगा। आपनी त्वचा के लिए उपयुक्त हल्का मॉइस्चराइजर चुने। अपनी त्वचा को साफ करके और टोनर करने के बाद इसे लगाएं और यदि आवश्यक हो तो पूरे दिन दोबारा लगाएं।

***सुरक्षात्मक कपड़े पहनें***

टोपी, धूप का चश्मा और लंबी बाजू की शर्ट जैसे सुरक्षात्मक कपड़े पहनने से आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद मिल सकती है। ठंडे और आरामदायक रहने के लिए सूती या लिनेन जैसे हल्के, सांस लेने वाले कपड़ों से बने कपड़े चुनें।

# सांवली सूरत पर बहुत अच्छी लगेंगी ये 5 रंग की साड़ियां, हर कोई करेगा आपकी तारीफ



अगर कोई आपको तोता रंग के कपड़े पहनने को दें, तो आपका जवाब क्या होगा। जाहिर है कि आस इस रंग के कपड़े को पहनने से इंकार कर देंगे। क्योंकि जब भी हम कोई कपड़ो खरीदते हैं, तो सबसे पहले अपनी स्किन टोन और फिर कलर शेड देखते हैं। यह फैशन से जुड़ी एक आम बात है। वैसे तो सांवली रंगत पर हर कलर खूब फबता है, लेकिन कुछ कलर ऐसे भी होते हैं, तो आपके शरीर पर और भी अधिक खिलकर दिखते हैं। ऐसे में आपके मन में सवाल होगा कि इन रंगों को कैसे पहचाना जाए।

अगर आपके मन में भी यह सवाल है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 5 ऐसे रंगों की साड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो मीडियम और डार्क स्किन टोन की लड़कियों व महिलाओं पर काफी अच्छी लगेंगी। ऐसे में इन साड़ियों को पहनने के बाद हर कोई आपके श्यामल रंग पर दिल हार बैठेगा।

***गोल्डन कलर की साड़ी***

वैसे तो सांवली लड़कियों पर हर रंग अच्छा लगता है। लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा सुंदर दिखना चाहती है तो आपको अपने वॉर्डरोब में गोल्डन रंग की साड़ी को जरूर शामिल करना चाहिए। अगर आपका स्किन टोन डार्क या मीडियम है, तो आप एक्ट्रेस सोभिता धुलिपाला की तरह गोल्डन कलर की साड़ी कैरी कर सकती हैं। इसके साथ ही गोल्डन ब्राउन ब्लाउज भी आप पर खूब जचेगा। इस तरह की साड़ी कैरी करने के दौरान ब्राइट कलर की जूलरी नहीं कैरी करनी चाहिए। क्योंकि यह आपका पूरा लुक खराब कर सकती है।

***क्रीम कलर की साड़ी***

जिन महिलाओं व लड़कियों की रंगत सांवली है, उनपर क्रीम कलर की साड़ी बहुत अच्छी लगेगी। आप अपने वॉर्डरोब में डार्क क्रीम या ऑफ वाइट कलर की साड़ी शामिल कर सकती हैं। इस कलर की साड़ी को ग्रीन या सिल्वर कलर की जूलरी के साथ पेयर किया जा सकता है। इस कलर की साड़ी आप सिल्क, कॉटन या नेट के फैब्रिक में भी ले सकती हैं।

***क्रिमसन कलर की साड़ी***

क्रिमसन एक ऐसा रंग है, जो गहरे लाल, गुलाबी और बैंगनी शेड में होता है। यह रंग भी सावंली रंग की लड़कियों पर बहुत अच्छा लगेगा। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने इस रंग में प्लेन साड़ी पहनी थी। आप चाहें तो इसमें एंब्रॉयडरी साड़ी भी ले सकती हैं। किसी शादी या फंक्शन में इस रंग की साड़ी पहनकर जाने के बाद हर नजर आप पर टिक जाएगी। इसलिए आपको भी क्रिमसन रंग की साड़ी को अपने वॉर्डरोब में जरूर शामिल करना चाहिए।

***स्काई ब्लू या रॉयल ब्लू साड़ी***

आपने स्काई ब्लू या रॉयल ब्लू कलर तो देखा ही होगा। इस जिस रंग की साड़ी सांवली रंगत पर बेहद खिलेगी, उसका नाम टील ब्लू है। इसमें थोड़ा सा ग्रीन शेड भी मिला होता है। हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण में भी इस रंग की साड़ी को कैरी किया था। अगर आप साड़ी में कंफर्टेबल फील नहीं करती हैं, तो इस कलर का सूट भी पहन सकती हैं।

***ऑरेंज पपाया कलर की साड़ी***

वैसे तो संतरी कलर में कई शेड्स पाए जाते हैं, लेकिन ऑरेंज पपाया कलर सांवले रंग पर बेहद कमाल का लगेगा। बता दें कि श्वेता तिवारी की बेटी पलक ने अपने मोनोक्रोम लुक के लिए ऑरेंज कलर के इस शेड को चुना है। ठीक वैसे भी आप इस कलर की साड़ी में बहुत सुंदर दिखेंगी। इसके साथ ही इस रंग का अनारकली सूट भी आप पर बेहद अच्छा लगेगा।

# सनस्क्रीन लगाने से आपका चेहरा भी पड़ जाता है काला, क्या है इसके पीछे का कारण?



समर सीजन में स्किन का ख्याल रखने के लिए रोजाना अपने स्किन केयर रुटीन में बदलाव करते रहते हैं। ऐसे में सनस्क्रीन लगाना हम सभी जानते हैं कि त्वचा के लिए कितना जरुरी होता है। क्या आपको पता है कि सनस्क्रीन लगाने से चेहरा काला नजर आने लगता है। त्वचा पर टैनिंग जैसा कालापन दिखने लगता है। चलिए आपको त्वचा की देखभाल करने के कुछ आसान तरीके बताते हैं।

***सनस्क्रीन स्किन पर लगाने से क्या होता है?***

- सनस्क्रीन त्वचा पर एक एक परत बनाने में मदद करता है, जो आपको सूरज से निकलने वाली हानिकारक किरणों से सुरक्षा करने में मदद करता है।
- स्किन को ड्राई होने से भी सनस्क्रीन बचाती है।
- वहीं, मेकअप करने से पहले इसे चेहरे पर लगाने से स्किन को केमिकल से भरे इन प्रोडक्ट्स से खतरा भी नहीं होगा।

***सनस्क्रीन कैसे अप्लाई करें?***

- दिन में कम से कम 2 से 4 बार तक चेहरे पर स्किन केयर के दौरान आखिर में लगा सकते हैं।
- मेकअप करने से पहले इसे चेहरे पर लगाने से यह फेस प्राइमर की तरह यूज कर सकते हैं।

***सनस्क्रीन लगाने से क्यों पड़ता चेहरा काला***

आजकल मार्केट में कई नामी ब्रांड्स की सनस्क्रीन आपको देखने को मिल जाएंगी, लेकिन जरुरी नहीं है कि ये सभी आपकी स्किन टेक्सचर और टाइप को आसानी से सूट करें। इनमें मौजूद केमिकल किसी स्किन टाइप के लिए सहीं नहीं होती है और सूट न कर पाने के कारण ये अपना ये अपना रिएक्शन छोड़ देती है। इस वजह से सनस्क्रीन लगाने के बाद चेहरे की त्वचा काली नजर आने लगती है।

# गर्मियों में मेकअप के दौरान इन बातों का रखें खास ख्याल, वरना स्किन कर सकती है सफर

गर्मी के मौसम में त्वचा संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में हैवी मेकअप से आपकी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में अगर आप भी हर मौसम में खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो इसमें मेकअप आपकी मदद करती है। लेकिन कई बार गर्मियों में मेकअप आपको परेशान कर सकता है। क्योंकि गर्मी में स्किन ऑयली और चिपचिपी दिखने लगती है। ऐसे में आपको हैवी मेकअप करने से बचना चाहिए। क्योंकि हैवी मेकअप से त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं। इस दौरान हमारी स्किन को अधिक संवेदनशील बनाता है और मेकअप के तत्व आपकी स्किन को नुकसान पहुंचाता है। जिससे आपको कील-मुंहासे, दाने या स्किन एलर्जी का सामना करना पड़ सकता है।



***फाउंडेशन***

महिलाएं मेकअप में फाउंडेशन का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करती हैं। लेकिन अगर आप इस मौसम में हाई कवरेज वाले फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से यह पसीने के साथ बह सकता है। कई बार पसीने के वजह से यह आपके फेस पर दिखने लगता है। हाई कवरेज वाला फाउंडेशन फेस को अधिक सफेद बना सकता है। इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। साथ ही आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है।

***माइश्चराइजर***

इस मौसम में हैवी माइश्चराइजर के इस्तेमाल से बचना चाहिए। क्योंकि इससे आपकी स्किन ऑयली हो जाएगी और चिपचिपी लगेगी। इसलिए लाइट माइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए। आप चाहें तो वॉटर बेस्ड माइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। जो ऑयली स्किन को हाइड्रेट रखने में सहायता करता है।

***सनस्क्रीन***

गर्मी के मौसम में बिना सनस्क्रीन लगाए घर के बाहर नहीं निकलना चाहिए। लेकिन इस बात का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए कि सनस्क्रीन लाइट हो। गर्मियों में लाइट सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना चाहिए। जोकि वॉटर बेस्ड हो। गर्मियों में अगर आप ग्रीसी और हैवी सनस्क्रीन का इस्तेमाल करती हैं। तो आपकी त्वचा सांस नहीं पाएगी। जिसकी वजह से मुंहासे आदि की समस्या हो सकती है।

***नाइट मास्क***

सर्दियों में महिलाओं के बीच नाइट मास्क लगाना काफी लोकप्रिय रहा है। महिलाएं अक्सर अपने फेस पर हैवी नाइट क्रीम मास्क अप्लाई करती हैं। जिससे की उनकी स्किन मॉइश्चराइज रहे। लेकिन गर्मियों में इसके इस्तेमाल से बचना चाहिए। क्योंकि नाइट क्रीम मास्क त्वचा के पोर्स को ब्लॉक कर देगी, जिससे आपको मुंहासे और दानों की समस्या हो सकती हैं।

***क्लींजर***

स्किन की साफ-सफाई का सबसे अहम हिस्सा इसकी सफाई होती है। इसलिए गर्मी के मौसम में एस्ट्रिंजेंट या टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे की आपकी स्किन साफ और ग्लोइंग लगे। इसके लिए आप होममेड प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह आपकी स्किन को साफ करने के साथ ही नरम और कोमल भी बनाता है।

# चिकनकारी कुर्ती हो या टॉप इस तरह से पहने, दिंखेगी खूबसूरत और एलीगेंट

लखनवी चिकनकारी कुर्ता और टॉप आज के टाइम में काफी ट्रेंडिंग में है। चिकनकारी आउटफिट्स का क्रेज लोगों में इस कदर छाया हुआ है कि पहले लोग इसे सिर्फ खास असवर पर ही कैरी करते थे, लेकिन अब ऑफिस, कैजुअल आउटिंग, एयरपोर्ट और पार्टीज में भी वियर कर रहे हैं। आजकल मार्केट में चिकनकारी कुर्ती हो, लहंगा या फिर प्लाजो सेट काफी डिमांड में है। अलग-अगल रंगों से लेकर इसके तरह-तरह के डिजाइन्स और फैब्रिक चिकनकारी को बेहद खूबसूरत बना देता हैं।

***चिकनकारी कुर्ता***

चिकनकारी कुर्ता गर्मियों में गर्ल्स को सबसे ज्यादा पसंद करती है, लेकिन आप इसे लैंगिंग्स के साथ पेयर करती है, तो ये लुक को जबरदस्त बना देते हैं उसे बिगाड़ने का काम करता है।

***स्टाइलिंग टिप्स***

- चिकनकारी कुर्ते के साथ पलाजो या धोती पैंट्स ट्राई कर सकती हैं, जो इस समय फैशन में है और आरामदायक भी है।
- कुर्ते के कलर के हिसाब से इसे लाइट या डार्क जींस के साथ भी कैरी कर सकती हैं।
- इसके साथ ही गोल्डन की जगह सिल्वर ज्वैलरी पहनें, जो काफी सुंदर लगती है। नेकपीस को इग्नोर करें।

***चिकनकारी टॉप***

चिकनकारी टॉप ऑफिस आउटफिट के साथ कैजुअल आउटिंग के लिए भी अच्छी ऑप्शन हैं। राउंड नेक फुल स्लीव, नूडल स्ट्रैप और कॉलर नेक वाले टॉप को अगर आप सही तरीके से स्टाइल करें, तो ये बहुत ही कंफर्टेबल के साथ आपको धांसू लुक देगा।

***स्टाइलिंग टिप्स***

- टॉप जींस के साथ ही ये बेहद जंचते हैं, लेकिन इन्हें आप जैगिंग्स के साथ भी पेयर कर सकता है।

***व्हाइट चिकनकारी आउटफिट्स***

जब आप व्हाइट कलर में चिकनकारी का काम सबसे ज्यादा खूबसूरत लगता है और गर्मियों के हिसाब से सफेद रंग बेस्ट भी होता है। व्हाइट कलर चिकनकारी आउटफिट्स पहने तो इन बातों का रखें ख्याल।

***स्टाइलिंग टिप्स***

- व्हाइट चिकनकारी आउटफिट्स के साथ बहुत ही ज्यादा प्रिंटेड या कलरफुल कपड़े पहनना अवॉयड करें।
- अगर आप चिकनकारी वर्क वाला प्रिंटेड कुर्ता पहन रही हैं, तो बॉटम सॉलिड कलर का पहनें।
- ज्यादा ही डार्क कलर में चिकनकारी का काम उभरकर नहीं आता। हमेशा याद रखें कि गर्मियों में लाइट शेड्स बेस्ट होते हैं।



# हल्दी का तेल त्वचा और बालों के लिए किसी खजाने से कम नहीं, मिलते हैं जबरदस्त फायदे

हल्दी के चमत्कारिक फायदे से हम सभी परिचित हैं, जैसे कि हल्दी का मास्क चेहरे पर लगाते हैं। लेकिन क्या आप अपनी त्वचा और बालों के लिए हल्दी तेल के उपयोग के बारे में जानते हैं? हल्दी से प्राप्त हल्दी का तेल एक बहुमुखी और शक्तिशाली प्राकृतिक उपचार है जो कई लाभ प्रदान करता है। हल्दी के तेल में शक्तिशाली जड़ी-बूटियां और सूजन-रोधी क्षमताएं हैं, जो इसे आपके सौंदर्य में एक प्रमुख घटक बनाती है। 2016 में जर्नल फाइटोथेरेपी रिसर्च में प्रकाशित एक अध्ययन में त्वचा पर हल्दी तेल के प्रभाव की जांच की गई। निष्कर्षों से तेल के कई लाभकारी प्रभावों का पता चला, जिसमें खोपड़ी पर शीर्ष पर लगाने पर बालों के झड़ने, खोपड़ी की खुजली और रूसी को संबोधित करने में इसकी प्रभावशीलता भी शामिल है।

***हल्दी तेल के त्वचा संबंधी लाभ***

***एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण***

हल्दी के तेल में करक्यूमिन होता है, जो एक शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी यौगिक है। हल्दी के तेल को ऊपर से लगाने से मुंहासे, एक्जिमा और सोरायसिस जैसी विभिन्न त्वचा स्थितियों से जुड़ी सूजन, लालिमा और सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है।

***एंटीऑक्सीडेंट सुरक्षा***

हल्दी तेल में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट मुक्त कणों को बेअसर करने में मदद करते हैं, त्वचा कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाते हैं। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने, महीन रेखाओं, झुर्रियों और उम्र के धब्बों की उपस्थिति को कम करने और अधिक यूथ रंगत को बढ़ावा देने में मदद करता है।

***मुंहासे का उपचार***

हल्दी के तेल में जीवाणुरोधी और रोगाणुरोधी गुण होते हैं जो मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में प्रभावी होते हैं। यह सीबम के उत्पादन को भी नियंत्रित करता है, जो बंद छिद्रों और ब्रेकआउट को रोकने में मदद करता है। नियमित रूप से हल्दी तेल का उपयोग करने से मुंहासे को साफ करने और साफ रंगत को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।



***चमकदार और समान त्वचा टोन***

हल्दी के तेल में त्वचा को चमकाने वाले गुण होते हैं जो काले धब्बे, हाइपरपिग्मेंटेशन और मुंहासे के निशान को कम करने में मदद कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह मेलेनिन के उत्पादन को रोकता है, जो त्वचा के रंग के लिए जिम्मेदार वर्णक है, जिसके परिणाम स्वरूप त्वचा का रंग एकसमान और चमकदार होता है।

***मॉइस्चराइजिंग और हाइड्रेटिंग***

हल्दी का तेल आवश्यक फैटी एसिड और विटामिन से भरपूर होता है जो त्वचा को पोषण और हाइड्रेट करता है, जिससे यह नरम, कोमल और नमीयुक्त हो जाता है। यह त्वचा के प्राकृतिक अवरोधक कार्य को मजबूत करने, नमी की कमी को रोकने और समग्र त्वचा स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है।

***हल्दी तेल के बालों के फायदे***

***बालों के विकास को बढ़ावा देता है***

हल्दी का तेल बालों के रोम में रक्त परिसंचरण में सुधार करके, जड़ों को मजबूत करके और बालों का झड़ना कम करके बालों के विकास को बढ़ावा देता है।

***स्कैल्प की स्थिति का इलाज करता है***

हल्दी तेल के सूजन-रोधी और एंटिफंगल गुण विभिन्न खोपड़ी स्थितियों, जैसे रूसी, खुजली और खोपड़ी सोरायसिस को शांत करने और ठीक करने में मदद करते हैं। यह खोपड़ी के पीएच स्तर को संतुलित करने में भी मदद करता है, जिससे स्वस्थ बालों के विकास के लिए एक इष्टतम वातावरण बनता है।

***चमक जोड़ता है***

इसके अलावा, हल्दी के तेल में करक्यूमिनोइड्स होते हैं, जो बालों को प्राकृतिक चमक और चमक प्रदान करते हैं। हल्दी तेल का नियमित उपयोग सुस्त, बेजान बालों को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है, जिससे वे स्वस्थ और अधिक जीवंत दिखते हैं।

***सिर की त्वचा की जलन को शांत करता है***

हल्दी के तेल में सुखदायक गुण होते हैं जो खोपड़ी की जलन और सूजन को शांत करने में मदद कर सकते हैं। यह खुजली, लालिमा और असुविधा से राहत देता है, संवेदनशील या चिड़चिड़ी खोपड़ी वाले लोगों को राहत प्रदान करता है।

***हल्दी तेल का उपयोग कैसे करें***

***फेस मास्क***

फेस मास्क बनाने के लिए हल्दी के तेल को अन्य प्राकृतिक सामग्री जैसे शहद, दही, या दलिया के साथ मिलाएं। मास्क को ताजी साफ की गई त्वचा पर लगाएं और धोने से पहले इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें।

***बालों के तेल से उपचार***

हल्दी के तेल को हल्का गर्म करें और इससे सिर और बालों में मालिश करें। अधिकतम लाभ के लिए इसे रात भर लगा रहने दें, फिर अगली सुबह हल्के शैम्पू से धो लें।

***स्पॉट ट्रीटमेंट***

मुंहासों के दाग, निशान या काले धब्बों पर सीधे हल्दी तेल की एक बूंद लगाएं, ताकि समय के साथ उन्हें हल्का करने में मदद मिल सके। किसी भी एलर्जी प्रतिक्रिया का पता लगाने के लिए पहले से ही पैच परीक्षण करना सुनिश्चित करें।

# गर्मी में स्किन को सनबर्न से बचाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खासतौर से, सूरज की चिलचिलाती गर्मी स्किन को बहुत अधिक परेशान करती है। इससे ना केवल आपकी स्किन डिहाइड्रेटेड हो जाती है, बल्कि आपको सनबर्न की शिकायत हो सकती है। गर्मी के मौसम में स्किन सनबर्न होना बेहद ही आम है। इसके कारण ना केवल आपको स्किन में रेडनेस होती है, बल्कि जलन व दर्द का अहसास भी होता है। गर्मी में स्किन सनबर्न की समस्या आपको काफी परेशान कर सकती है और फिर हम तरह-तरह के उपाय अपनाने लग जाते हैं। बेहतर होगा कि आप कुछ ऐसे आसान उपाय अपनाएं, जिससे गर्मी में भी आपकी स्किन को सूरज की तेज धूप के कारण कोई परेशानी ना हो। ऐसा करना इतना मुश्किल भी नहीं है। अगर आप चाहें तो कुछ छोटे-छोटे उपाय अपनाकर अपनी स्किन को आसानी से प्रोटेक्ट कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान उपायों के बारे में बता रहे हैं-



***खुद को करें कवर***

जब आप गर्मी के मौसम में बाहर निकल रहे हैं तो ऐसे में जरूरी है कि आप खुद को अच्छी तरह कवर करें, जिससे आपकी स्किन सीधे सूरज की किरणां के संपर्क में ना आए। इसके लिए आप कैप जरूर पहनें और फुल स्लीव्स कपड़ों को पहनें। इसके अलावा, अपनी आंखों को धूप से बचाने के लिए सनग्लासेस लगाएं। इतना ही नहीं, आप एक छाता भी जरूर कैरी करें। इससे आप सूरज की किरणों से अपनी स्किन को अधिक बेहतर तरीके से प्रोटेक्ट कर पाएंगे।

***लगाएं सनस्क्रीन***

सनबर्न से बचने का एक अच्छा तरीका है सनस्क्रीन लगाना। सनस्क्रीन आपकी स्किन पर एक प्रोटेक्टिव लेयर की तरह काम करता है। जिसकी वजह से आपकी स्किन को सनडैमेज की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है। आप सनस्क्रीन को अपनी स्किन के सभी खुले हिस्सों पर उदारतापूर्वक लगाएं। यदि आपको पसीना आ रहा है या आप स्विमिंग कर रहे हैं तो इसे हर दो घंटे के बाद रि-अप्लाई करें।

***रहें हाइड्रेटेड***

सनबर्न से बचने के लिए हाइड्रेशन का ख्याल रखना भी बेहद जरूरी है। दरअसल, जब शरीर डिहाइड्रेटेड होता है, तो स्किन सनडैमेज के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाती है। इसलिए, दिनभर भरपूर पानी पिएं। खासकर जब आप बाहर हैं तो इस बात का ख्याल रखना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है।

# रोजाना चेहरे पर एलोवेरा लगाना कितना सही होता है? एसपर्ट से जानें फायदे-नुकसान

एलोवेरा हेल्थ के साथ ही, त्वचा के लिए बेहद लाभकारी होता है। एलोवेरा में कई गुणों से भरपूर होते हैं, जो स्किन को सॉफ्ट और कोमल बनाए रखता है। ड्राई स्किन की समस्याओं के लिए एलोवेरा सबसे बेहतरीन होती है। कई लोग चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए एलोवेरा जूस का सेवन करते हैं। इसे सीधे तौर पर फेस पर अप्लाई करते हैं। एलोवेरा चेहरे पर लगाना बेहद फायदेमंद होता है। एलोवेरा त्वचा के दाग-धब्बों और मुंहासों को मिटाने में असरदार होता है। हालांकि, क्या चेहरे पर रोजाना एलोवेरा लगाना सही होता है, आइए जानते हैं।



***क्या चेहरे पर रोजाना एलोवेरा लगा सकते हैं?***

एलोवेरा में औषधीय गुण पाए जाते हैं। आप अपने चेहरे पर एलोवेरा का इस्तेमाल प्रतिदिन कर सकते हैं। एलोवेरा स्किन संबंधित सभी समस्याओं से छुटकारा दिलाता है। एलोवेरा का इस्तेमाल मॉइश्चराजर या फेस मास्क के रुप में कर सकते हैं। एलोवेरा त्वचा की जलन और रेडनेस का दूर करता है। एलोवेरा स्किन को हाइड्रेट रखता है और ग्लोइंग बनाता है।

चेहरे पर रोज एलोवेरा अप्लाई करने के फायदे

- एलोवेरा में एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो स्किन को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं।
- एलोवेरा ड्राई और बेजान त्वचा से छुटकारा दिलाता है।
- इसमें विटामिन ए और ई होता है, जो त्वचा से जुड़ी समस्याओं को दूर करता है।
- एलोवेरा में मॉइश्चराइजिंग गुण होता है जो त्वचा को हाइड्रेट रखता है।
- इसमें त्वचा में कोलेजन का उत्पादन बढ़ाने में मदद करता है।
- एलोवेरा में एटी एजिंग के गुण होते, जो झुर्रियों को मिटाने में मदद करता है।
- वहीं, यह टैनिंग को रिमूव करने में मददगार होता है।

# मल्लिकार्जुन खडगे ने किया महाराष्ट्र में इंडी आघाड़ी को 46 सीटें मिलने का दावा

**मुंबई (हि. स.)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने शनिवार को मुंबई में कहा कि देश




की जनता भाजपा की तोड़फोड़ से नाराज हो गई है। इसका असर देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है। मल्लिकार्जुन खडगे ने दावा किया कि महाराष्ट्र में इंडी आघाड़ी को 48 में से 46 सीटें मिलने वाली हैं।

मल्लिकार्जुन खडगे होटल ग्रैंड हयात में इंडी आघाड़ी की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि देश की जनता भाजपा की गतिविधियों, तोड़फोड़ की नीति से नाराज है। इंडी आघाड़ी भाजपा की तोड़फोड़ नीति और अत्याचारी कुप्रबंधन के खिलाफ लड़ रहा है। खडगे ने भरोसा जताया कि इंडी अघाड़ी को महाराष्ट्र की 48 में से 46 सीटें मिलेंगी और वह देश में सरकार बनाएगी।

मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 30 लाख सरकारी नौकरियों, महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये प्रति वर्ष देने, 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, कृषि पर जीएसटी हटाने, ऋण माफी, जीएसटी के स्थान पर एक ही दर की नया सीधा जीएसटी लागू करने की गारंटी दी है। खडगे ने यह भी कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून के मुताबिक गरीबों को हर महीने 10 किलो अनाज मुफ्त दिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि मोदी का आरोप है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो अयोध्या में राम मंदिर को ढहा देगी, यह लोगों के बीच भ्रम पैदा करने की कोशिश है। बुलडोजर कल्चर कांग्रेस का नहीं भाजपा का है और कांग्रेस ऐसा कुछ नहीं करेगी। इस मौके पर राष्ट्रवादी कांग्रेस के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि यह सच नहीं है कि अघाड़ी सरकार आने पर 10 किलो मुफ्त अनाज देने की योजना मोदी की योजना पर आधारित है। देश में डॉ. मनमोहन सिंह सरकार खाद्य सुरक्षा कानून लेकर आई और यह योजना उसी के तहत है। भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर है और गेहूं उत्पादन में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। पवार ने बताया कि यह योजना यूपीए सरकार लाई थी। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कुछ दिन पहले कहा था कि देश में एक ही पार्टी रहेगी। अब एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में नड्डा का कहना है कि भाजपा आत्मनिर्भर हो गई है और अब उन्हें आरएसएस की जरूरत नहीं है। यानी राजनीतिक जन्म देने वाले संघ को भाजपा खत्म करने जा रही है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि आरएसएस का 100वां साल खतरे में है और भाजपा आरएसएस पर प्रतिबंध भी लगा सकती है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि 4 जून को देश का जुमला उत्सव खत्म हो जाएगा और अच्छे दिन की शुरुआत होगी।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बांसुरी स्वराज के पक्ष में किया प्रचार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज (शनिवार) संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के पक्ष में प्रचार किया। इस मौके पर एक उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। हर भारतवासी का डंका पूरे विश्व में बजा है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में सीएए कानून लागू कर दिया गया है। देश से दो विधान दो संविधान को खत्म कर कश्मीर से धारा 370 का खात्मा हो गया है। तीन तलाक को बैन कर दिया गया है, भगवान श्रीराम का अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नए हवाई अड्डे, बुनियादी ढांचो का विकास, वंदे भारत जैसी ट्रेनों, नए आईआईटी, आईआईएम का विकास हो रहा है। मोदी जी ने देश को नई दिशा देने का काम किया है।


# गुजरात के सभी मदरसों का सर्वे शुरू

**अहमदाबाद (हि.स.)।** राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव के आदेश से गुजरात के सभी मदरसों का सर्वे शुरू किया गया है। इस दौरान शनिवार को दरियापुर के सुलतान के मोहल्ला स्थित सुल्तान सैयद मस्जिद में सर्वे कर रही टीम पर भीड़ ने हमला किया गया। करीब 10 लोगों की भीड़ ने टीम में शामिल बापूनगर के स्मृति स्कूल विद्यालय के शिक्षक संदीप पाटिल पर हमला किया। बताया गया कि शिक्षक सर्वे के बाद यहां का फोटो लेने की कोशिश कर रहा था, जिस पर 10 से अधिक लोगों ने हमला किया। बाद में वहां 100 से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले में अहमदाबाद के जिला शिक्षा अधिकारी समेत अधिकारी दरियापुर थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। शिक्षक संदीप पाटिल ने बताया कि जब वे अपनी टीम के साथ सुलतान के मोहल्ला स्थित सुल्तान सैयद की मस्जिद पहुंचे तो वहां मस्जिद बंद थी। उन्होंने फोटो लेने की कोशिश की। इस पर 10 से अधिक लोगों ने उनपर हमला कर दिया। बाद में 100-150 लोग वहां पहुंच गए। इसमें महिलाएं भी शामिल थीं।



शिक्षक ने आरोप लगाया कि उसे गली में ले जाकर मार देने की धमकी दी गई। मुझे जो काम सौंपा गया था, उसके लिए मैं वहां गया था, अभी थाने में इसकी शिकायत कर रहा हूं। दूसरी ओर आचार्य संघ के प्रमुख राकेश पंडया ने बताया कि यह घटना समाज के लिए बहुत ही दुःखद है। एक शिक्षक या आचार्य जनता के हित से जुड़ी जानकारी सरकार को उपलब्ध करवाने की कोशिश करती है। परंतु, संवेदनशील क्षेत्र में बिना किसी सुरक्षा के उन्हें भेज दिया जाए तो ऐसे में काम करना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे मामलों में यदि हमें राज्य या केन्द्र सरकार से मांग करनी पड़ेगी तो हम करेंगे। समग्र राज्य में शिक्षा विभाग की ओर से मदरसों का सर्वे किया जा रहा है। इसके तहत बड़ी संख्या में मदरसों की मैपिंग की जा चुकी है। वहीं, कई जिलों में यह काम चल रहा है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गुजरात के मुख्य सचिव को समन्स भेजा है। इसमें राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने राज्य के सभी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों का सर्वे करने को कहा है। समन्स में उल्लेख किया गया है कि मदरसों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को सामान्य शिक्षा लेना अनिवार्य है।

## बिहार के खगड़िया में रील बनाने के चक्कर में छह डूबे, चार लापता, दो ने बचा ली जान



**पटना (हि.स.)।** बिहार के खगड़िया में शनिवार को रील बनाने के चक्कर में छह युवक-युवतियां डूब गए, जिसमें चार अभी तक लापता हैं। बाल-बाल बचे एक युवक और एक युवती को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना अगुवानी गंगा घाट की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम गंगा में डूबे चारों लड़कों को तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक कुछ लड़के-लड़कियां अगुवानी घाट पर रील बनाने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान पांच युवक और एक युवती गंगा में डूब गए। एक युवक और एक युवती तो किसी तरह से जान बचाकर गंगा से बाहर चले आए लेकिन चार लड़के गंगा के गहरे पानी में चले गए। लापता लड़कों में मुकेश चौधरी, राजन कुमार, आदित्य कुमार और श्याम कुमार हैं। मौके पर परबता के सीओ और थानाध्यक्ष कैंप कर रहे हैं। घटना के बाद लड़कों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# तृणमूल संग कांग्रेस की दोस्ती पर हाई कमान के खिलाफ बागी हुए अधीर चौधरी

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष और पांच बार के लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस से कांग्रेस के संबंधों के मुद्दे पर आलाकमान के खिलाफ बागी तेवर अपनाया है।

आंतरिक कलह की जड़ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का शनिवार को लखनऊ में मीडियाकर्मियों को दिया गया वह बयान है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चुनाव के बाद सरकार गठन के लिए अपनाए जाने वाले कदम का फैसला करने वाले चौधरी कोई नहीं हैं। खड़गे ने कहा कि गठबंधन की स्थिति आने पर ममता बनर्जी के साथ आगे बढ़ने को लेकर पार्टी आलाकमान फैसला करेगा। खड़गे ने यहां तक कह दिया कि नेताओं को पार्टी आलाकमान के फैसले के अनुरूप चलना होगा या उन्हें पद



छोड़ना होगा।

चौधरी ने खड़गे के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य होने के नाते वह आलाकमान का हिस्सा हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि इन बयानों से स्पष्ट है कि कांग्रेस आलाकमान तृणमूल कांग्रेस और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर नरम पड़ सकता है, लेकिन चौधरी इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को चौधरी ने चुनाव के बाद इंडी गठबंधन को बाहर से समर्थन देने की ममता बनर्जी के बयान पर सवाल खड़ा किया था। उन्होंने कहा था कि ममता बनर्जी ये जान गई हैं कि राजनीतिक तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर उनकी कोई अहमियत नहीं है। इसे बनाए रखने के लिए इस तरह की टिप्पणी कर रही हैं।

उन्होंने कहा, मुझे उन पर भरोसा नहीं है। वह इंडी गुट से अलग हो गईं। अब वह हमारे साथ एकजुट होने की कोशिश कर रही हैं क्योंकि उन्हें एहसास है कि हम राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हो रहे हैं।

पर्यवेक्षकों का कहना है कि तृणमूल कांग्रेस को लेकर कांग्रेस के भीतर ताजा आंतरिक मतभेद आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हलचल बढ़ा सकते हैं।

## तमिलनाडु, पुडुचेरी में अगले दो दिन भारी बारिश की आशंका, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत मौसम विभाग ने तमिलनाडु, पुडुचेरी एवं कराईकल में 18 से 22 मई को अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा (115.5-204.5 मिलीमीटर) होने की आशंका व्यक्त की है। इसके साथ 21 मई को अलग-अलग स्थानों पर अत्यंत भारी वर्षा (204.5 मिलीमीटर से अधिक) होने का अनुमान है। इन राज्यों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज से रेड अलर्ट जारी किया है।

वहीं, मेघालय में 19, 20 मई को अलग -अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। केरल एवं माहे में 18 और 22 मई को अलग अलग स्थानों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है और 21 मई को अत्यंत भारी बारिश होने की संभावना। आतंरिक दक्षिणी कर्नाटक में 18-20 मई के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश होने की सभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़ -दिल्ली में अगले तीन दिनों तक भीष्ण गर्मी की पड़ेगी। इन स्थानों में 22 मई को उष्ण लहर यानि लू चलने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और ओडिशा के अलग अलग स्थानों में उष्ण लहर चलने की संभावना है।

## नेपाल की संसद में गतिरोध खत्म करने में जुटे प्रधानमंत्री प्रचंड

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल की संसद के बजट सत्र में पिछले छह दिनों से जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड विपक्षी दल के नेताओं के लगातार संपर्क में हैं। प्रचंड ने शनिवार सुबह प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री के प्रेस सलाहकार गोविन्द आचार्य ने मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के नेताओं से संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने को लेकर कई बिंदुओं पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की मांग पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए सहकारी घोटाले की जांच के लिए संसदीय जांच समिति गठित करने की मांग पर सहमति जताई है। हालांकि बातचीत के बाद प्रधानमंत्री आवास से बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत में नेपाली कांग्रेस के उपसभापति पूर्ण बहादुर खड्का ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा की तरह हमारी मांग पर सकारात्मक तो दिखे लेकिन अपने ही सत्तापक्ष को समझाने में वो नाकाम रहते हैं।

# नेपाल में राजनीतिक गतिरोध के बीच अध्यादेश के जरिए बजट लाने की तैयारी

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल में जारी राजनीतिक गतिरोध के बीच सरकार अध्यादेश के जरिए बजट लाने की तैयारी कर रही है। सत्तापक्ष ने संकेत दिया है कि आज शाम तक यदि विपक्षी दलों के साथ सहमति नहीं हुई तो अध्यादेश के जरिए ही बजट लाया जाएगा।

नेपाल में संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक देश का आम बजट हर वर्ष 30 मई से पहले हर हाल में लाना ही होता है। विपक्षी दलों के अवरोध के कारण सरकार अब तक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापन तक नहीं कर पाई है। बजट सत्र में विपक्षी दलों का पिछले एक हफ्ते से जारी संसद गतिरोध खत्म नहीं हो पा रहा है, सरकार के सभी प्रयास असफल हो रहे हैं। आज होने वाली निर्णायक वार्ता से पहले किसी भी पक्ष ने झुकने के संकेत नहीं दिए हैं।

सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री की तरफ से अंतिम समय तक सहमति का प्रयास किया जाएगा, लेकिन यदि विपक्षी



दलों के साथ सहमति नहीं बनी तो सरकार के पास अध्यादेश के जरिए बजट लाने का रास्ता बचेगा।

प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने कहा कि प्रधानमंत्री वार्ता में कुछ और कहते हैं और उनके सत्ता सहयोगी दल कुछ और विचार रखते हैं। गगन थापा ने कहा कि लाखों नेपाली गरीब और मध्यम वर्ग की कमाई सहकारी संस्थाओं के मार्फत डूबी है। इस मामले में गृहमंत्री रवि लामिछाने की संलग्नता का प्रमाण मीडिया में प्रकाशित होने के बावजूद छानबीन नहीं होने देना उनकी नीयत पर शंका है। सत्तापक्ष से जुड़े प्रमुख दल नेकपा एमाले और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी संसदीय समिति जांच के खिलाफ हैं।

# मालदीव भी फंसा चीन के कर्ज जाल में

## आईएमएफ की चेतावनी के बाद कर्ज चुकाने की कर रहा जुगत

**माले (हि.स.)।** चीन ने श्रीलंका के बाद मालदीव को भी अपने कर्ज के जाल में फंसा लिया है, जिससे मालदीव सरकार की मुश्किलें बढ़ गई है। ताजा घटनाक्रम में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से मालदीव को ऋण संकट के उच्च जोखिम की चेतावनी देने के बाद चीनी ऋण चुकाने के लिए मालदीव रास्ता तलाश रहा है। उसने इसे लेकर चीन से ऋण पुनर्गठन कर राहत देने की अपील की है।

चीन ने कहा है कि मालदीव सरकार द्वारा वर्तमान में चीन से लिए गए कर्ज पर ऋण पुनर्भुगतान में कुछ आसानी प्रदान करने पर देशों के बीच चर्चा हो रही है। हालांकि, मालदीव में चीन की राजदूत वांग लिक्सिन ने कहा कि ऋण पुनर्गठन कोई समाधान नहीं है, क्योंकि ऐसा करने से मालदीव को बीजिंग से आगे वित्तीय सहायता मांगने में बाधा उत्पन्न होगी। राजदूत वांग ने कहा कि चीन और मालदीव की तकनीकी टीम इस मुद्दे की



जिम्मेदारी संभाल रही है। वांग ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि चीन मालदीव को ऋण जाल में डाल रहा है और इस बात पर जोर दिया कि चीन ने हमेशा मालदीव का सम्मान किया है। साथ ही देश में चल रही परियोजनाएं चीन के लिए लाभ या लाभ के किसी भी उद्देश्य से संचालित नहीं की जा रही हैं।

आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि मालदीव की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का चीन की सेवा आयात की मांग के साथ गहरा संबंध है, जो दर्शाता है कि चीनी बाजार मालदीव के विकास का प्रमुख वाहक बना रहेगा, जो मालदीव के विकास के लिए जोखिम पैदा कर सकती है।

## अमेरिकी संसद की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के पति पर हमले के दोषी को 30 साल की सजा

**सैन फ्रांसिस्को (हि. स.)।** अमेरिकी संसद की तत्कालीन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के अपहरण का प्रयास करने और उनके पति पर हथौड़े से हमला करने के दोषी व्यक्ति को शुक्रवार को 30 साल की सजा सुनाई गई।

न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने 44 वर्षीय डेविड डेपेप को सजा सुनाई, जिसे जूरी सदस्यों ने पिछले नवंबर में एक संघीय अधिकारी के अपहरण के प्रयास और एक संघीय अधिकारी के परिवार के सदस्य पर हमले का दोषी पाया था। अभियोजकों ने डेविड को 40 साल की सजा की मांग की थी। अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के दौरान डेविड शांत खड़ा दिखा। बचाव पक्ष के वकीलों ने न्यायाधीश से डेविड को 14 साल की सजा देने की अपील की थी क्योंकि उसका पूर्व में कोई आपराधिक इतिहास नहीं था।

# सिंगापुर में कोविड-19 की नई लहर का खतरा, लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या, मास्क पहनने की सलाह



**सिंगापुर।** स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि पांच से 11 मई के बीच कोविड-19 मामलों की अनुमानित संख्या पिछले सप्ताह में 13,700 मामलों की तुलना में बढ़कर 25,900 हो गई। कोरोना महामारी के रोजाना आने वाले मामले 181 से बढ़कर लगभग 250 हो गए हैं।

सिंगापुर में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों ने दुनिया के दूसरे देशों में भी डर पैदा करना शुरू कर दिया है। क्या यह कोरोना की एक और नई लहर की वापसी है, क्या फिर कोरोना से दुनिया में हाहाकार मचने वाला है। ऐसे कई सवाल हैं, जो लोगों को परेशान कर रहे हैं। इसी बीच सिंगापुर कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या से हैरान है। यहां कोविड-19 की नई लहर देखने को मिल रही है। लगातार कोविड-19 के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पांच से 11 मई के बीच करीब 26000 मामले सामने आए। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने मास्क पहनने की सलाह दी है।

मंत्री के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है, हम एक नई लहर की शुरुआत देख रहे हैं, जहां यह लगातार बढ़ रही है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि अगले दो से चार सप्ताह में लहर अपने चरम पर पहुंच सकती है। इसका मतलब साफ है कि जून के मध्य और अंत के बीच सिंगापुर में एक नई लहर देखने को मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) का कहना है कि पांच से 11 मई के बीच कोविड-19 मामलों की अनुमानित संख्या पिछले सप्ताह में 13,700 मामलों की तुलना में बढ़कर 25,900 हो गई। कोरोना महामारी के रोजाना आने वाले मामले 181 से बढ़कर लगभग 250 हो गए हैं।

मंत्रालय ने कहा कि बिस्तर की क्षमता को बचाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। सार्वजनिक अस्पतालों को अपने गैर-जरूरी वैकल्पिक सर्जरी के मामलों को कम करने और उपयुक्त रोगियों को संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाओं में स्थानांतरित करने को कहा गया है। साथ ही हल्के फुल्के बीमार व्यक्ति की घर पर देखभाल करने को कहा है।

## पाकिस्तान ने उद्यमियों के समर्थन के लिए भारत सरकार को सराहा

**लाहौर (हि. स.)।** पाकिस्तान ने भारत की सराहना करते हुए कहा है कि उसकी प्रगति का एक मुख्य कारण यह है कि वह अपने व्यापारियों का समर्थन करता है, जबकि पाकिस्तान में यदि कोई व्यापारी प्रगति करता है तो उसे चोर करार दिया जाता है। यह बात के पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भारत उद्यमियों का समर्थन करते हुए की। उन्होंने कहा कि भारत में कारोबारियों को सम्मान दिया जाता है।

मोहसिन नकवी दुबई लीक्स के बारे में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। जिसमें बड़ी संख्या में लीक हुए संपत्ति का डाटा सामने आया है। इसमें 2022 तक 17,000 पाकिस्तानी नागरिकों से संबंधित 23,000 से अधिक संपत्तियों की सूची शामिल हैं। संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना द्वारा एकत्र आंकड़ों के अनुसार, दुबई लीक्स में नकवी की पत्नी को दुबई में एक मूल्यवान संपत्ति के मालिक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

# पाकिस्तान ने आईएमएफ के आगे फिर फैलाए हाथ, छह बिलियन डॉलर की मदद मांगी

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आगे हाथ फैलाए हैं। आईएमएफ से छह बिलियन डॉलर की मदद मांगी गई है। कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से छह बिलियन डॉलर की मदद की गुहार लगाई है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान द्वारा नए बेलआउट पैकेज के लिए आईएमएफ के अधिकारियों के साथ बातचीत की जाएगी। बताया गया है कि आईएमएफ की एक टीम बेलआउट पैकेज के बारे में बातचीत करने के लिए पाकिस्तान पहुंच गई है। पाकिस्तान ने आईएमएफ से करीब छह बिलियन डॉलर की आर्थिक मदद मांगी है। अगर बातचीत सफल रहती है तो यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को दिया जाने वाला चौबीसवां बेलआउट पैकेज होगा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की संचार निदेशक जूली कोजैक का कहना है कि फिलहाल नाथन पोर्टर की



अध्यक्षता में एक टीम को पाकिस्तान भेजा गया है और इस सप्ताह बेलआउट पैकेज के संबंध में वहां मौजूद अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। पाकिस्तान के लिए आईएमएफ की स्थानीय प्रतिनिधि एस्तेर पेरेज रुइज का कहना है कि इस बातचीत का उद्देश्य अधिक समावेशी और लचीले आर्थिक विकास की नींव रखना है, जिससे पाकिस्तान को फायदा मिलेगा। बताया गया है कि आईएमएफ की टीम पाकिस्तान में अगले दस दिनों तक रुक सकती है। इस टीम द्वारा अलग अलग विभागों से डेटा लिया जाएगा। इसके अलावा वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ वित्त वर्ष 2025 के आगामी बजट पर भी चर्चा की जाएगी। एक स्थानीय न्यूज रिपोर्ट के अनुसार यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि आईएमएफ की टीम और पाकिस्तान के अधिकारियों के बीच वार्ता सफल रहेगी या नहीं। बता दें कि राजकोषीय घाटे से जूझ रहे पाकिस्तान के आर्थिक हालात कुछ ठीक नहीं है।

# बाइक रैली निकालकर दिया मतदान करने का संदेश

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अभियान उत्साह के साथ जोर शोर से जारी है। शनिवार को इसी कड़ी में मतदाताओं में जागरुकता के लिए बाइक रैली निकाली गई। जिसे इंगलिश क्लब से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मतदाता जागरूकता बाइक रैली को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मोटरसाइकिल रैली जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में दीवानी- कलेक्ट्री चौराहा, नखास, सदभावना पुल, शाही किला, अटाला मस्जिद, गल्ला मण्डी, सब्ज़ी मण्डी कोतवाली चौराहा, चहारसू, शाही पुल, ओलंदगंज, रोडवेज तिराहा होते हुए बी आर पी कालेज के मैदान में संपन्न हुई। बाइक रैली में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक हेलमेट लगाये, बाइक पर मतदाता जागरूकता मतदान तिथि 25 मई अपना वोट ज़रुर करें, स्टीकर लगाये व नारा लगाते मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करते चल रहे थे। बाइक रैली में सैकड़ों शिक्षक बाइक के साथ शामिल रहे।

इसके पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने 25 मई को जौनपुर व मछलीशहर लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतदान में सभी नागरिकों से बढ़ चढ़कर मतदान की अपील की। उन्होंने जौनपुर जनपद के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे खुद मतदान करें और परिवार, आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था की जा रही है। इसलिए कोई भी मतदाता मतदान करने से छूटने न पाये।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोग लोकतंत्र के पावन पर्व में बढ़ चढ़ कर भाग ले और दूसरों को भी जागरूक करे। यह सौभाग्य है कि हमे मत देने का अधिकार मिला है। आप लोगों किसी प्रकार के लालच एवं बहकावे में नहीं आऐ। कोई भी संदिग्ध स्थिति दिखती है, तो आप लोग तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करे।

इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, राजू सिंह, जिलाध्यक्ष यूटा संजय सिंह, हेमन्त सिंह, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह, जूनियर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डा अतुल यादव, सहित एस आर जी, एआरपी, एंव भारी संख्या में शिक्षक शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नहीं दिखा रहे अपना रिपोर्ट कार्ड

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत प्रयागराज पहुंची। इस दौरान सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कांफ्रेंस कर प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रहे हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हमारा देश युवाओं के देश है, लेकिन यहां रोजगार पर बात नहीं हो रही है। यहां युवाओं की बात नहीं हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी से हर समस्या बढ़ रही है। केंद्र में 30 लाख पद खाली हैं उन्हें कब भरा जाएगा। सेना को ठेके पर चलाने का काम चला है, हम अग्निवीर भर्ती खत्म करेंगे। पेपर लीक पर माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई कब होगी। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वो नारी न्याय की बात कर रहे हैं। महिलाएं आज असुरक्षित हैं, कांग्रेस की सरकार आती है तो 50 प्रतिशत शासकीय नौकरी महिलाओं को दी जाएगी। गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना दिए जाएंगे। किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं। किसान दिल्ली में आकर अपनी बात रखना चाहते थे, उनके राह में रोड़े अटकाए गए। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि किसानों की एमएसपी की बात हम कर रहे हैं और उनका कर्जा माफ करेंगे। कृषि को जीएसटी से मुक्त करेंगे। देश में हो रहे सुसाइड में एक चौथाई लोग श्रमिक शामिल हैं, यहां 73 प्रतिशत दलित, पिछड़ों की आबादी है, उनका प्रतिनिधित्व नहीं है। हमारी सरकार आई तो उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक जनगणना जरूरी है। प्राइवेट कंपनियों में पिछड़ों की संख्या कम है। मोदी जी ने गारंटी शब्द चुरा ली है।



## शिवपाल ने किया त्रिवेणी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**बरदह आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने गांधी स्मारक पी जी कालेज प्रांगण में स्थित स्व त्रिवेणी रॉय की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला , उल्लेखनीय है कि स्व त्रिवेणी रॉय ने विधान सभा लालगंज से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर तीन बार चुनाव जीता था,इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस से हमारा समझौता है। आजमगढ़ व लालगंज दोनो सीटों पर हमारे जनपद के दशों विधायक प्राण पण से धर्मेन्द्र यादव को सदर से व लालगंज से दो बार सांसद रहे दरोगा प्रसाद को जिताने में लगे हुए हैं। विधायक बेचई सरोज , कमला कांत राजभर व पूर्व विधायक आदिल शेख ,व डाक्टर अभिषेक रॉय को हर हाल में दरोगा प्रसाद को जिताने के टिप्स दिए , तथा उपस्थित कार्यकर्ताओ को भी कमर कस कर तैयार रहने को कहा।

# इंडिया गठबंधन लोगों को कर रही है गुमराह

भाजपा बनाने जा रही है पूर्ण बहुमत की सरकार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** नगर के एक पैलेस में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश बहुत मजबूत हुआ है। सरकार की योजनाएं घर-घर पहुंच रही हैं। सपा व कांग्रेस का चरित्र लोगों के सामने आ गया है।मोदी की लोकप्रियता देखकर विपक्षी दल घबरा गए हैं और लोगों को झूठे सपने दिखाकर गुमराह कर रहे है।भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनने जा रही है।बनारस के तर्ज पर जौनपुर लोकसभा क्षेत्र का विकास किया जाएगा।कांग्रेस ने हमेशा जनता को हमेशा धोखा देने का काम किया है, देश की जनता ने तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल ने कहा कि भाजपा ही महिलाओं के मान सम्मान की सुरक्षा के प्रति कटिबध्द हैं । कार्यक्रम के पूर्व आयोजक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू, इंजी. उमाशंकर गुप्ता व अरुण पांडे ने सांसद सीमा द्विवेदी व प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह का स्वागत किया। इस मौके पर बसपा सभासद अरुण पाण्डेय समेत सैकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार काजू व रंजीत गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह सोनू, अर्चना शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता, विशंभर दुबे, विनय सिंह पिंटू, उमाशंकर गुप्ता, आलोक गुप्ता पिंटू, राजेश यादव, सौरभ पांडे, संतोष गुप्ता, जगदंबा, राजकुमार राजू, गणेश सभासद, दीपू मोदनवाल, राजीव जायसवाल, रोहन पांडे, बाबा मौर्या, नागेंद्र मोदनवाल, बिजेंदर जायसवाल, राजकुमार नेता, शंकर केसरवानी, व चंद्रशेखर तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# फूलपुर में क्यों इंडिया गठबंधन को है जीत की उम्मीद

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की लोकसभा सीट फूलपुर से कई सांसद हुए , आम चुनाव 2024 में फूलपुर लोकसभा में मतदान 25 मई को होगा , सभी पार्टियों के प्रत्याशी जनता से लगातार संपर्क कर रहे हैं। फूलपुर से बीजेपी से प्रत्याशी फूलपुर से विधायक प्रवीण पटेल हैं तो इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या हैं , बहुजन समाज पार्टी ने अपना प्रत्याशी जगन्नाथ पाल को बनाया है।




फूलपुर लोकसभा से समाजवादी पार्टी से कई बार सांसद हो चुके हैं बसपा से एक बार कपिल मुनि करवरिया सांसद बने , 2014 में केशव प्रसाद मौर्या ने बीजेपी का किआमाल खिलाया था।

2018 में हुए उप चुनाव में बीजेपी से कौशलेन्द्र प्रताप सिंह चुनाव हार गए थे और सपा प्रत्याशी नागेंद्र पटेल सांसद बने। लेकिन 2019 आम लोकसभा चुनाव में सपा ने अपने सांसद का टिकट काट कर पंधारी यादव को टिकट दिया। बीजेपी से केसरी देवी पटेल ने पंढरी यादव को एक लाख इकहत्तर हजार वोट से हराया था।2022 विधानसभा चुनाव में पांचो विधानसभा से सपा के प्रत्याशियों और बीजेपी प्रत्याशियों को मिले वोट के बीच अंतर केवल 98000 था। 2024 के इस चुनाव में नजारा एक दम से बदला हुआ है , सपा ने अमरनाथ मौर्या को टिकट दिया है और बसपा ने जगन्नाथ पाल को। फूलपुर के पांचो विधानसभा में टहलने पर पता चला कि पाल समाज बसपा को और मौर्या समाज सपा को वोट कर रहा है , जो पहले 2019 में पूरा बीजेपी को वोटिंग किया था , पिछले लोकसभा चुनाव में रमजान का महीना चल रहा था और अल्पसंख्यक समाज की वोटिंग भी कम हुई थी , दूसरी तरफ 2019 के लोकसभा चुनाव में पासवान समाज बीजेपी को वोट दिया था लेकिन 2022 से सीन बदल गया है और पासवान समाज बीजेपी से दूर होकर सपा को वोट कर रहा है।

उपर्युक्त बातें बीजेपी के पक्ष में न होने की वजह से इंडिया गठबंधन को लगता है फूलपुर लोकसभा में जीत हो सकती है , हालाँकि बीजेपी के नेता लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन कड़ी धुप और शहर में ही सैम,पार्क करने से गावं में प्रभाव नहीं छोड़ पा रहे हैं। आगामी दिनों देखा जायेगा क्या होता है लेकिन अभी सूरत ए हाल यह है कि फूलपुर से इंडिया गठबंधन मजबूत दिखाई दे रहा है।

# एमएलसी ने की सपा के पक्ष में वोट करने की अपील

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** सपा के चुनावी नुक्कड़ जनसभा स्थानीय थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में की गई। जिसमें सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव वह मुबारकपुर विधानसभा के वर्तमान विधायक अखिलेश यादव एमएलसी शाह आलम गुड्डू जमाली ने सपा के पक्ष में वोट करने की लोगों से अपील की। सुबह को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है भाजपा पर जमकर बरसते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिंदू मुस्लिम को आपस में लड़ना चाहती है लेकिन जनता अब सब समझ चूकी है अब बीजेपी वाले जान चुके हैं कि जाने का वक्त आ गया है उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है इसलिए मैं आप लोगों से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि 25 मई का दिन बहुत ही खास दिन है अपना एक एक वोट पोल करें और साइकिल का बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाएं और आजमगढ़ का रिकॉर्ड बनाएं इस सभा का संचालन वीरेंद्र महा प्रधान और अध्यक्षता मोईनाबाद ग्राम प्रधान राजू यादव एवं इब्राहिमपुर ग्राम प्रधान जमाल अहमद में किया वहीं भाजपा छोड़कर दर्जन भर लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण कर भी किया इस सभा में भारी संख्या में लोग पहुंच कर सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को उत्साहित किया।

# विश्वविद्यालय समर्थ पोर्टल पर सशक्त उपस्थिति कराये दर्ज: कुलपति

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में कुलपति प्रो वंदना सिंह की अध्यक्षता में समर्थ पोर्टल के क्रियान्वन हेतु अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों की बैठक हुई। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के तहत देश के सभी राज्य विश्वविद्यालय इससे जुड़ रहे है। विश्वविद्यालय ने भी समर्थ पोर्टल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी कर ली है। आने वाले समय में विश्वविद्यालय की हर शैक्षणिक, प्रशासनिक और अकादमिक गतिविधि इस पर होगी।बैठक में कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि डिजिटल का जमाना है, समर्थ पोर्टल पर सूचनाएं अपलोड होने से बहुत सारे लाभ होंगे। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष समर्थ पोर्टल पर पाठ्यक्रम विवरण एवं विद्यार्थियों की सूचना शीघ्र अपडेट करे। उन्होंने पोर्टल के विभिन्न आयामों पर समन्वयकों से विस्तार से चर्चा की।

कुलसचिव महेंद्र कुमार से समर्थ पोर्टल के सम्बन्ध में शासन से मिले निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सभी विभाग प्राथमिकता पर करें।गौरतलब है कि बीतें दिनों उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला 'समर्थ से सामर्थ्य' सम्पन्न हुई थी। जिसमें प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में 'समर्थ पोर्टल' को सफलतापूर्वक लागू के लिए अनुबंध हुआ था। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक अजीत कुमार सिंह, प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो मनोज मिश्र, प्रो सौरभ पाल, प्रो संदीप सिंह, डॉ आशुतोष सिंह, उप कुलसचिव बबिता सिंह, डॉ अमित वत्स समेत अधीक्षक एवं प्रभारी उपस्थित रहे।

## वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की हुई मौत

**जौनपुर(शाहगंज)।** स्थानीय नगर से सटे सुल्तानपुर मार्ग स्थित बरदहिया बाजार के समीप शुक्रवार की देर रात दवा लेकर घर जा रहे व्यक्ति वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए राजकीय पुरुष चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के सुरिस गांव निवासी सतीश सिंह (52) पुत्र गौरीशंकर सिंह शुक्रवार की रात बाजार से दवा लेकर घर पैदल जा रहे थे। सुल्तानपुर मार्ग स्थित बरदहिया बाजार के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उसे उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय लाये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

**पूर्वोत्तर रेलवे** ई–आक्शन नोटिस सं.-05/2024

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल, मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | लॉट संख्या | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 01 | PnU-LJN-GD-Toi-27-24-1 (Pay and Use-Toilets) | गोण्डा स्टेशन के प्लेटफार्म सं.-2/3 (पश्चिम छोर) तथा प्लेटफॉर्म सं.-4/5 (पश्चिम छोर) पर स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। (कुल दो प्रसाधन) |
| 02 | PnU-LJN-BRK-Toi-23-23-1 (Pay and Use-Toilets) | बहराईच स्टेशन के प्लेटफार्म सं.-1 पर स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। |
| 03 | PnU-LJN-ASH-Toi-20-23-1 (Pay and Use-Toilets) | ऐशबाग स्टेशन के वेटिंग हॉल (द्वितीय प्रवेश द्वार साईड) में स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। |
| 04 | PnU-LJN-RMBG-Toi-25-23-1 (Pay and Use-Toilets) | रामघाट हॉल्ट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। |
| 05 | PnU-LJN-NTV-Toi-24-23-1 (Pay and Use-Toilets) | नौतनवा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित पे एण्ड यूज शौचालय का ठेका संचालन एवं रखरखाव के आधार पर 03 वर्ष हेतु। |

♦ निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई–ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। आईआरईपीएस पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई–ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी। ♦ सभी लॉट के लिये ई–ऑक्शन दिनांक 03-06-2024, 15:00 बजे प्रारंभ होकर 03-06-2024, 16:10 बजे बंद होगी। ♦ इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ♦ अर्नेस्ट मनी की राशि (5%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। ♦ विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट *www.ireps.gov.in (E-Auction Module)* पर उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–34 मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), लखनऊ

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

**Format C-7**

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

Format C-2
(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

"(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)"

**Name of Political Party :** Bharatiya Janata Party
***Name of Election :** Loksabha General Election - 2024
**Name of State/UT :** Uttar Pradesh

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sl. No.** | **Name of constituency** | **Name of candidate** | **(A) Pending criminal cases** | | **(B) Details about cases of conviction for criminal offences** | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed.** |
| 1 | 68-Lalganj (SC) | **Neelam Sonkar** | Court No.- 10, Azamgarh, Case No.- 278/2009 & Pending | 188 IPC & 126 RP Act, Disobedience of public servent, violation of model code of conduct. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | 68-Lalganj (SC) | **Neelam Sonkar** | Court No.- 10, Azamgarh, Case No.- 53/2014 & Pending | 188 IPC & 126 RP Act, Disobedience of public servent, violation of model code of conduct. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Counsil by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने नए युग के तहत लागू की नई कॉर्पोरेट पहचान




**नई दिल्ली।** जहाँ एक ओर स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा कर दी है और आगामी समय में इसके कई प्रॉडक्ट एक्शन्स जल्द होने वाले हैं वहीं दूसरी ओर भारत में अपने नए युग के तहत अपने नेटवर्क और ग्राहकों को मज़बूती देने परकंपनी लगातार फोकस कर रही है अपनी डिजिटलाइज़ेशन रणनीति में बढ़ोतरी करने के बाद ब्रांड ने अब डीलरशिप्स, सर्विस सेंटर्स और अन्य कस्टमर टचपॉइंट्स जैसे अपने फिज़िकल एसेट्स में नई कॉर्पोरेट पहचान को लागू करने की घोषणा की है। इस घोषणा के बारे में बात करते हुए पेट्रे ज़नेबा, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा विश्व स्तरीय कारों के निर्माण के साथ हमारे प्रयासों का फोकस हमारे ग्राहकों, हमारे परिवारों और हमारे प्रशंसकों के लिए एक संपूर्ण, सभी प्रकार से समृद्ध अनुभव पेश करने पर रहा है। डिजिटलाइज़ेशन निश्चित ही उन अनेकों तरीकों में से एक है जिसके ज़रिए हम ग्राहकों तक पहुँचते हैं। जिस तरह हमारी मैसेजिंग के साथ हमारी स्थिरता महत्वपूर्ण है उसी तरह हमारे ग्राहकों और सभी अन्य हितधारकों के लिए प्रस्तुत की जाने वाली हमारी डिज़ाइन की भाषा, हमारी पहचान और चेहरा उतने ही महत्वपूर्ण हैं 2023 में हमारे कम्यूनिकेशन और मार्केटिंग में हम लगातार और सोच-विचार कर हमारे ब्रांड की नई कॉर्पोरेट पहचान को लागू करते रहे हैं। अब हम इसे अगले चरण में ले जाने के लिएतैयार हैं जिसमें हमारे डीलरशिप्स और विभिन्न कस्टमर टचपॉइंट्स शामिल हैं।

**सबकुछ समरूपता में-** फ्लुईडिटी का संदेश देती गोल आकार और बॉर्डर के साथ कॉम्बिनेशन की मज़बूती प्रदर्शित करने के लिए स्कोडा ऑटो इंडिया की नई स्टाइलिंग और टाइपफेस समरूपता के आधार पर नई टाइपोग्राफी का इस्तेमाल करती है। इसके साथ ही नई कॉर्पोरेट पहचान आधुनिक मज़बूत कथन का ही आगे विस्तार है जो साल 2022 से ब्रांडके डिज़ाइन और एस्थेटिक्स को निर्धारित करता रहा है। इतना ही नहीं, स्कोडा ऑटो की आइकॉनिक विंग्ड एरो इमेजरी की जगह अब स्कोडा वर्डमार्क होगा जो कंपनी के संपूर्ण टचपॉइंट्स में कम्यूनिकेशन और इमेजरी में एक सामंजस्य सुनिश्चित करेगा।

**रंगों और लाइट्स के साथ** नई कॉर्पोरेट पहचान के माध्यम सेडीलरशिप परिसर में साइनेजेस के लिए यह आजादी संभव होगी कि वे दिन या रात के समय का उपयोग करके इल्यूमिनेशन के टोन में परिवर्तन कर सकते हैं स्कोडा के सिग्नेचर कलर्स के साथ वैरायटी लेकिन फिर भी एकरूपता बनाए रखते हुए एक समान और मज़बूत लेटरिंग दिन में एमराल्ड ग्रीन और रात में वाइब्रेंट इलेक्ट्रिक ग्रीन को प्रकाशित करती है। इसी एस्थेटिक्स का विस्तार अन्य कस्टमर इंटरफेस कॉम्प्लेक्स के अन्य सूक्ष्म विवरणों में भी दिखाई देता है जैसे कि पायलॉन, डीलर ब्रांडिंग, एंट्रेंसपोर्टल और इसके भीतर की कुछ हाइलाइट दीवारें।

**सही मायने में और डिजिटल रूप से-** आपका यह बदलाव अपनी पहुंच को बढ़ाने और ग्राहकों के नज़दीक आने के लिए स्कोडा ऑटो इंडिया द्वारा किए गए प्रयासों के तहत नॉन-प्रॉडक्ट विकास और जुड़ाव कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ मेल खाती हैं। साल 2025 की पहली अर्धवार्षिक अवधि में भारत मेंइसके ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के वर्ल्ड लॉन्च करने की घोषणा के साथ नए युग मेंब्रांड के प्रवेश के बाद स्कोडा ऑटो इंडिया ने कई डिजिटलाइज्ड़ रणनीतियाँ लागू की हैं जिसने ग्राहक जुड़ाव में एक प्रकार की क्रांति ला दी है।

## रायन रेनॉल्ड्स ने कहा कि काल्पनिक दोस्त बनाना आमतौर पर बच्चों के खुश रहने का एक तरीका होता है

**नई दिल्ली।** रायन रेनॉल्ड्स को क्यों लगता है कि काल्पनिक दोस्त बनाने की धारणा रोमांचक और दिलचस्प होती है हम सभी ने बचपन में अपनी उम्र बढ़ने के साथ एक ऐसी दुनिया बनाई है, जिसमें हमारी पसंदीदा जगहों से लेकर हमारे दोस्तों तक, सब-कुछ हमारे दिमाग में असलियत में शामिल था। हमारे दिमाग में जो दोस्त थे, वह बड़े ही वफादार थे, हमें बहुत पसंद थे और उनमें से कुछ पूरी तरह से वास्तविक थे।

आईएफ एक ऐसी लड़की की कहानी है, जिसे पता चल जाता है कि वह हर किसी के काल्पनिक दोस्तों को देख सकती है। और इस सुपरपावर के साथ वह बच्चों के भूले हुए काल्पनिक दोस्तों से उन्हें दोबारा मिलाने का एक जादुई सफर शुरू करती है।

रायन रेनॉल्ड्स अपनी आगामी एनिमेशन फिल्म आईएफ को रिलीज करने की तैयारी में हैं। इसमें बच्चों के इमैजिनरी फ्रेंड्स (आईएफ) की कहानियाँ हैं। रायन हमें बता रहे हैं कि ऐसे दोस्तों का



अस्तित्व क्यों है और उनका कहना है कि यकीन दिलाना एक तरह की ताकत है।

उन्होंने कहा, ''काल्पनिक दोस्तों का कॉन्सेप्ट रोमांचक और दिलचस्प है। ऐसे दोस्त आमतौर पर जरूरत के कारण बनते हैं। उन बच्चों के लिये यह खुश रहने का एक तरीका है, जिन्हें लगता है कि अपनी भलाई के लिये वह केवल अपने माता-पिता के भरोसे नहीं रह सकते। इसके लिये उन्हें दूसरे तरीके खोजने पड़ते हैं। और वह अपने इमैजिनरी फ्रेंड्स बनाने लगते हैं।''

इमैजिनरी फ्रेंड्स (आईएफ) के निर्देशक जॉन क्रासिंस्की हैं। इसमें रायन रेनॉल्ड्स, काइली फ्लेमिंग और फियोना शॉ की मुख्य भूमिकाएं हैं। ब्लैक लाइवली, स्टीव कैरेल, फोबे वालर ब्रिज, लुईस गॉसेट जूनियर और कई अन्य ने इसके अनूठे किरदारों को आवाज दी है। यह किरदार एक बच्चे की असीम कल्पना-शक्ति दिखाते हैं।

# रैपिडो और ज़िला चुनाव कार्यालय लखनऊ के संयुक्त प्रयास मतदाताओं को प्रदान करेंगे परिवहन सेवाएं

**लखनऊ।** देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लॉन्च किया है। लखनऊ के ज़िला चुनाव कार्यालय के सहयोग से रैपिडो 20 मई 2024 को लखनऊ के मतदाताओं के लिए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा रैपिडो ने शहर के निवासियों को मतदान के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए शहर प्रशासन के साथ साझेदारी की और एक रैली का आयोजन किया है।

200 बाईक टैक्सी कैप्टन्स के साथ इस रैली को रेजीडेंसी लखनऊ से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान प्रसाद मौर्य - एडीएम लखनऊ मौजूद रहे और नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।




चुनाव के दिन मतदाता रैपिडो ऐप पर कोड 'वोट नाउ' का उपयोग कर मुफ्त राईड पा सकते हैं और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सकते हैं। नागरिकों के मतदान के अधिकार को बढ़ावा देना तथा चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। ये प्रयास रैपिडो के राष्ट्रव्यापी अभियान के अनुरूप हैं, जिसके तहत 100 से अधिक शहरों में चुनाव के दिन मुफ्त राईड उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख से अधिक कैप्टन्स को लगाया गया है।

लखनऊ के ज़िला चुनाव कार्यालय के साथ रैपिडो की साझेदारी ऐसा ब्राण्ड बनने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो बेहतर समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सके। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा, ''हम इस पहल के द्वारा सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लखनऊ में हर मतदाता भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान अपने मतदान के कर्तव्य को सफलतापूर्वक निभाए। ये मुफ्त राईड्स उपलब्ध कराकर हम लोकतंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हमारे रैपिडो कैप्टन सिर्फ ड्राइवर से अधिक हैं; वे नागरिक भागीदारी के दूत हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी प्रणाली में में अधिक से अधिक मतदान के सक्षम बनाने में योगदान दे रहे हैं।'

## शेयर बाजार 20 मई को रहेगा बंद, लोकसभा चुनाव के चलते ट्रेडिंग हॉलिडे




**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए 20 मई (सोमवार) को मुंबई में मतदान के चलते शेयर बाजार बंद रहेगा। अब शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार होगा। शेयर बाजार में रविवार एवं सोमवार को अवकाश रहेगा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने विगत 8 अप्रैल को मुंबई में 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले वोटिंग के चलते शेयर बाजार की छुट्टी का ऐलान किया था। एनएसई ने जारी सर्कुलर में कहा था कि मुंबई में संसदीय चुनावों के कारण ट्रेडिंग हॉलिडे रहेगा।

एनएसई ने कहा कि मुंबई में 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग वाले दिन शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट-1881 के सेक्शन 25 के तहत चुनावों में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आईडीएफसी लिमिटेड के विलय को शेयरहोल्डर्स की मंजूरी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ आईडीएफसी लिमिटेड की विलय प्रक्रिया एक कदम और आगे बढ़ी है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरधारकों ने आईडीएफसी लिमिटेड के साथ बैंक के मर्जर को अपनी मंजूरी दे दी है।

बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की चेन्नई पीठ ने 17 मई को बुलाई बैठक में शेयर होल्डर्स ने एकीकरण को बहुमत के साथ अपनी मंजूरी दी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पहले ही नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) दे दिया था, जबकि दोनों के बोर्ड इस मर्जर को पहले ही मंजूरी मिल गई है। शेयर बाजार में शनिवार के स्पेशल सेशन में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के स्टॉक में बढ़त देखने को मिली। बैंक का शेयर 0.25 फीसदी बढ़कर 77.45 के स्तर पर बंद हुआ।

## आईसीआईसी बैंक के पूर्व चेयरमैन पद्म भूषण नारायणन वाघुल का निधन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व चेयरमैन नारायणन वाघुल का 88 साल की उम्र में शनिवार को निधन हो गया। वाघुल पिछले कुछ समय से वेंटिलेटर पर थे। वाघुल को वाणिज्य और व्यापार के क्षेत्र में योगदान के लिए वर्ष 2010 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।

उनके परिवार ने एक बयान में कहा, अत्यंत दुख के साथ हम यह जानकारी दे रहे हैं कि पद्म भूषण नारायणन वाघुल का आज दोपहर चेन्नई के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। वाघुल चेन्नई के अपोलो अस्पताल में वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। वित्तीय समूह आईसीआईसीआई की नींव रखने वाले नारायणन वाघुल को भारत के बैंकिंग क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भी याद किया जाएगा। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत भारतीय स्टेट बैंक से किया था। वे महज 44 साल की उम्र में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बने।

## पहले स्पेशल ट्रेडिंग सेशन में शेयर बाजार में सपाट कारोबार

**नई दिल्ली।** डिजास्टर रिकवरी साइट की टेस्टिंग के लिए आज घरेलू शेयर बाजार में स्पेशल ट्रेडिंग सेशन का आयोजन किया गया है। इसके तहत पहले सत्र में सुबह 10 बजे तक ट्रेडिंग की गई, जबकि दूसरा सत्र 11ः15 बजे से शुरू होकर 12:30 बजे तक चलेगा। पहले ट्रेडिंग सेशन में आज सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुए। स्पेशल ट्रेडिंग सेशन के पहले सत्र की शुरुआत में बीएसई का सेंसेक्स 4.43 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 73,921.46 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 158.01 अंक की तेजी के साथ 74,075.04 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने पर इस सूचकांक ने 73,920.63 अंक तक गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स ने 42.60 अंक की मजबूती के साथ 73,959.63 अंक के स्तर पर पहले ट्रेडिंग सेशन के कारोबार का अंत किया। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 46.75 अंक की बढ़त के साथ 22,512.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद हुई मामूली खरीदारी के कारण ये सूचकांक उछल कर 22,520.25 अंक तक पहुंच गया। लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक 22,470.05 अंक तक गिर गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बाद निफ्टी ने 15.80 अंक की तेजी के साथ 22,481.90 अंक के स्तर पर पहले ट्रेडिंग सेशन के कारोबार का अंत किया।

## ओयो आईपीओ लाने के लिए सेबी के पास दोबारा करेगी आवेदन

**नई दिल्ली** (हि.स.)। सॉफ्टबैंक समूह समर्थित बजट आतिथ्य श्रृंखला ओयो अपने बहुप्रतिक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रहा है। निवेशक लंबे समय से ओयो के आईपीओ का इंतजार कर रहे हैं।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि कंपनी ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं बाजार विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए दाखिल अपना मौजूदा ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) वापस लेने का आवेदन किया है। वह आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने बताया कि वह बॉन्ड जारी करने के बाद फिर संशोधित डीआरएचपी फाइल करना चाहती है।

डीआरएचपी एक दस्तावेज होता है, जिसमें कंपनी के वित्तीय, ट्रेड ऑपरेशन, इंडस्ट्री में स्थिति, प्रमोटर, और लिस्टेड या अनलिस्टेड ट्रेडर्स के बारे में विस्तृत जानकारी होती है। कंपनी डॉलर बॉन्ड की बिक्री के जरिए 45 करोड़ डॉलर जुटाने की अपनी री-फाइनेंसिंग प्लानिंग को जल्द फाइनल करने वाली है। ओयो में जापान के सॉफ्टबैंक ग्रुप का भी पैसा लगा है।

## फीनिक्स आर्टिस्ट्सः गौरांग दोशी और नीति अग्रवाल के साथ टैलेंट डिस्कवरी में क्रांतिकारी बदलाव-द अल्टीमेट कास्टिंग एंड सोशल मीडिया हब

**नई दिल्ली।** प्रशंसित बॉलीवुड निर्देशक और निर्माता गौरांग दोषी ने टीटीएफ प्रोडक्शंस की ऊने 'नीति अग्रवाल के साथ मिलकर दुबई के थिएटर में आयोजित एक शानदार कार्यक्रम में अपने अभूतपूर्व उद्यम - फीनिक्स आर्टिस्ट्स का अनावरण किया। फ़ीनिक्स आर्टिस्ट्स एक क्रांतिकारी सदस्यता-आधारित मोबाइल और वेब प्लेटफ़ॉर्म के रूप में उभरा है, जो मनोरंजन उद्योग में प्रतिभा खोज और सशक्तिकरण के प्रक्षेप पथ को फिर से परिभाषित करता है। यह दिव्य मार्ग उभरती प्रतिभाओं और अनुभवी प्रतिभाओं को अभिनय, गीत लेखन, छायांकन, निर्देशन, मॉडलिंग, डिजाइनिंग और गायन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी आकांक्षाओं को प्रकट करने के लिए प्रेरित करता है।

फीनिक्स आर्टिस्ट्स बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में सफलता और स्टारडम की आकांक्षा रखने वाले व्यक्तियों के लिए अंतिम लॉन्च पैड के रूप में कार्य करता है। प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से, उपयोगकर्ता तीसरे पक्ष के मध्यस्थों की परेशानी को दरकिनार करते हुए, अपने पसंदीदा




कलाकारों के बारे में सहजता से पूछताछ कर सकते हैं। इस निर्बाध प्रक्रिया का उद्देश्य अवसरों का लोकतंत्रीकरण करना और करियर की प्रगति में बाधा डालने वाली सामान्य बाधाओं को खत्म करना है।

एक रणनीतिक सहयोग में, फीनिक्स आर्टिस्ट्स ने संयुक्त अरब अमीरात के प्रसिद्ध प्लास्टिक और सौंदर्य सर्जन और फोर्ब्स पुरस्कार विजेता डॉ. बासेम के साथ साझेदारी की है। साथ में, वे प्रतिभाओं को उनकी ऑन-स्क्रीन उपस्थिति बढ़ाने और उनकी दृश्य अपील को बढ़ाने के लिए विशेष अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनकी सफलता की क्षमता अधिकतम हो जाती है।

फीनिक्स आर्टिस्ट्स प्लेटफॉर्म प्रतिभा को सशक्त बनाने और प्रेरित करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गई नवीन सुविधाओं का एक समूह समेटे हुए है। वैयक्तिकृत वीडियो अन्वेषण से लेकर निर्बाध सिक्का लेनदेन तक, प्लेटफ़ॉर्म एक समग्र और उपयोगकर्ता-केंद्रित अनुभव सुनिश्चित करता है। इसमें एक्सप्लोर वीडियो, कॉइन वॉलेट, रिडीम रिक्वेस्ट और परचेज कॉइन समेत अन्य सुविधाएं शामिल हैं, जो सहज बातचीत और जुड़ाव की सुविधा के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

फीनिक्स आर्टिस्ट्स के भव्य अनावरण में संयुक्त अरब अमीरात और भारत दोनों के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, व्यापारिक दिग्गजों और मशहूर हस्तियों की उपस्थिति देखी गई। प्रसिद्ध बॉलीवुड निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान ने श्री महेश चतुर्वेदी और श्री मधु भंडारी जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ इस अवसर की शोभा बढ़ाई, जिससे इस कार्यक्रम में ग्लैमर और प्रतिष्ठा का स्पर्श जुड़ गया।

## इंडियास्किल्स 2024 में पुरुष-प्रधान ट्रेडों में 170 से अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में 15 से 19 मई 2024 तक चलने वाली इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2024 में उन



ट्रेडों में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि देखी गई है, जिन पर पहले पुरुषों का वर्चस्व था। महिला प्रतिभागी अपने पुरुष समकक्षों के साथ सीधे मुकाबला कर रही हैं। वे बहुत जोश और उत्साह दिखा रही हैं। वे साबित कर रही हैं कि कौशल और प्रतिभा, जेन्डर से बाधित नहीं होती है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के केंद्र के विज़न के अनुरूप है। इस साल, इंडिया स्किल्स में 30 से ज़्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 61 कौशल और 400 से ज़्यादा उद्योग विशेषज्ञों के 900 से ज़्यादा उम्मीदवार हिस्सा ले रहे हैं। लॉजिस्टिक्स और फ्रेट फ़ॉरवर्डिंग, वेब टेक्नोलॉजी, विज़ुअल मर्चेंडाइजिंग, फ़ैशन टेक्नोलॉजी, ग्राफ़िक डिज़ाइन टेक्नोलॉजी, पेंटिंग और डेकोरेटिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन, इंडस्ट्रियल डिज़ाइन टेक्नोलॉजी और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे ट्रेड में 170 से ज़्यादा महिलाएँ हिस्सा ले रही हैं। यह प्रतियोगिता समान अवसर प्रदान करने के लिए एक मंच भी प्रदान कर रही है। पिछले वर्षों में, प्लंबिंग एंड हीटिंग कौशल में एक महिला उम्मीदवार ने भाग लिया था। लैंडस्केप गार्डनिंग कौशल में दो महिला टीमें थीं। विजुअल मर्चेंडाइजिंग में भी महिलाओं का वर्चस्व था। मोबाइल रोबोटिक्स में भी दो लड़कियों की टीम ने भाग लिया था।

इंडियास्किल्स 2024 के जूरी मेम्बर और इंडियास्किल्स 2022 के विजेता सोनू लाठेर ने कहा, " इंडियास्किल्स 2024 में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिससे उनकी अपार प्रतिभा और लचीलेपन का पता चलता है। यह बढ़ता प्रतिनिधित्व न केवल उनके कौशल का प्रमाण है, बल्कि हमारे देश के लिए अधिक समावेशी और उचित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। " ओडिशा से इंडियास्किल 2024 में भाग लेने वाली कीर्तिपर्णा सदांगी ने कहा कि उन्हें पिछले साल की प्रतियोगी रिंकी महातो से प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा, ×ह्लव्शह्ल;अगर मुझे फ्रांस जाने का मौका मिलता है, तो मैं वैश्विक मंच पर हमारे तिरंगे को गौरवान्वित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं।×ह्लव्शह्ल; ऑटोनॉमस मोबाइल रोबोटिक्स, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और मेक्ट्रोनिक्स जैसे नए जमाने के कौशल भी इंडिया स्किल्स 2024 के इस संस्करण में काफी लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। उम्मीदवार इन उभरते हुए ट्रेडों में बहुत जोश और दृढ़ संकल्प के साथ भाग ले रहे हैं। नए जमाने के कौशल इनोवेशन को बढ़ावा देकर, प्रोडक्टिविटी बढ़ाकर और नौकरी के अवसरों का विस्तार करके देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। " ऑटोनॉमस मोबाइल रोबोटिक्स की जूरी महाराष्ट्र के अक्षत मराठी ने कहा, " इंडिया स्किल्स 2024 हमारे भविष्य को आकार देने में नए युग के कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है, जिसमें प्रतिभागी अत्याधुनिक तकनीकों में विशेषज्ञता का प्रदर्शन कर रहे हैं। ये कौशल इनोवेशन को बढ़ावा दे रहे हैं, प्रोडक्टिविटी बढ़ा रहे हैं और भारत को डिजिटल इकोनॉमी में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित कर रहे हैं। " ये कौशल एक वाइब्रेन्ट स्टार्ट-अप ईकोसिस्टम को बढ़ावा दे रहे हैं, नए रोल बना रहे हैं और एफडीआई को आकर्षित कर रहे हैं। ये सभी आर्थिक विकास में योगदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, डिजिटल और तकनीकी कौशल में दक्षता देश की निर्यात क्षमताओं को बढ़ाती है, ग्रीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से सतत विकास में सहयोग देती है, और स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से समग्र जीवन स्तर में सुधार करती है। इंडियास्किल्स के विजेता, सर्वश्रेष्ठ उद्योग प्रशिक्षकों की मदद से, सितंबर 2024 में फ्रांस के ल्योन में होने वाली वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता के लिए तैयारी करेंगे। इसमें 70 से अधिक देशों के 1,500 प्रतियोगी एक साथ आएँगे। इस वर्ष, शुरुआती रुझानों से यह अनुमान लगाया गया है कि भारत वर्ल्डस्किल्स में ऑटोमोबाइल, हॉस्पिटैलिटी, मेक्ट्रोनिक्स और वॉटर टेक्नोलॉजी में पदक जीतेगा।

# मृद्मिता ने अपने हौसलों को दी नई उड़ान समाज के लिए प्रेरणा बन गई मृद्मिता

ये कदम जब चल दिए मंजिल पाने की ओर, तो फिर रास्तों की मुश्किलों की किसको परवाह ! असम के लखीमपुर की रहने वाली मृद्मिता देवली की बस यही कहानी है। लोगों को सुन्दर बनाने का ख्वाब लेकर अपने जीवन में कुछ नया करने वाली मृदमिता ने कॉस्मेटोलॉजी स्किल्स में सभी को प्रभावित किया है। 12वीं पास मृद्मिता आज आईटीआई की पढ़ाई करते हुए अपने सपनों को साकार करने की दिशा में निरन्तर आगे बढ़ रही है। आज मृद्मिता अपने कठिन परिश्रम और लगन से सुनहरे भविष्य का निर्माण करते हुए इंडियास्किल्स के मंच तक आ पहुँची है। पिताजी की प्रेरणा ने मृद्मिता के अन्दर एक नया जोश और जज्बा पैदा किया है। इसी का परिणाम है कि आज मृद्मिता अपने परिवार और जिले का नाम रोशन कर रही हैं। मृद्मिता का सपना था कि वह युवाओं को स्टाइलिश बनाए ताकि अन्य लोग देखकर उसके काम से प्रभावित हों। आज



मृदमिता कॉस्मेटोलॉजी सेक्टर में अलग-अलग ब्यूटी थेरपी के जरिए चेहरे, बालों और पूरे शरीर को खूबसूरत बना रही हैं। मृद्मिता को असम सेक्टर डेवलपमेन्ट (एएसडी) ने आगे बढ़ने की एक नई राह दिखाई है। मृद्मिता अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और एनएसडीसी को देती है। मृद्मिता के पिता ने उन्हें कॉस्मेटोलॉजी में अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए निरन्तर प्रेरित किया है। अपने माता-पिता से मिले अच्छे आचरण और मार्गदर्शन में मृद्मिता ने इंडियास्किल्स प्रतियोगिता में पहुंचकर आज अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के अन्तर्गत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) 15 मई से 19 मई तक यशोभूमि कन्वेंशन सेन्टर, द्वारका, दिल्ली में इंडियास्किल्स प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता के एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म पर पहुंचकर मृद्मिता गौरवान्वित महसूस कर रही है। मृद्मिता कहती हैं कि इंडियास्किल्स एक ऐसा बड़ा प्लेटफॉर्म है जो युवाओं के अन्दर एक नया जोश और उत्साह भर देता है।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

# प्रचंड बहुमत से फिर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं: शाह

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में नगर अमेठी में मेगा रोड शो किया। केंद्रीय गृह मंत्री के रोड शो में अमेठी की सड़कों पर जन सैलाब उमड़ा दिखाई पड़ा।

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गृह मंत्री अमित शाह अमेठी पहुंचे जहां रामलीला मैदान में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विशाल जनसमूह के साथ उनका स्वागत किया। यहां से रथ पर सवार होकर वह नगर अमेठी में मेगा रोड शो के लिए निकले। अमेठी की गलियों और सड़कों पर जगह-जगह केंद्रीय गृह मंत्री का स्वागत होता रहा। उमड़े जन सैलाब को देख लोग आह्लादित नजर आ रहे थे। सड़कों के किनारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कट आउट लगाए गए थे। नगर की सड़कों और गलियों को भव्य तरीके से सजाया गया था। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्मृति ईरानी को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए बताया की प्रचंड बहुमत से फिर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। अमित शाह ने कांग्रेस और गांधी परिवार को सीधे निशाने पर लिया और कहा कि गांधी परिवार राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली को अपने परिवार की सीट बताते हैं। लोकतंत्र में सीट किसी की बपौती नहीं होती जनता अपना नेता खुद तय करती है। उन्होंने जनता से सवाल किया कि अमेठी को अपना परिवार बताने वाले राहुल बाबा और उनकी माता क्या कोरोना के समय अमेठी आए थे क्या भीड़ के बीच से जबाब आया नहीं।

**अमेठी में गांधी परिवार पर जमकर बरसे अमित शाह**

अमित शाह ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय और जय श्री राम के उद्घोष के साथ की और कहा कि 2019 में इसी समय मैं अमेठी आया था अमेठी की जनता ने मेरी अपील पर ऐतिहासिक निर्णय लिया और स्मृति को अपना सांसद चुना। इसके लिए हृदय से धन्यवाद।आज फिर अमेठी की जनता प्यार उत्साह उमंग और विजय के विश्वास के साथ रोड शो में शामिल हुई है। कहा कि अमेठी ने 55 साल तक गांधी परिवार को चुना। राहुल गांधी 15 साल सांसद रहे विकास की स्थिति यह रही कि राहुल कलेक्ट्रेट आफिस तक नहीं बनवा सके। 2018 में स्मृति के साथ मैंने भूमि पूजन किया।

## नहीं दर्ज हुआ किसान नेता की पिटाई का मामला

**गौरीगंज (अमेठी)।** चुनाव प्रचार के दौरान यह पर्चे बांट रहे संयुक्त किसान मोर्चा पर हुए हमले और दबंगई की घटना में पुलिस ने दो दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं दर्ज की है। बताया गया है की 16 मई को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले उत्तर प्रदेश किसान सभा जय किसान आंदोलन एवं अन्य किसान संगठनों के कार्यकर्ता पर्चे बांट रहे थे। आरोप है की सैंठा रोड पर पहुंचे कुछ अज्ञात युवकों ने दबंगई करते हुए किसान नेता आर के मिश्र और संजय कुमार को पीट दिया। पर्चे छीन लिए साथ ही जय किसान आंदोलन के संजय कुमार का झोला भी छीन लिया। युवक सभी किसान संगठन के कार्यकर्ताओं को पीटते हुए पर्चे छीनकर भाग गए। हमले के शिकार हुए किसान नेताओं ने 16 मई को ही कोतवाली में एस एच ओ को तहरीर दी।एस एच ओ ने कहा कि पर्चे बांटने के लिए अनुमति क्यों नहीं ली और मामले को गंभीरता से न लेते हुए टाल दिया।संयुक्त किसान मोर्चा के नेता आर के मिश्र ने बताया कि सैंठा रोड पर घटना स्थल पर सी सी टी वी कैमरे भी लगे हुए हैं।

## प्रेक्षकों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ ईवीएम व वीवीपैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एनआईसी कक्ष में ईवीएम एवं वीवीपैट का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पोर्टल से द्वितीय रैण्डमाईजेशन सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी, व्यय प्रेक्षक आसवा मनोज राजगोपाल, पुलिस प्रेक्षक सारंग डी अवध की अध्यक्षता में समस्त नौ प्रत्याशियों/अभिकर्ताओं के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा व अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा सहित समस्त विधानसभावार सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रेक्षकगणों, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा समस्त प्रत्याशियों को अवगत कराया गया कि ईवीएम एवं वीवीपैट से चुनाव कराना सुरक्षित व शुचितापूर्ण है। रैंडमाइजेशन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। इसमें किसी भी प्रकार का कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को बताया कि ईवीएम को लेकर मन में कोई कोई डाउट, जिज्ञासा हो तो वे पूछ ले। निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शुचितापूर्ण बनाने में ईवीएम का महत्वपूर्ण स्थान है। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने सामान्य प्रेक्षक सहित उपस्थित समस्त प्रत्याशियों को अवगत कराया कि फर्स्ट रैण्डमाईजेशन के अन्तर्गत ईवीएम व वीवीपैट विधान सभावार एलॉट हो गये थे। उनकी सूची भी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी गई है। आज राजनैतिक दलों की उपस्थिति में विधानसभावार एलॉट हुए आज बूथ वार विधानसभा रामकोला में 357, कुशीनगर में 377, पडरौना में 370, खड्डा में 354, हाटा में 374 बूथवार बी.यू.सी.यू., वी.वी.पी.ए.टी. मशीनों का रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। साथ ही एलॉट विधानसभावार रिजर्व बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट का भी रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। द्वितीय रैण्डमाईजेशन के बाद निर्धारित विधानसभा के बूथवार ईवीएम व वीवीपैट की ऑनलाईल सूची की प्रिन्ट आउट कापी पर सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी व सभी प्रत्याशियों/अभिकर्ताओं की प्रमाणित हस्ताक्षर हुई। मतदान के दिन मतदान प्रक्रिया के दौरान यदि ईवीएम के किसी मशीनों में कोई दिक्कत, कमी, खराबी आती है तो तत्काल रिजर्व में से ही बदल दिया जाएगा।

## नंदा का आईआईएम जम्मू और आईआईएम बोधगया में हुआ एक साथ चयन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बी.एच.यू.) से शिक्षा प्राप्त छात्रा नंदा पुत्री मेजर साकेत जी निवासी गांहासाड, सहजनवा ने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट जम्मू और इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट बोधगया में एक साथ चयनित होकर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ज्ञातव्य हो कि नंदा के पिता मेजर साकेत जी सहजनवा कस्बे के एक प्रतिष्ठित विद्यालय मुरारी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य और 44वी बटालियन एनसीसी गोरखपुर में मेजर के पद भी कार्यरत है। नंदा की मां अनुमाया एक कुशल गृहिणी है। नंदा दो बहनों में छोटी है, बड़ी बहन दिव्या देवी भी आईआईएम लखनऊ से वर्ष 2020 में एमबीए कर वर्तमान में बैंगलोर में एक प्रतिष्ठित कंपनी में प्रोडक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। नंदा के पिता मेजर साकेत जी ने बताया कि दोनों ही बहनें ने बचपन से ही होनहार थी। दोनों ने कड़ी मेहनत, लगन एवं स्वाध्याय द्वारा यह मुकाम हासिल किया है। नंदा आईआईएम जम्मू से एमबीए कर तकनीकी दौर में देश को एक नई पहचान दिलाना चाहती है। नंदा ने इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय, अध्यापकों एवं माता-पिता को दिया। उसने कहा कि वह सरकारी क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल कर देश सेवा करना चाहता है। क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने चयनित होने पर नंदा को बधाई दी तथा अपने वक्तव्य में कहा कि कड़ी मेहनत व उचित मार्ग दर्शन द्वारा प्रत्येक सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। नंदा की इस सफ़लता से क्षेत्र में हर्ष और खुशी का माहौल है, परिणाम आने के बाद से शुभचिंतकों का आना जाना लगा हुआ है।

## मतदान केंद्रों के आसपास किसी भी प्रत्याशी का बैनर पोस्टर नहीं होना चाहिए: प्रेक्षक

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के दृष्टिगत विधान सभा कुशीनगर के अंतर्गत विभिन्न मतदेय स्थलों यथा उच्च प्राथमिक विद्यालय भलुही मदारीपट्टी, प्राथमिक विद्यालय दिगवा बुजुर्ग, उच्च प्राथमिक विद्यालय कनखोरिया, प्राथमिक विद्यालय चिरगौरा, प्राथमिक विद्यालय गोबरही आदि का निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी द्वारा किया गया।

निरीक्षण के क्रम में प्रेक्षक द्वारा स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था, शौचालय, रैंप, विद्युत प्रकाश, मतदाता सूची आदि की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी बुनियादी सुविधाएं एवं (एएमएफ) एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज सुनिश्चित करने के दिए निर्देश। कहा की किसी भी प्रत्याशी का पोस्टर, बैनर मतदेय स्थलों के आसपास न रहें। सभी पोस्टर, होर्डिंग्स को निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के अनुसार हटवा दिया जाए या पेपर चस्पा करा दिए जाए। स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। कहा की प्रत्येक मतदेय स्थलों पर छाया की व्यवस्था की जाएं जिससे की मतदातगणो को मतदान के दिन बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया की मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इनफॉरमेशन स्लीप) तथा वोटर गाइड का वितरण ससमय हो जाए। विधानसभा कुशीनगर के अंतर्गत क्रियाशील सभी एफएसटी एवं एसएसटी टीम लगातार एक्टिव रहे तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्दल प्रत्याशियों के जनसभा रैली पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह को निर्देशित किया की आदर्श आचार संहिता का अनुपालन अक्षरशः हो। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, उप निबंधक पडरौना अजय सिंह, बीएलओ, क्षेत्रीय लेखपाल सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक गण आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आखिरी दिन चुनाव प्रचार में दिग्गजों ने झोंकी ताकत

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिले में पांचवें चरण में चुनाव हो रहा है जिसके तहत चुनाव प्रचार के आखिरी दिन दिग्गजों ने अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में पूरी ताकत झोंक दी। शनिवार शाम पांचवे चरण का चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। सभी दलों और निर्दल प्रत्याशियों ने निर्धारित समय के बाद चुनाव प्रचार की रणनीति बदल दी।कल से प्रत्याशियों के समर्थक मतदाताओं के डोर टू डोर पहुंचने की कवायद भी कर सकते हैं।शनिवार को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जहां भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी के पक्ष में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नगर अमेठी में मेगा रोड शो किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में जायस में प्रियंका गांधी ने भी रोड शो किया। कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कई नेताओं ने जनमत जुटाने के लिए कोशिश की तो पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी के यहां एक कार्यक्रम का आयोजन कर भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के पक्ष में जनमत जुटाने के लिए कई दिग्गज नेताओं का जमावड़ा हुआ। इसी प्रकार दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशी जिनके बीच में सीधा मुकाबला दिखाई दे रहा है शनिवार को पूरी ताकत लगाकर मतदाताओं को लुभाने की कवायद करते हुए दिखाई दिए। इधर अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भी चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भरपूर जनसंपर्क नुक्कड़ सभाएं करते हुए मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की पुरजोर कोशिश की। आखिरी दिन मतदाता चुनाव को बहुत दिलचस्प और गौर से देखते हुए समीक्षात्मक दृष्टिकोण में भी नजर आया।

## जीएसटी विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ लामबंद हुए अधिवक्ता

### अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री के गृह जनपद में भ्रष्टाचार को लेकर जीएसटी विभाग के अधिवक्ताओं ने जीएसटी कार्यालय पर जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया घंटे धरने पर बैठे अधिवक्ताओं का आरोप है कि जीएसटी विभाग में अधिकारी बिना सुविधा शुल्क लिए हुए कोई काम नहीं करते हैं। अपील अधिकारी एडिशनल कमिश्नर ग्रेट 1 धर्मेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिकारी तानाशाह हो गए हैं मनमाना टैक्स लगाकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है शिकायत करने पर समस्या के समाधान के लिए सुविधा शुल्क मांगा जाता है सुविधा शुल्क न देने पर उल्टे अधिवक्ताओं को ही धमकाया जाता है कि आपके क्लाइंट का भारी नुकसान हो जाएगा। लंबे समय से चल रहे भ्रष्टाचार को सहते हुए अधिवक्ता आज लामबंद होकर जीएसटी कार्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से मांग की गई कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कड़ी कार्रवाई की जाए। जो सरकार की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं ऐसी अधिकारियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

## ट्रेन में सफर कर रही महिला का एम्बुलेंसकर्मियों ने कराया सुरक्षित प्रसव

**देवरिया।** चंडीगढ़ डिबरूगढ़ ट्रेन में शुक्रवार की शाम सफर कर रही एक गर्भवती महिला अचानक दर्द से कराहने लगी। इसकी जानकारी मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल ने देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दिया और महिला स्टेशन पर उतार दिया। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना तत्काल 108 नंबर एम्बुलेंस को दिया। मोके पर पहुंचे एम्बुलेंस कर्मियों ने महिला का एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां महिला ने स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया। महिला के स्वजनों ने रेलवे सुरक्षा बल और एम्बुलेंस कर्मियों के इस मानवता पूर्ण कार्य की सराहना की। ट्रेन नंबर 15904 चंडीगढ़-डिबरूगढ़ एक्सप्रेस देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर शाम 6:50 प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंची। ट्रेन में पंजाब से बिहार के सिवान जिले की रहने वाली गर्भवती महिला संजू देवी (23) सिवान तक सफर कर रही थी। तभी अचानक उसे अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। महिला के साथ उनके पति सुड्डा शाह भी सफर कर रहे थे। महिला की प्रसव पीड़ा देख सुड्डा ने इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दिया। कंट्रोल रूम से देवरिया सदर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक संदीप भटनागर को इसकी सूचना मिली।

## ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी में संपन्न हुई




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** 66-देवरिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रयोग होने वाली ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन शनिवार को कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी में संपन्न हुई। इसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रेक्षक (सामान्य) टी अब्राहम रिटर्निंग ऑफिसर/जिलाधिकारीअखंड प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। द्वितीय रेंडमाइजेशन में 66-देवरिया लोक सभा निर्वाचन में प्रयोग होने वाले 2362 बीयू, 2362 सीयू एवं 2535 वीवीपैट का रेण्डमाइजेशन किया गया। बूथों के सापेक्ष बीयू तथा सीयू का रेंडमाइजेशन 125 प्रतिशत एवं वीवीपीएटी 135 प्रतिशत रेण्डमाइज किए गए। विधानसभा क्षेत्र देवरिया सदर में कुल 348 बूथ के सापेक्ष बीयू 441, सीयू 441 एवं वीवीपीएटी 466, विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में 361 बूथ के सापेक्ष बीयू 458, सीयू 458 एवं 483 वीवीपीएटी, विधानसभा क्षेत्र रामपुर कारखाना के 384 बूथों के सापेक्ष बीयू 487, सीयू 487 एवं वीवीपीएटी 514, तमकुहीराज में कुल 394 बूथ के सापेक्ष बीयू 480, सीयू 480 एवं 527 वीवीपीएटी एवं विधानसभा क्षेत्र फाजिलनगर में कुल 407 बूथ के सापेक्ष बीयू 496, सीयू 496 एवं 545 वीवीपीएटी का रेंडमाइजेशन किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि रेंडमाइजेशन के माध्यम से देवरिया लोकसभा क्षेत्र में अवस्थित पांचों विधानसभा क्षेत्रों में स्थित कुल 1894 बूथों के साथ बैलेट यूनिट, कंट्रेल यूनिट एवं वीवीपीएटी को टैग कर दिया गया है।

## अनिरुद्धवा में लगा टीबी कैम्प 105 व्यक्तियों की हुई जांच


अवधनामा संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया एवं डीटीओ डॉ एस.एन.त्रिपाठी के आदेशानुसार तथा एमोटीसी डॉ मुकेश यादव के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी यूनिट कसया के अन्तर्गत अनिरुद्धवा में शनिवार को सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च एवं इनोवेशन सी 19 कार्यक्रम एवं टीबी यूनिट के कर्मचारियों के सहयोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सभासद प्रभुनाथ सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जहां लगभग 105 मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर उनकी फ्री में जांच की गई।

कैम्प का शुभारंभ सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ जो अपराह्न 3 बजे तक चला। सीएचसी की टीम से डॉ युसुफ़ अली द्वारा रोगियों का उपचार किया गया। वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि समय समय पर ग्रामीणों इलाको में ऐसे ही फ्री टीबी हेल्थ कैम्प लगाकर टीबी रोगियों की पहचान करके उनका उपचार किया जायेगा। हेल्थ कैम्प में कुल आए 105 मरीजों का सीएचओ कल्पना एवं स्वाति सिंह द्वारा उनके स्वास्थ्य का परीक्षण जैसे- बीपी,सुगर की जांच की गई तथा दवाओं का भी वितरण किया गया तो वही एसटीएस शाहिद अंसारी द्वारा सम्भावित टीबी रोगियो की काउंसलिंग की गई। सी 19 कार्यक्रम के जिला पर्यवेक्षक अमरीष शुक्ला एवं उनकी टीम में समुदाय समन्वयक अवनीश एवं रेडियोग्राफर हरिओम द्वारा कुल 65 मरीजों का चेस्ट एक्सरे किया गया जिसमें 02 सम्भावित रोगी एक्सरे में पॉज़िटिव पाए गया तथा 22 सम्भावित व्यक्तियों के बलगम के नमूने एकत्रित कर माइक्रोस्कोपी एवं सीबीनाट के लिये लाया गया। इस दौरान सैम्पल ट्रांसपोर्टर धनश्याम प्रसाद, आशा सत्या पांडेय, सिंधु देवी, मुन्नी देवी सहित ग्रामीण पुरुष एव महिलाएं उपस्थित रही।

## अखिलेश प्रताप सिंह ने जनसंवाद किया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह आज रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के पकड़ी बाबू, कौला मुंडेरा, बघड़ा, मिश्रौली, पड़री, पचरुखिया, गोपालपुर सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण, जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज देश में समस्याओं का अंबार लगा है देवरिया लोकसभा में मूलभूत सुविधाओं का भीषण अभाव है यहां के जनप्रतिनिधियों को अपने विकास की सुधि है ना कि क्षेत्र के विकास की जिसके कारण देवरिया लगातार पिछड़ता जा रहा है भाजपा सरकार आमजनमानस को सिर्फ सपने दिखाती है धरातल पर कुछ भी नहीं होता महंगाई से आमजनमानस में त्राहि त्राहि मची हुई है इस दौरान वीरेन्द्र श्रीवास्तव, दिलीप यादव, गैस सिद्दीकी, पंकज चौरसिया, मुनीवर विश्वकर्मा, विवेक रंजन, मेराज, जयदीप त्रिपाठी, मुन्ना यादव, अरविन्द शाही, धर्मवीर गुप्ता, दयाशंकर द्विवेदी, दिनेश गुप्ता, शिवशंकर सिंह सैंथवार, आदि लोग उपस्थित रहे।

## शशांक मणि ने गांवों में किया जनसंपर्क

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी शशांक मणि ने तमकुहीराज विधानसभा के दर्जनों गांव का भ्रमण किया। उन्होंने गडहिया चिंतामणि, भगवानपुर नया टोला, गिरी टोला, गौरहा बाजार, जवहीं, मलही रुस्तम, मलालीगांव में देवतुल्य जनता को संबोधित करते हुए शशांक मणि जी ने कहा की मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बन रही है इस बार 400 पार का नारा मोदी जी ने दिया है देवरिया लोकसभा की जनता इस बार 4 लाख वोटो से जीत कर नया रिकॉर्ड बनाएगी। भ्रमण के दौरान पूर्व विधायक नंदकिशोर मिश्रा, पूर्व बिधायक डी पी शुक्ला, पूर्व बिधायक रणजीत राय बड़े, ओ पी मिश्रा प्रदेश प्रवक्ता केशव पाण्डेय जिला उपाध्याय किसान मोर्चा धनंजय तिवारी, संजय गुप्ता, संजय राय जे के सिंह, रमेश चंद्र सिंह, मंशा पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम और एसपी ने स्ट्रांग रूम मतगणना कक्ष व पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में स्ट्रांग रूम मतगणना कक्ष व पोलिंग पार्टी रवाना स्थल बनाया गया है। जिसका आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं को देखा तथा सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 19 मई को पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर अलग-अलग विधानसभावार डिस्पैच सेंटर बनाने तथा 20 मई को ईवीएम मशीनों की रिसीविंग के लिए अलग-अलग विधानसभावार रिसीविंग सेंटर बनाने को कहा तथा वहां पर पर्याप्त टेबल कुर्सी टेंट बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया एवं पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान वाहनों के आवागमन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मोदी के नेतृत्व में दुनिया के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रुप में उभरा भारत: शर्मा

अवधनामा ब्यूरो



**नगर निकाय एवं पंचायत प्रतिनिधि व प्रधानाचार्य प्रबंधक सम्मेलन को सम्बोधित किया**

**कुशीनगर।** प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शनिवार को जिले में एक के बाद दो सम्मेलन को सम्बोधित कर कुशीनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे को जिताने का ताना-बाना बुना। पहले नगर निकाय एवं पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन फिर प्रधानाचार्य-प्रबन्धक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत दस वर्षो में देश विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए उर्जा मंत्री ने कहा कि हमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष रूप से काम करना है ताकि रिकॉर्ड मत से जीतने के लक्ष्य को हर हालत में प्राप्त किया जाए। कहा कि प्रदेश से अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल कर इस बार भी उत्तर प्रदेश नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रधानाचार्य-प्रबन्धक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि यह चुनाव 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की नींव रखने के लिए है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हैं, प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बनने के लिए हैं। नरेन्द्र मोदी के विगत दस वर्षो के स्वर्णिम काल की बदौलत आज दुनिया भर में भारतवासियों को गर्व की दृष्टि से देखा जाता है। मैं शिक्षक बंधुओ से आह्वान करता हूं कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री के 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भाजपा के पक्ष में कमल निशान का बटन दबा कर विजयी बनाएं। सम्मेलन को सांसद विजय दुबे, विधान परिषद सदस्य डॉ रतनपाल सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक, हाटा विधायक मोहन वर्मा, फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक अवधेश प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष कुशीनगर किरण जायसवाल, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र मणि, गोरख राय, शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, बुंदल पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, धन्नजय तिवारी द्वितीय, वरुण राय,उमेश उपाध्याय, नथुनी कुशवाहा, डॉ पुनीत राय सहित सैंकड़ों जनप्रतिनिधि और प्रधानाचार्य प्रबन्धक उपस्थित थे।

# फ्री एण्ड फेयर मतदान के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 57-(आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज में जिले की समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर व कैसरगंज में 20 मई 2024 को होने वाले मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से ज़ोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों व समकक्ष पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में आयोजित ब्रीफिंग बैठक को सम्बोधित करते हुए कैसरगंज के पुलिस प्रेक्षक अर्नव घोष ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केन्द्र की परिधि के 200 मीटर के सम्बन्ध में आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। पुलिस प्रेक्षक श्री घोष ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधिकारियों से कहा कि मतदान को निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने के लिए ज़रूरी है कि सर्वप्रथम आप समस्या की पहचान भली प्रकार से करें तत्पश्चात मौके पर पहुंचकर पूरी तरह से तटस्थ रहने हुए निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। श्री घोष ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केन्द्र के आस-पास अनावश्यक भीड़ एकत्र ने होने दें। लोगों से कहा जाय कि वे मतदान करने के पश्चात अपने-अपने घरों को जाएं। श्री घोष ने कहा कि निर्वाचन जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को सकुशल सम्पन्न कराने के सभी अधिकारी ऊंचे मनोबल व उत्साह के साथ क्षेत्र में जाएं और अपने आस-पास सतर्क दृष्टि बनाये रखें और किसी छोटी से छोटी घटना को ओवर लुक न करते हुए वक्त से उसका समाधान कराया जाय। श्री घोष ने कहा कि डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के नेतृत्व में जिले बेहतर ढंग से तैयारी की गई है उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जिले के अनुभवी अधिकारी अधिकारी 13 मई की भांति 20 मई को भी निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायेंगे। डीएम व एसपी ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि यदि कोई शिकायत प्राप्त हुई है तो उस के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए ज़रूरत के अनुसार उसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में भी लायें। सभी ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की जिम्मेदारी होगी कि मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में अनावश्यक भीड़-भाड़ को एकत्र नहीं होने देंगे और मतदान के पश्चात ईवीएम को सुरक्षित स्ट्रांग रूम तक पहुँचवायेंगे। मतदान प्रतिशत की सूचना नियमित रूप से 02 घण्टे के अन्तराल पर प्रेषित की जाय। पोलिंग एजेन्ट की गैर ज़रूरी आवाजाही पर भी प्रभावी अंकुश रखा जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी ज़ोनल व सेक्टर तथा समकक्ष पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए मतदान केन्द्रों के पास अनावश्यक भीड़-भाड़ एकत्र न होने पायें। डीएम ने कहा कि वेब कास्टिंग कार्य की आयोग द्वारा सीधे मॉनीटरिंग की जाती है इसलिए सभी अधिकारी वेबकास्टिंग बूथों पर विशेष सावधानी बरतें तथा सम्बन्धित बूथों पर उच्चकोटि की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाय।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

**बहराइच।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

# पूर्व से प्रभावी निषेधाज्ञा आदेश में हुआ आंशिक संशोधन

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा आसन्न त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 अन्तर्गत जनपद में 11 मई 2024 से 06 जून 2024 तक प्रभावी निषेधाज्ञा आदेश के पूर्व से प्रभावी 30 प्रस्तरों में 01 अतिरिक्त प्रस्तर की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा जारी संशोधित आदेश 18 मई 2024 के अनुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 57-कैसरगंज में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर एवं 288-कैसरगंज में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अन्तिम 72 घण्टों के लिए जारी स्टैंडर्ड ऑपरेटिव प्रोसीज़र (एस.ओ.पी.) में दिये गये निर्देशों का भी शत-प्रतिशत अनुपालन तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जायेगा। श्री रंजन ने बताया कि पूर्व निर्गत शेष प्रतिबन्ध/निर्देश जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# औषधि निर्माताओं के लिए जारी हुई एडवाइजरी

अवधनामा संवाददाता

**भ्रामक विज्ञापन जारी करने पर होगी कड़ी कार्यवाही**

**बहराइच।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा ने बताया कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 18 अप्रैल 2024 एवं निदेशक आयुर्वेद सेवायें उ.प्र. लखनऊ द्वारा फार्मेसी निर्माताओं के लिए जारी की गयी एडवाइजरी के अनुसार उत्पादों के विज्ञापन में यह उल्लेख करना है कि यह दवा या उत्पाद आयुष मंत्रालय द्वारा अनुमोदित या प्रमाणित है, गलत है। इसी प्रकार उत्पाद पर हरा लोगो प्रदर्शित करना और 100 प्रतिशत का उल्लेख करना भी गलत है। उत्पाद को 100 प्रतिशत गारन्टी उपचार व स्थायी इलाज का दावा भी नहीं किया जा सकता है। उत्पाद से उपचार के स्थाई इलाज का दावा करना भी गलत है। डॉ. वर्मा ने जनपद बहराइच एवं श्रावस्ती के समस्त फार्मेसी निर्माताओं को निर्देशित किया है कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन के सम्बन्ध में जारी की गई एडवाइजरी का उल्लघंन करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। राज्य एसएलए द्वारा जारी किया गया लाइसेंस औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 और उसके नियमों के तहत निर्धारित शर्तों की पूर्ति के आधार पर निर्माता को विशेष दवा/उत्पाद के ब्रिकी की अनुमति है और औषधि एवं प्रसाधन सामिग्री नियम 1945 के नियम 161,161 ए और 161 बी आयुर्वेद सिद्ध और की-लेबिलिग के लिए विशेष प्रावधान है। अगर किसी फार्मेसी निर्माता द्वारा भ्रामक प्रचार किया जाता है तो उस पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। डॉ. वर्मा ने समस्त फार्मेसी निर्माताओं को निर्देशित किया है कि औषधियों के लेबल, प्रिंट अथवा इलैक्टोनिक मीडिया में लाइसेंस प्राप्त आयुष उत्पादों के विज्ञापन में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी एडवाईज़री का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# विकास कार्यों पर तेजी से कार्य करें: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जनपद में मतदान समाप्ति के बाद जनता से जुड़े मुद्दें बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सुरक्षा, विद्यालयों में बच्चों के नामांकन, छुट्टा गौवंश के संरक्षण व उनके लिए भूसा, चारा आदि की व्यवस्था तथा जनपद में चल रहे विकास के कार्यो को गति देने के लिए जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने कलैक्ट्रेट सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होने एक-एक कर सभी विभागों के अधिकारियों से उनके विभागों के कार्यो व योजनाओं की प्रगति के बारें में समीक्षा की। उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की वह जनता की समस्याओं व उनसे जुड़े मुददों व विकास कार्यों पर तेजी से कार्य करना प्रारम्भ कर दें। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि अभी कुछ दिनों बाद आदर्श आचार संहिता समाप्त हो जाएगी, इससे पूर्व वह अपनी परियोजनाओं को समय से पूर्ण करने की तैयारी कर लें और आचार संहिता समाप्त होते ही पूरी गति से विकास परियोजनाओं को पूरा करें।

बैठक के दौरान उन्होने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि गौशालाओं के लिए अभी तक 59 है0 में हरा चारा बुबाई का कार्य हुआ है, इसे बडाकर 100 है0 से अधिक करने के लिए डीसी मनरेगा व जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास के अधिकारी गांयों के लिए स्वेच्छा से भूसा दान कराने पर कार्य करें। उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि वह गौआश्रय स्थलों में बडती गायों की संख्या के दबाब को कम करने के लिए सहभागिता योजना के अन्तर्गत गायों को पालने के लिए लोगों को तैयार किया जाए सरकार ऐसे लोगों को 30रू0 के स्थान पर अब 50रू0 प्रति गाय प्रति दिन के हिसाब से खर्चा उपलब्ध करा रहीं है। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक प्रदीप पाडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी राम बदन राम, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र प्रताप यादव, डीएसटीओ, बीएसए आशीष पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग दुष्यंत कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहें।

# कलेक्ट्रेट सभागार में रंगाई-पुताई कार्यक्रम तेज गति पर

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जनपद में मतदान समाप्ति के बाद से ही कलैक्ट्रेट भवन व परिसर में रंगाई पुताई व सफाई आदि कार्य तेजी से कराने के निर्देश दिए थे, जिसके अनुपालन में कलैक्ट्रेट में तेजी से रंगाई-पुताई व सफाई का कार्य पूरा होने पर जिलाधिकारी ने कलैक्ट्रेट भवन व उनके सभी अनुभागों, पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यालयों के साथ ही परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की और अच्छे से सफाई व्यवस्था कराए जाने के निर्देश नाजिर को दिए। शुक्रवार को कलैक्ट्रेट में जनता की समस्याऐं सुनने के बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के राजस्व लेखाकार, आर0आर0के0, न्याय सहायक, आयुध अनुभाग, भू लेखन अनुभाग, राजस्व संग्रह अनुभाग, रिकॉर्ड रूम सहित सभी पटलों व अनुभागों को देखा व निरीक्षण किया। उन्होने राजस्व लेखाकार के निरीक्षण के दौरान नकल जबाब की पेण्डेंसी की जानकारी प्राप्त की, जो कि 15 दिन की पायी गयी जिस पर उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुए पटल सहायकों को निर्देश दिए कि वह नकल जबाब देने के कार्य में तेजी लाऐं और जल्द नकल उपलब्ध कराऐं। उन्होने सभी पटल सहायकों से उनके कार्यो की जानकारी प्राप्त की। उन्होने सभी पटल सहायकों को निर्देश दिए कि वह अलमारियों को अच्छे से व्यवस्थित करना, फाइलों का रख रखाव व फाइल के उपर पर्ची लगाकर किससे सम्बन्धित है स्पष्ट लिखा जाए। उन्होने सभी पटल सहायकों व कलैक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि दूर दराज से अपने काम के लिए आने वाले लोगों को अच्छे से कुर्सी पर बैठाऐं और उनको एसी गर्मी में एक गिलास पानी अवश्य पिलावाऐं और उनकी समस्याऐं को जाने और यथा सम्भव उनकी समस्याओं व कार्यों को तुरन्त किया जाए अथवा कार्य करने की समय सीमा भी बता दी जाए, इससे वह इधर-उधर पटलों पर नही परेशान हो। उन्होने सभी से कहा कि दिए गए निर्देशों का कडाई से पालन किया जाए वह जल्द ही वह फिर से औचक निरीक्षण करेंगे और जल्द ही मण्डलायुक्त महोदया का भी निरीक्षण हो सकता है उस समय कार्य में लापरवाही पाई जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही भी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम पुष्पेन्द्र कुमार, डिप्टी कलैक्टर गजेन्द्र पाल सिंह, प्रशासनिक अधिकारी दौजीराम, संजय कुमार, खन्ना बाबू, ओएसडी शीलेन्द्र शर्मा, नाजिर वीजेन्द्र गुप्ता सहित कलैक्ट्रेट के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## वृद्ध ने किया नहर में कूदकर जान गंवाने का प्रयास

**शिकोहाबाद।** भूड़ा नहर पुल के समीप एक वृद्ध ने शनिवार दोपहर नहर में कूद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद रेस्क्यू करने वाली टीम ने उसे बचा लिया। ग्राम प्रदान को फोन कर वृद्ध के परिजनों को बुलाया और वृद्ध को उनके सुपुर्द कर दिया। राजकुमार पुत्र चेतराम निवासी आरोंज शनिवार दोपहर भूड़ा नहर पर पहुंचे। यहां वह काफी देर तक बैठे रहे और अचानक नहर में छलांग लगा दी। वृद्ध को नहर में कूदते देख शुक्रवार शाम को डूबे युवकों की तलाश में जुटी रेस्क्यू टीम की नजर पड़ गई। टीम के सदस्यों ने वृद्ध को तत्काल नहर से डूबने से पहले ही निकाल लिया। मौके पर आरोंज के ग्राम प्रधान को बुलाकर वृद्ध उनके सुपुर्द कर दिया।

# आबकारी विभाग के अभियान में 26 लीटर अवैध शराब के साथ दो लोग धराए

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम मय स्टाफ साकेत कुमार राय प्रधान आबकारी सिपाही, अरविंद कुमार वर्मा,शशि प्रकाश गुप्ता व मोहम्मद इरफान तथा संजय कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 लंभुआ मय स्टाफ विजय बहादुर सरोज आबकारी तथा हरीश चंद्र उप निरीक्षक पुलिस के साथ ग्राम सेमर घाट थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 26 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, 02 अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही की गई। आबकारी निरीक्षक सुभाष चंद्र सिंह ने कहाकि विभाग द्वारा प्रवर्तन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी,उन्होनें अपील करते हुए कहाकि अवैध अड्डी द्वारा निर्मित शराब शरीर के लिए हानिकारक है, इसका सेवन कदापि ना करें, इसके दुष्परिणाम घातक हो सकते है।

# दो शातिर लुटेरे बरामदी माल सहित गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता



**टूण्डला।** थाना टूण्डला, सर्विलांस व एसओजी पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही के दौरान दो शातिर लुटेरों गोपाल उर्फगोपाल कृष्ण उर्फगुलशन व अनीश को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। एक अन्य अभियुक्त कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्तों पर जनपद के विभिन्न थानों एवं अन्य जनपदों में लूट, डकैती व गैगस्टर के अभियोग पंजीकृत हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में लुटेरों/ गैंगस्टरों/ ईनामियाँ अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में समय करीब 23:40 बजे मुखबिर खास की सूचना पर स्थान फिरोजाबाद से टूंडला हाइवे से चंडिका गांव के रास्ते पर लगभग 300 मीटर पर पुलिस टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई जिसमें अभियुक्त गोपाल उर्फगोपाल कृष्ण उर्फगुलशन पुत्र कान्ता प्रसाद निवासी बगदा चमरोली 125 फुटा रोड थाना तंजागंज आगरा के पैर में गोली लगने से घायल हुआ जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल रवाना किया गया तथा अभियुक्त अनीश यादव पुत्र संजय निवासी नई आबादी नगला बुद्धी दयालबाग जनपद आगरा को मौके से कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। फिरोजाबाद से टूंडला हाइवे से चंडिका गांव के रास्ते पर बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने लगे इसी दौरान पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी फायर के दौरान अभियुक्त गोपाल कृष्ण के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। दोनों अभियुक्तों के कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, अन्य 03 मोबाइल फोन जो अलग-अलग जगह से चोरी और लूटे हुए हैं, एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

## आबकारी विभाग ने 30 लीटर अवैध ताड़ी को कराया नष्ट

**सिरसागंज।** जिलाधिकारी फिरोजाबाद , सयुंक्त आबकारी आयुक्त आगरा जोन आगरा ,उप आबकारी आयुक्त आगरा प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी फ़िरोज़ाबाद के निर्देशन में फ़िरोज़ाबाद क्षेत्र-5 सिरसागंज में आबकारी निरीक्षक नन्द लाल चौरसिया मय स्टाफ द्वारा ग्राम पुरा में अवैध रूप से ताड़ी बेचने की सूचना पर दबिश दी तो वहां पर दो लोगों द्वारा ताड़ी के पेड़ों से बिना लाइसेंस के अवैध रूप से ताड़ी उतारकर बेचा जा रहा था । मौके पर बरामद 30 लीटर ताड़ी को आबकारी की टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट कर दिया गया तथा दो अभियुक्त मुनेस पुत्र हरिसिंह निवासी कारीखेड़ा एवं राहुलकुमार पुत्र रामकिशन निवासी सईदपुर को गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत किया गया।

# पांडे बाबा की जनसभा में जब संजय निषाद जी फिसल गई जुबान

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मेनका गांधी के समर्थन में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद की जुबान उस समय फिसल गई, जब वह मंच से सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के कामों के बखान कर रहे थे।बीच में ही उनके मुंह से निकला सभी मां अपने परिवार के बीच में रहना चाहती है।

यहां के लोग सोनिया जी को अपनी मां समझते हैं, जैसे ही यह शब्द संजय निषाद के मुंह से यहजैसे ही निकला, वैसे ही बगल खड़े क्षेत्रीय विधायक ने मेनका गांधी की तरफ इशारा करते हुए शब्दों को सुधारने का इसारा किया। तब संजय ने शब्दों को सुधार कर अपने भाषण को गति प्रदान की। **जब मेनका गांधी और संजय निषाद के लगने लगे नारे:** पांडे बाबा की जनसभा में आज हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने मेनका गांधी और संजय निषाद जिंदाबाद के नारे लगाने के साथ ही एक बार फिर से मोदी सरकार को बनाने का संकल्प लिया। निषादों को भगवान राम को पार लगाने की याद दिलाते हुए संजय निषाद ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसने निषादों को इस उच्च स्तर पर पहुंचाया है। जिसके चलते आज उनके बीच का एक बेटा प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री है। अन्य पार्टी के लोग निषादों को गलत शब्दों से पुकारते थे, लेकिन जब से भाजपा आई है निषादों का सम्मान बढ़ा है। हमें जात-पात से ऊपर उठकर भाजपा के लिए वोट करना है,जहां आज निषादों को बराबर का सम्मान मिल रहा है। जनसभा में उमड़ी भीड़ ने एक स्वर में मेनका गांधी को फिर से अपना सांसद बनाने का संकल्प लिया।

## चैतन्य टेक्नो स्कूल बच्चों का कराया मनोरंजन

**टूंडला।** चैतन्य टेक्नो स्कूल फिरोजाबाद में समर वेकेशन से पहले बच्चों को पूल पार्टी, पॉट लंच, सिनेमा पॉपकॉर्न के साथ कई खेलों के माध्यम से उनका मनोरंजन कराया गया। बच्चों ने बहुत आगे बढ़-चढ़ के उत्साह से हर गतिविधि में भाग लिया तथा इस दिन को बहुत यादगार बनाया। इस दौरान चौतन्य (यूपी हरियाणा) के एजीएम सर ने बच्चों को इस गतिविधि के लिए प्रोत्साहन किया और कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इन गतिविधियों का होना भी आवश्यक है। इससे बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवा नागरानी ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाया तथा विद्यालय के आरआई कपिल सक्सेना ने कहां की यह सभी गतिविधियां विद्यार्थी के विकास में सहायक है। आज सभी विद्यार्थियों का दिन आनंद से भरा रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# सभी सनातनियों को एक होने का आह्वान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** मैं हिंदू,भाई बहनों से अनुरोध करती हूं कि हम सबको मिलकर अपनी-अपनी जातियों को भूलकर सबसे पहले अपने आप को सनातनी मानना शुरू कर देना चाहिए जब तक हम अपने आप को सनातनी नहीं मानेंगे तब तक ह?में लोग जातियों एवं परिवारवाद बांटते चले जायेंगे इसलिए हम सबको मिलकर अपने-अपने अंदर हिंदुत्व की भावना को जगाना है और अपने देश में खुशहाली लाना है। यह भारत का राजनैतिक सबसे बड़ा त्यौहार इलेक्शन है,2024 का जो आज चल रहा है इसके चार दौर ख़त्म हो चुके है पांचवे चरण में अभी हम आ चुके है, बाकि के पांच, छह और सात, तीन चरण और बाक़ी हैं.चौथे चरण में मतदाताओं का उत्साह कम दिख रहा है,में चाहती हूँ की सभी मतदाता,अपने घर से बहार निकलकर इस त्यौहार को अच्छे तरह से मनाये अपना मत दे कर और सनातनी सब एक होकर अगर एक दिशा में मत करते है। तो भारत एक मज़बूत और शक्तिशाली देश बना रहेगा। इसे तोड़ने की कोशिश या इस पर आक्रमण करने का दुस्साहस कभी कोई नहीं कर पायेगा दुश्मन भारत के ऊपर निगाह रखकर बैठा हुआ है, सब इस कोशिश में लगे हुए हैं कि कैसे भारत को ध्वस्त किया जाए पूरे विश्व में कहीं अगर सबसे बड़ा युवा वर्ग है तो वह भारत में है भारत की आबादी आज इतनी बड़ी है की पूरे विश्व को अपना माल को निकास करने के लिए भारत की आवश्यकता है अपनी-अपनी राजनीती डिप्लोमेसी के हिसाब से बाहरी देश भारत को अलग तरीके से देख रहे है ऐसे वक़्त में हम सारे सनातनियो को एक होना अति आवश्यक हो चुका है। अगर हम व्यक्तिगत स्वार्थ छोड़ कर देश के हित में सोचें तो हमारा भारत फिर से सोने की चिड़िया बन सकता है सालों से हमारे देश में कई ऐसे स्वार्थी राजनेता रहे हैं जो परिवारवाद का सहारा लेकर आगे बढे है और जिन्होंने सिर्फ अपने निजी स्वार्थ को ध्यान में रखकर देश को लूटा है ऐसे लोग कहाँ भला देश के हित और उसकी सुरक्षा के बारे में सोच सकते हैं भारत का सनातन धर्म मतलब वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना का यह धर्म है यह धर्म सिर्फ धर्म नहीं है, यह हमारा गौरव और हमारी पहचान है एक संस्कार है,और इसको अगर हम मज़बूती से जातियों में बटे बिना हम सिर्फ धर्म को केंद्रित करेंगे तो हमे हमारे देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पायेगा आज समय बदल चुका है आज अयोध्या में श्री राम विराजमान हो चुके है, 500 साल बाद जिसकी प्रतीक्षा हम लोग बरसों से करते चले आ रहे थे और बनारस के मंदिर का जीणोद्धार हो चुका है।

# मोदी सरकार अटम बम से नहीं डरती

**भारत को दुनियां की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है: शाह**

**कोरोना पर भी राजनीति करने वालों को जनता सबक सिखाएगी**

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी की एक विशाल आमसभा तुवन मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने की एवं सचालन लोकसभा संयोजक डा जगदीश सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहे।

उन्होंने सबसे पहले तुवन मंदिर प्रांगण में विराजे हनुमान जी महाराज को प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद मांगा उसके बाद उन्होंने बुन्देलखण्ड की वीर प्रसूता भूमि को प्रणाम कर रानी लक्ष्मीबाई और वीर झलकारी वाई को याद किया। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड ने पहले यूरोप के अंग्रेजो के खिलाफ लड़ा है अब भारत में देशी अंग्रेजों के खिलाफ लड़ना है। उन्होंने कहा कियह मुकाबला किसके बीच है एक और बारह लाख करोड़ का भ्रष्टाचार करने बाला इंन्डी गठबंधन है तो दूसरी और तेईस साल से मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री रहे मोदी जी हैं जिन पर कोई दाग नही है।

उन्होंने कहा कि हम चार चरणों में दो सौ सत्तर सीटें जीतकर आ रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी चार सौ सीटों से अधिक प्राप्त करने जा रही है इन्डी गठबंधन का सूपड़ा साफ होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब आप यहाँ पं अनुराग शर्मा के पक्ष में कमल का वटन दवायेंगे तो सीधा वोट मोदीजी के पास पहुंच जायेगा और ताकत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह मुकाबला चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए राहुल बाबा , अखिलेश यादव और एक मामूली चाय बेचने बाले से आगे बढ़ कर प्रधानमंत्री बने मोदी जी का है। उन्होंने कहा कि एक तरफ राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले लोग हैं तो दूसरी और राम मन्दिर बनवाने बाले मोदी जी है जिन्होंने चौबीस जनवरी को राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लिया था जब कि राहुल बाबा और अखिलेश जी भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलने पर भी अयोध्या नहीं पहुंचे । उन्होंने कहा कि दरअसल वे अपने वोट वैंक के डर से अयोध्या नहीं गये उन्हें डर था कि उनके अयोध्या जाने से उनका वोट बैंक कहीं नाराज न हो जाये। उनकी गठबंधन की पार्टी ,कांग्रेसपार्टी के मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु वम है उससे डरो, और यह कांग्रेस की सोच है। उन्होंने कहा कि इस भावना से कांग्रेस की दशा का अनुमान लगाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मोदी जी ने करोना काल में एक सौ तीस करोड़ लोगों को फी में टीका लगवाने का कार्य किया जब कि कांग्रेस ने मजाक वनाया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**इच्छा की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिये नोटिस**

वाराणसी मंडल कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे और रेलवे द्वारा तय किये गये अन्य इकाइयों के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लिये हायरिंग (Hiring) के आधार पर अटेंडेंट उपलब्ध कराने के लिये इच्छुक मैनपावर आउटसोर्सिंग प्रतिष्ठानों से सीलबंद आवेदनों के माध्यम से "इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)" आमंत्रित किया जाता है। रेलवे, आईआरईपीएस (IREPS) पर प्रकाशित सीमित निविदा (Limited Tender) के विरूद्ध, शॉर्टलिस्टेड एजेंसियों से निविदायें आमंत्रित करके मैनपावर आउटसोर्सिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध करना चाहता है। इच्छा की अभिव्यक्ति की विस्तृत सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट *https://ner.indianrailways.gov.in* पर वाराणसी मंडल कार्यालय के भंडार विभाग के वेबपेज पर मुफ्त डाउनलोड के लिये उपलब्ध है।

इच्छुक सेवा प्रदाताओं द्वारा "इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) भंडार विभाग, कार्यालयः मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी, पूर्वोत्तर रेलवे, लहरतारा, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221002, (संपर्क सूत्र-श्री जयबीर सिंह, मुडिसाअधी/भंडार, मोबाइल-9794843772/ श्री ए.के. जायसवाल, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, वाराणसी, मोबाइल-9794843770) के कार्यालय में दिनांक 21-06-2024, 16:00 बजे तक सीलबंद लिफाफे (एक) में निर्धारित प्रारूप (प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत हस्ताक्षरित) में पहुंचना अनिवार्य है।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक

मुजाधि/एस-15 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# ईवीएम एवं वीवी पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 एवं विधान सभा उप निर्वाचन, दुद्धी के निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु सामान्य प्रेक्षक, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन तथा वी0वी0 पैट का द्वितीय रैण्डमाइजेशन किया गया वही

सामान्य प्रेक्षक जया लक्ष्मी, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता व राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों के उपस्थिति में ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन आज कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज ई0वी0एम0, वी0वी0 पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया जा रहा है, द्वितीय रैण्डमाईजेशन के बाद ई0वी0एम0, वी0वी0 पैट मशीनों को बूथ आवंटित कर दिया गया है, किस मतदान केन्द्र पर कौन सी ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट जायेगी यह सुनिश्चित कर दिया गया है, मॉक पोल के समय किसी भी पार्टी के एजेन्ट बूथ हेतु आवंटित ई0वी0एम0, वी0वी0 पैट का मिलान भी कर सकते हैं, ई0वी0एम0, वी0वी0 पैट का द्वितीय रैण्डमाइजेशन में 400-विधान सभा घोरावल में 440 मतदेय स्थलों हेतु 554 कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व 598 वी0वी0 पैट, 401-विधान सभा राबर्ट्सगंज के 389 मतदेय स्थलों हेतु 490 कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व 529 वी0वी0 पैट, 402-विधान सभा ओबरा(अ0ज0जा0) में 324 मतदेय स्थलों हेतु 408 कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व 440 वी0वी0 पैट, 403-विधान सभा दुद्धी (अ0ज0जा0) में 361 मतदेय स्थलों हेतु 689 कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व 707 वी0वी0 पैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर निखिल यादव, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा अजय सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी सुरेश राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांधु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह व राजनैतिक दलों के समस्त सम्मानित प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## मौरंग लदे ट्रक से भैंस टककराई, ग्रामीणों नें चालक को पकड़ा।

**सरीला (हमीरपुर)** जलालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजामऊ गांव के पास सड़क पार करते हुए भैंस को मौरंग लदे ट्रक से टक्कर लग गई। जिससे भैंस बुरी तरह ज़ख्मी हो गई। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक रोककर चालक को पकड़ लिया।राजामऊ निवासी शिवचरन पुत्र जगन्नाथ ने बताया कि मेरी भैंस सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घर की ओर आ रही थी तभी गांव के स्टैण्ड के पास सड़क पार करते समय भेड़ी खादान से मौरंग लादकर आ रहे ट्रक ने टक्कर मारी दी। जिससे भैंस बुरी तरह घायल हो गयी।भैंस प्रसव पीड़ा से कराह रही थी भैंस के बचने के बहुत कम आसार है। राजामऊ निवासी लक्ष्मन, दिनेश, प्रेमचंद ने बताया कि यहां से रात-दिन ओवरलोड मौरंग ट्रक गुजरते हैं। जिससे आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।

# आटो लोडर की आमने-सामने टक्कर से सात

अवधनामा संवाददाता



**भरुआ सुमेरपुर।** नेशनल हाईवे में शनिवार को सुबह 11:00 बजे पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ़्तार आटो एवं लोडर की आमने-सामने हुई टक्कर में आटो सवार चालक सहित 7 लोग घायल हो गए। एक युवक को गंभीर चोट लगने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया। बाकी अन्य लोग बगैर इलाज कराए मौके से चले गये।

शनिवार को करीब 11:00 बजे एक आटो बस स्टाप से सवारियां बैठाकर हमीरपुर की तरफ जा रहा था। कस्बे के पेट्रोल पंप के सामने नवीन गल्ला मंडी की तरफ से आ रहे लोडर से आमने सामने टक्कर हो जाने से आटो में सवार सात लोग घायल हो गए। इनमें कुंडौरा निवासी अमित कुमार 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। इसको इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर इसको सदर अस्पताल रेफर किया गया। अन्य लोग मामूली चोटें होने के कारण मौके से बगैर उपचार कराएं चले गए।

## चलाई गई स्वच्छता मुहिम

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** भारत सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना के तहत सम्पूर्ण भारत वर्ष में स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16 मई 2024 से 31 मई 2024 तक स्वछता अभियान चलाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा दिनांक 17.05.2024 को परियोजना के नवजीवन बिहार सब्जी मंडी एवं स्टेडियम मे स्वच्छता की मुहिम चलाई गई, जिसमें सभी ने श्रमदान कर यह शपथ लिया कि हम स्वयं न गंदगी करेंगे तथा न किसी को गंदगी करने देंगे। सभी के द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया एवं सभी को जागरूक किया गया। इस मुहिम मे उप महाप्रबंधक(सीएसआर एवं आरएंड आर) महताब आलम, कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल सहित सीएसआर टीम, वार्ड पार्षद के साथ-साथ भारी संख्या में ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

# छात्र छात्राओं ने किया मतदान का मॉकड्रिल



अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ग्राम पंचायत जलाला के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षकों के दिशा निर्देश पर छात्र-छात्राओं ने मतदान का मॉकड्रिल प्रस्तुत करके मतदाताओं को जागरूक किया।

ग्राम पंचायत जलाला के कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इरम शाहिद, सहायक अध्यापक विक्रम साहू व शिक्षामित्र कालका प्रसाद ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए विद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं से मतदान का मॉकड्रिल प्रस्तुत कराया। इस मार्कड्रिल में कक्षा 8 के छात्र विपिन कुमार ने पीठासीन अधिकारी,छात्र राजाकरन ने प्रथम मतदान कर्मी, छात्रा गुंजन ने द्वितीय मतदान कर्मी व टिंकू ने तृतीय मतदान कर्मी की भूमिका निर्वाहन किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने कतारबद्ध खड़े होकर मतदान करने की भूमिका का निर्वहन किया। छात्र-छात्राओं की इस भूमिका को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह आदि ग्रामीणों ने खूब सराहा। कहा कि बच्चों के इस प्रदर्शन से ग्रामीणों को मतदान करने बारीकियां जानने का अवसर मिला। मतदान के दिन इससे काफी सहूलियत मिलेगी।

## बाईक और ई रिक्शा में सीधी टक्कर, तीन गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** देरात हुई बाईक और ई रिक्शा की टक्कर में बाईक सवार ट्रैक्टर के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल ई रिक्शा चालक और ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गए हैं। कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी सलमान (17) पुत्र भोला, सुहेल (18) पुत्र रहमान, समीर (17) पुत्र ताजुद्दीन बाईक से तेज गति से जा रहे थे तभी बंशनाले के निकट विपरीत दिशा से आ रहे ई रिक्शा से बाईक की भिडंत हो गई जिससे ई रिक्शा पलट गया जबकि बाईक सवार ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर कुछ समझ पाते तबतक ई रिक्शा चालक रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया और ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां से तीनों युवकों को गंभीर चोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# डीएम व एसपी द्वारा केंद्रीय एवं पुलिस बल की गयी ब्रीफिंग

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 प्रक्रिया को निष्पक्ष, निर्विवाद, शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु राजकीय जिला स्टेडियम हमीरपुर में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मतदान प्रक्रिया में लगे समस्त अधिकारी,कर्मचारी, केंद्रीय बल, पुलिस बल व होमगार्ड्स को चुनाव ड्यूटी हेतु ब्रीफ किया गया।अवगत कराया गया कि मतदान के दौरान मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए। मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी सूचना के सम्बंध में सम्बंधित उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचित किया जाए। ड्यूटी पर लगा समस्त पुलिस फोर्स मतदाताओं से सम्मान जनक व्यवहार करें। मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन तथा अन्य कोई वर्जित वस्तु न ले जाने दें। सभी जोनल,सेक्टर मजिस्ट्रेट व समकक्ष जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारी समन्वय स्थापित कर सभी पोलिंग बूथों का समय से निरीक्षण कर,पोलिंग पार्टियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए बताया कि हमारी प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है। इस दौरान निष्पक्षता और मनोयोग से ड्यूटी करें। बूथ पर नियुक्त किये गये समस्त पुलिसबल सर्वप्रथम अपने ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें व यथा समय ड्यूटी पर उपस्थित हों किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें संबन्धित आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शस्त्र रखने वाले अभियुक्त को चार वर्ष का कारावास

**हमीरपुर।** थाना कुरारा में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियुक्त विश्राम सिंह पुत्र सन्त सिंह निवासी ग्राम रिठारी थाना कुरारा के विरुद्ध अभियोग 8 अक्टूबर 2016 को पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषसिद्ध पाते हुये को चार वर्ष के कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### हत्या के दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** थाना कुरारा में धारा 302,504,506 भारतीय दंड संहिता में अभियुक्तगण विश्राम सिंह पुत्र सन्त सिंह व लालू पुत्र सन्त सिंह निवासी गण ग्राम रिठारी थाना कुरारा जिला के विरुद्ध अभियोग 30 अगस्त 2016 को पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषसिद्ध पाते हुये प्रत्येक को आजीवन कारावास कारावास व प्रत्येक को तेइस-तेइस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### चुनाव के लिए अधिग्रहीत वाहनों को लाया गया नवीन गल्ला मंडी



**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए अधिग्रहित वाहनों को नवीन गल्ला मंडी प्रांगण सुमेरपुर मे लाकर खड़ा कराया गया। चुनाव के लिए कुल छोटे-बड़े 487 वाहन अधिग्रहीत किए गए हैं। रविवार को सुबह नवीन गल्ला मंडी से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम आदि चुनाव सामग्री देकर मतदान संपन्न कराने के लिए रवाना किया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए छोटे-बड़े कुल 487 वाहन अधिग्रहित किए गए हैं। सभी वाहनों को नवीन गल्ला मंडी के ठीक बगल में खेत पर बनाए गए पार्किंग स्थल पर लाकर खड़ा कराया गया है। जनपद की दोनों विधानसभा सीटों हमीरपुर एवं राठ के लिए रविवार को सुबह से नवीन गल्ला मंडी से पोलिंग पार्टी को रवाना किया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अर्धसैनिक बलों के साथ बाहर से आए पुलिस बल को सुमेरपुर कस्बे के युगचेतना महाविद्यालय, डायट, नागा स्वामी डिग्री कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आवासीय विद्यालय दरियापुर में ठहराया गया है। यह पुलिस बल रविवार को सुबह पोलिंग पार्टियों के साथ नवीन गल्ला मंडी से रवाना होगा।

### डीएम व एसपी नें अधिकारियों को किसा ब्रीफ



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सबंध में सेक्टर ऑफिसर/सेक्टर पुलिस ऑफिसर की ब्रीफिंग हमीरपुर के स्टेडियम में की गई तथा मतदान प्रतिशत संकलन एप सहित अन्य बिंदुओं के संबंध में सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार हमीरपुर में सम्पन कि गई।

# मतदान केंद्रों में हीट वेव के पोस्टर लगवाए जाएं, निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** शनिवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोनभद्र एवं सिंचाई विभाग के संयुक्त तत्वाधन में कलेक्टेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व, सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक तथा हीट वेव की समीक्षा बैठक कर बाढ़/सुखा कार्य योजना तैयार किए जाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी संबंधित विभाग उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में समस्त लाइन डिपार्टमेंट को निर्देश दिया गया कि हीट वेव में क्या-क्या बेहतर व्यवस्था किस तरीके से किया जाना चाहिए और किस तरीके से किया जा रहा है एवं बाढ़ पूर्व तैयारी हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना करना, प्रभारी सूची को अपडेट करना, संबंधित बांधों में पुलिस गस्त टीम को अपडेट करना, तहसील स्तर से नाविक गोताखोर एवं वॉलिंटियर्स को अपडेट करना बाढ़ चौकिया में प्रभारी कार्यकर्ताओं का मोबाइल नंबर नाम अपडेट करना सुखा कार्य योजना अपडेट करने से संबंधित समस्त विभागों को निर्देश दिया गया तथा हीट वेव के समय समय पर स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग, कृषि विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा शासन के निर्देश के क्रम में मौसम विभाग के अलर्ट के क्रम में प्रेस विज्ञप्ति जारी करना तथा लोगों को जागरूक करने हेतु लेखपाल के माध्यम से आंगनबाड़ी, आशा बहू के माध्यम से एवं वॉलिंटियर्स के माध्यम से लोगों को समय-समय पर जागरुक करते रहना चाहिए एवं मौसम विभाग पृथ्वी विभाग मंत्रालय द्वारा जारी अलर्ट को आम जनमानस तक पहुंचाया जाए इत्यादि पर चर्चा की गई सभी तहसीलों में आने जाने वालों को प्रभावित होने पर या छोटे बच्चों, महिलाओं, बूढ़ों को ओ0आर0एस0 पैकेट वितरित किया जाए एवं कर्मचारियों को भी ओ0आर0एस0 की उपलब्धता रहे। हीट वेव के समय विभिन्न बातों का ध्यान रखा जाए समस्त डिपार्टमेंट में शीतल जल एवं छाया की व्यवस्था की जाए मजदूरों का टाइम चेंज किया जाए हिट अलर्ट होने पर स्कूल के समय में परिवर्तन किया जाए तथा पोस्टर, निबंध, कविता की प्रतियोगिता कराई जाए शिक्षा विभाग को भी निर्देश जारी किए गए तथा श्रम विभाग, जल संस्थान, नगर पालिका को भी निर्देश जारी किया गया कि उनके यहां से गठित टीम मंडी परिसरों में एवं दुकानों में कटे हुए फलों में रोक लगाया जाए खाद्य पूर्ति विभाग भी अपडेट रहे सभी मतदान केदो में हीट वेव के पोस्टर लगवाए जाएं तथा हीट वेव से संबंधित पोस्टर को चिपकाया जाय। बैठक का समापन किया गया। उक्त बैठक में समस्त उपस्थित विभाग के अधिकारी को अपने-अपने विभागवार बाढ़/सूखा की कार्ययोजना तैयार करने हेतु निदेर्शित किया गया।

# एनसीएल में समर कैंप आरोहण 2024 का हुआ भव्य शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** शनिवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) में समर कैंप ÷आरोहण 2024÷ का भव्य शुभारंभ हुआ। एक माह की अवधि तक चलने वाले इस निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर में योग्य प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों एवं युवाओं को विभिन्न खेल कूद विधाओं ङ्क बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, क्रिकेट, वालीबॉल, तैराकी, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, जूडो, कराटे, फुटबॉल, संगीत (गायन-वादन), नृत्य, ड्रॉइंग, पेंटिंग इत्यादि में तराशा जाएगा।

समर कैंप के पहले दिन बच्चों एवं युवाओं का उत्साह चरम सीमा पर रहा। आरोहण समर कैंप का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को खेल-कूद एवं मस्ती के साथ साथ रचनात्मकता एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट को निखारने के लिए अवसर प्रदान करना है। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में अलगङ्कअलग विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित इस समर कैंप से बच्चों व युवाओं में विभिन्न प्रतिभाओं का विकास होता है। वर्तमान में बच्चे घर में रहकर सिर्फ मोबाइल और टीवी में व्यस्त रहते हैं। ग्रीष्मकालीन शिविर ÷आरोहण÷ से बच्चों व युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास में सहायता मिलेगी। इस वर्ष ÷आरोहण समर कैंप÷ के माध्यम से 6000 से अधिक बच्चों व युवाओं को लाभ होगा।

# अज्ञात कारणों से मजदूर के आशियाने में लगी आग, लाखों की ग्रहस्थी जलकर राख

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** शुक्रवार को देर रात मजदूर के मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग से लाखों की ग्रहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़ित ने मुआवजा को लेकर अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। कस्बे के मोहल्ला फतेहपुर वार्ड नम्बर 3 निवासी उस्मान अली पुत्र रज्जब अली ने बताया की जब वह अपने मकान में सो रहा था तभी अचानक आग की लव उस तक पहुंची तो उसने उठकर देखा तो उसके मकान पर आग लगी हुई थी। तभी उसने आनन-फानन फायरब्रिगेड को उक्त आग की सूचना दी और फायरब्रिगेड के पहुंचने तक देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे मकान को अपनी आगोश में लेकर मकान में रखी लाखों की गृहस्थी को जलाकर राख कर दिया। इस घटना से पीड़ित अब सदमे में हैं और उसके रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं बचा है। इस घटना से आहत पीड़ित ने क्षेत्रीय लेखपाल सत्यम अवस्थी को दूरभाष पर घटना के बारे में अवगत कराया, जिसपर मौके पर पहुंचे लेखपाल ने घटना का मुआयना किया है और बताया की उक्त घटना की रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दी हैं। पीड़ित ने बताया की उसके मकान में रखा सामान जिसपर एक फ्रिज, कूलर, सिलाई मशीन, राशन, टीवी, गैस सिलेंडर, कपड़े आदि लाखों का सामान जलकर राख हो गया है।

# भाजपा द्वारा विधानसभा ओबरा का बूथ सम्मेलन रेनुकुट में संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज लोकसभा के विधानसभा ओबरा का बूथ सम्मेलन रेनुकुट स्थित सत्संग हॉल मे सम्पन्न हुआ सम्मेलन का शुभारम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर मुख्यअतिथि पूर्व राज्यमंत्री आनन्द स्वरुप शुक्ला जी, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड जी, सांसद रामशकल जी, प्रत्याशी रिंकी कोल, जिला प्रभारी अनिल सिंह ने माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री आनन्द स्वरुप शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है कार्यकर्ताओं के बल पर ही हम चुनाव जीतते आये है इन्ही कार्यकर्ताओं के बल पर 2024 का लोकसभा चुनाव जीतकर नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे और कहा कि घर घर शौचालय बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की माताओं बहनो को हो रही असाध्य बीमारियों से छुटकारा किया है व सम्मान बढाया है प्रधानमंत्री मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में देश प्रदेश मे बिजली शिक्षा पानी सडक स्वास्थ्य की व्यवस्था सुदृढ़ हुयी है। और कहा की कानून व्यवस्था दुरस्त हुयी अपराधि माफियाओं का दहशत खत्म हुआ है और कहा बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों को जीतकर एक बार फिर भाजपा सरकार बनाकर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेंगे। और कहा कि बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है जिसके बल पर सभी कार्यक्रम सम्पन्न होते है वही चुनाव के दौर में बूथ कमेटी के बल पर ही हम चुनाव जीतते है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ताओं के लिए देश सर्वोपरि है दल से बडा देश है। जब देश का भला होगा तक सबका भला होगा तो देश आगे बढेगा मेरे बूथ अध्यक्ष भाजपा नही देश की समृद्धि के मजबूत स्तंम्भ है। एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल ने कहा कि बूथ अध्यक्ष ही पार्टी का रीढ है जिसके बल पर ही हम लोग चुनाव जीतते है मोदी जी की सरकार बनाने मे बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख के माध्यम है उन्होने कहा कि आप सभी के दम पर एक बार फिर मोदी सरकार बनना तय है। अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आप के ही दम पर आज यहा तक पहुंची है बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख शक्ति केन्द्र के संयोजक ही हमारी शक्ति है। इसी शक्ति के बदौलत हम हर चुनाव जीतते है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अपना दल जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल ने आये हुए सभी अतिथियों व बूथ अध्यक्षों का स्वागत अभिनन्दन किया। सम्मेलन मे मुख्यरुप से राज्यसभा सांसद रामशकल जी, जिला प्रभारी अनिल सिंह, विधानसभा प्रभारी मधुकर पाण्डेय ने भी संबोधित किया।

# शनिवार को पांचवे चरण के प्रचार प्रसार का थमा पहिया

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत हमीरपुर संसदीय क्षेत्र 47 में 20 मई यानी पांचवे चरण में मतदान होना है। हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान तीखे वाक्यों से एक दूसरे पर कटाक्ष करते हुए सुने व देखे गए है। प्रचार प्रचार के अंतिम दिवस शनिवार के रोज चुनाव आयोग द्वारा दिये गए समयानुसार तक प्रत्याशियों द्वारा एड़ी चोटी का जोर लगा मतदाताओं को अपने वादों और इरादों से अपने पाले करने की भरपूर कोशिशे की गई हैं।इन कोशिशों के दौरान शनिवार शाम 6 बजे तक सभी प्रत्याशियों के चुनावी प्रचार प्रसार की आवाजें थम गई।शाम के उपरांत से ही चुनाव प्रचार प्रसार में लगी गाड़ियों के पहिये थम गए तो वहीं प्रत्याशियों व उनके सभोगियो द्वारा भी जनसंपर्क रुक गया।चुनाव प्रचार प्रसार की अवधि खत्म होते ही किसी भी पार्टी का बाहरी कार्यकर्ता व अलग अलग राजनीतिक पार्टी के नेता उन्हें लोकसभा क्षेत्र से अपने गंतव को रवाना हो गए है।चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों में भाजपा से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल तीसरी बार चुनावी मैदान में है जिन्होने पूर्व के दो चुनावो में अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से पटकनी लगा कर भारी मतों के अन्तर से कामयाबी हासिल की थी। लेकिन इसबार का चुनाव उन के लिये बहुत आसान नहीं दिख रहा है। इंडिया गठबंधन से अजेंद्र सिंह लोधी लोकसभा चुनाव में प्रथम बार अपनी किस्मत आजमा रहे है तो बीएसपी से लोकसभा चुनावी समर में निर्दोष दीक्षित भी पहली बार अपना भाग्य अजमाने में लगे हैं इन के अलावा अन्य राजनीतिक पार्टीयो के प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे है।यह सभी प्रत्याशी चुनाव में मात्र अपनी उपस्थिति ही दर्ज करा रहे है। अगर पूरे चुनाव की बिसात पर नजर डालें तो मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी तथा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत और बीएससी के निर्दोष दीक्षित के बीच ही है। फतह का ताज किस के सर चढ़ेगआ यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। सभी प्रत्याशियों की किस्मत 20 मई की शाम ईवीएम मशीन में कैद हो जाएगी। चुनावी प्रचार प्रसार थमने के उपरांत चुनाव आयोग व जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक मतदान कराने की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली है और मतदान केंद्रों में पुलिंग पार्टीयो को भेजने की तैयारी में लगे हुए है । रविवार के रोज सभी मतदान केंद्रों पर शाम तक ही ईवीएम मशीने और पुलिंग पार्टियां अपने गंतव्य पहुँच जाएगीं और 20 मई सोमवार के रोज सुबह से ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# 247 ग्राम पंचायतों में 409 टोकरों से कराई जा रही जलापूर्ति

अवधनामा ब्यूरो

- तपती गर्मी में पानी आपूर्ति को लग रहे 1198 चक्कर
- जिले के कुल आठ ब्लाकों में सबसे जादा घोरावल ब्लाक में

**सोनभद्र।**जिले में गर्मी को बढ़ाते टेंपरेचर से पानी का लेयर कम होता जा रहा है उधर गांव में पानी की समस्या को लेकर जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के दिशा निर्देशानुसार पंचायती राज अधिकारी डीपीआरओ नमिता शरण ने बताया कि जिले में वर्तमान समय पानी की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए दस ब्लाक के 247 ग्राम पंचायतों में सरकारी 385 टैंकर व प्राइवेट 21 टैंकर लगा कर कुल 409 पानी टैंकरों द्वारा लगभग 1198 चक्कर से में पानी सप्लाई की जा रही हैं वही जिले के आठो ब्लाकों के पानी सप्लाई में सबसे जादा घोरावल के 87 ग्राम पंचायतों के 166 टैंकरो द्वारा 504 पानी चक्कर से जलापूर्ति की जा रही हैं । डीपीआरओ ने बताया कि सभी प्रधानों को अवगत करा दिया गया है कि इससे अतिरिक्त पानी की दिक्कत उत्पन्न होने पर संबंधित सेक्रेटरी व ऑडियो पंचायत को अवगत कराकर पानी टैंकर सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे किसी प्रकार से ग्रामीणों को पाने की समस्या को लेकर योजना ना पड़े जिसको लेकर गंभीरता दिखाते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी इसकी विशेष निगरानी करते हुए पानी सप्लाई कराएंगे पानी सप्लाई करने में किसी प्रकार से लापरवाही या कोई प्रावधान उत्पन्न होता है तो निश्चित रूप से उसकी जांच कर कर उचित कार्रवाई कराई जाएगी।

# हमारे लिए देश सर्वोपरि: मुख्यमंत्री योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र के मालेगांव कैंप में धुले लोकसभा सीट के लिए जनसभा को किया संबोधित'
- इंडी गठबंधन के पास देश के विकास का कोई विजन नहीं'
- हम भारत को सर्वोपरि मानते हैं, राष्ट्र के लिये सब कुछ समर्पित कर देंगे: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



अवधनामा ब्यूरो

**मालेगांव कैंप (महाराष्ट्र)/लखनऊ।** कांग्रेस और इंडी गठबंधन के पास देश के विकास को लेकर न तो कोई विजन है और न ही मिशन। यह लोग केवल किसी भी तरह सत्ता हासिल करना चाहते हैं। यह केवल देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। हमारे लिये देश सर्वोपरि है। हम राष्ट्र के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर देंगे। हम पहले विकसित भारत के निर्माण में आगे बढ़ेंगे। कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोग किसी भी कीमत पर सत्ता चाहते हैं, जिसे हमें स्वीकार नहीं करना चाहिये। उनके पास सिर्फ आप लोगों को गुमराह करने और झूठ का अस्त्र बचा है, लेकिन हमें गुमराह नहीं होना है। हमें तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता सौंपने के साथ ही एनडीए को भारी मतों से जिताकर इतिहास बनाना है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महाराष्ट्र के मालेगांव कैंप में धुले लोकसभा क्षेत्र के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने सांसद व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुभाष भामरे के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह लोग आपकी संपत्ति का सर्वे कराकर उस पर टैक्स लगाना चाहते हैं। कांग्रेस का विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमें कांग्रेस को सिरे से खारिज करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के एक प्रत्याशी के लिये मुंबई ब्लास्ट का दोषी इकबाल मूसा वोट मांगते हुए दिखायी दे रहा है, क्या इसे आप स्वीकार करेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र पर नजर डालें तो वह मुस्लिम लीग का मेनिफेस्टो है। इसमें अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण पर सेंध की बात है। इसके जरिये यह लोग मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं। बाबा साहेब हमेशा धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे। यह उनका अपमान कर रहे हैं। यह लोग अल्पसंख्यकों को गो मांस खाने की छूट देना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज यूपी में एक भी स्लाटर हाउस नहीं है। कांग्रेस पर हमलावर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब महात्मा गांधी, सरदार पटेल और लोकमान्य तिलक के नेतृत्व वाली कांग्रेस नहीं है, बल्कि यह सोनिया और राहुल गांधी वाली कांग्रेस है। यही वजह है कि इस परिवर्तित कांग्रेस के लिए देश मायने नहीं रखता है, इन्हें तो सिर्फ सत्ता दिखती है। यह लोग कंगाल पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। खाते तो हिन्दुस्तान का है, लेकिन गाते पाकिस्तान के लिये हैं। इन्हें वहीं जाकर भूखों मरना चाहिये।

# पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने दिया राजनाथ सिंह को समर्थन

- लखनऊ के डेढ़ लाख पूर्व सैनिकों का परिवार रक्षा मंत्री के साथ: कर्नल रावत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने प्रदेश संयोजक कर्नल राजीव रावत के संयोजन और अवध क्षेत्र के संयोजक सीतेश सिंह के साथ लखनऊ लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भारी बहुमत से जिताने की रणनीति में पूर्व सैनिकों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। कर्नल राजीव रावत ने बताया कि लखनऊ में लगभग डेढ़ लाख पूर्व सैनिकों और उनके परिवार का वोट हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व पर राष्ट्र प्रथम की अवधारणा रखने वाली पार्टी को भारी मतों से जिताने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री के हाथों को मजबूत करने में अहम भूमिका अदा करें। अवध क्षेत्र के संयोजक सीतेश सिंह अवध क्षेत्र के सभी 15 जिलों में भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की इस चुनावी महासमर में योगदान की चर्चा की। गौरव सेनानी के प्रदेश कार्यवाह अध्यक्ष रुद्र देव दुबे ने बताया कि लखनऊ में पूर्व सैनिक जो गौरव सेनानी से जुड़े हुए हैं सभी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस अवसर पर की पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में सूबेदार गोपाल दुबे, सूबेदार राम सरन पांडे, सूबेदार मेजर राजेंद्र मिश्रा संयोजक लखनऊ, वीरेंद्र राठौड़ श्रीमती राखी अग्रवाल, सूबेदार राजेंद्र श्रीवास्तव, अनूप तिवारी संजय राजवंशी, जेपी द्विवेदी अयोध्या महानगर प्रदीप सिंह के के तिवारी, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू आदि लोक उपस्थित रहे।

## स्वामी प्रसाद के पुत्र उत्कृष्ट कांग्रेस में हुए शामिल

- मनोज पांडेय के खिलाफ लड़ चुके हैं चुनाव



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे उत्कृष्ट मौर्य शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस ज्वाइन करने पर प्रियंका गांधी ने उनका स्वागत किया। विधायक मनोज पांडेय के बीजेपी में जाने के बाद उत्कृष्ट मौर्य ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली। उत्कृष्ट मौर्य उर्फ अशोक मौर्य ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र से मनोज पांडे के खिलाफ विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। इसे मनोज पांडेय को घेरने की कांग्रेस की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। मौर्य वोट कांग्रेस में डायवर्ट करने की तैयारी चल रही है। दरअसल, सपा विधायक मनोज पांडेय शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए थे। इससे कांग्रेस को नुकसान होने के अनुमान लगाए जा रहे थे। रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनावी मैदान में हैं। खुद प्रियंका गांधी अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस की जीत के लिए लगातार कैंप कर रही हैं। वो हर रोज नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर भाजपा को निशाने पर ले रही हैं। रायबरेली व अमेठी में 20 मई को मतदान होना है। अमेठी सीट पर गांधी परिवार के करीबी और कई दशकों से वहां काम कर रहे किशोरी लाल शर्मा प्रत्याशी हैं।

## बलिया में इंडिया गठबंधन को संबोधित करेंगे अविनाश

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय सोमवार को बलिया में इंडिया गठबंधन के घटक दलों की समन्वय बैठक को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि श्री पाण्डेय सुबह 10:30 बजे बलिया में इंडिया गठबंधन दल की समन्वय बैठक को सम्बोधित करने के बाद दोपहर 12:30 बजे आजमगढ़ पहुंचेंगे, जहां लालगंज और आजमगढ़ में इंडिया गठबंधन दल की बैठकों को सम्बोधित करेंगे। यहां के बाद दोपहर 3 बजे श्री पाण्डेय मऊ पहुंच कर घोसी और शाम 5 बजे गोरखपुर लोकसभा में इंडिया गठबंधन घटक दलों की बैठकों को सम्बोधित करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ राममंदिर का निर्माण: अजय राय

- कोई नहीं हिला पाएगा एक ईंट भी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अयोध्या में राममंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ है। कोई भी व्यक्ति उसकी एक ईंट तक नहीं हिला सकता है। जनता को गुमराह करने के लिए भाजपा नेता बयानबाजी कर रहे हैं। बौखलाहट में ही भाजपा के लोग कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मारपीट कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को लहुराबीर स्थित केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के इशारे पर वाराणसी प्रशासन पक्षपातपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन पत्र के कई कालम में वांछित सूचना नहीं भरी गई थी। इसके बावजूद आपत्तियां आमंत्रित किए बिना उनके नामांकन पत्र को एकतरफा वैध घोषित कर दिया। अजय राय ने मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा को हटाने की मांग की है। इसके लिए चुनाव आयोग को पत्र भी भेजा है।

उनका आरोप है कि रुद्राक्ष सांस्कृतिक कन्वेंशन सेंटर को भाजपा के चुनावी संवाद के लिए आवंटित किया गया। रोड शो के मार्गों पर विशेष सज्जा-रोशनी में शासकीय-अर्ध शासकीय निकायों ने खर्च किया। कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी के नामांकन पर अपनी आपत्तियां चुनाव आयोग को ऑनलाइन भेजी हैं। गैंगस्टर मामले में हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने पर अजय राय ने कहा कि उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर प्रकरण में किसी भी तरह की राहत देने से इन्कार कर दिया था।

## प्रवास कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री (मध्य प्रदेश) मोहन यादव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री (मध्य प्रदेश) मोहन यादव रविवार 19 मई 2024 को गाजीपुर व बलिया के प्रवास पर रहेंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव दोपहर 12 बजे शेखपुर फील्ड, जंगीपुर, गाजीपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे दुबे छपरा इंटर कॉलेज फील्ड, बैरिया, बलिया में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेगे।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह रविवार 19 मई 2024 को सुलतानपुर के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सुबह 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय, सुलतानपुर में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में मार्गदर्शन करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार 19 मई को गोरखपुर तथा भदोही के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे भूधर इंटर कॉलेज सिकरीगंज, गोरखपुर में आयोजित संतकबीरनगर लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 1:30 बजे दसवीं की बारी घोसिया, औराई, भदोही में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकार में मंत्री सूर्य प्रताप शाही रविवार 19 मई को कुशीनगर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश के सरकार में मंत्री सूर्य प्रताप शाही दोपहर 03:45 बजे होटल स्काई लार्क, पडरौना, कुशीनगर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### मंत्री ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर शुक्रवार रविवार 19 मई को अम्बेडकरनगर, बस्ती और सिद्धार्थनगर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर सुबह 11 बजे अठखम्बा मालीपुर रोड, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:25 बजे शैलपुष्प डिग्री निकट गोविन्द नगर स्टेशन भरौली बाबू वाल्टरगंज, बस्ती में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01:40 बजे पाऊ बाजार गाय घाट, बस्ती तथा दोपहर 03:10 बजे लोटन ब्लॉक मुख्यालय थोथरी मोड के पास, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### मंत्री डा. संजय निषाद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद रविवार 19 मई को गोरखपुर व अम्बेडकरनगर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद सुबह 11 बजे स्व. वीर बहादुर सिंह महाविद्यालय हरनही, खजनी, गोरखपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12:25 बजे खानपुर हुसैनाबाद, लखनियाबाग, जलालपुर, अम्बेडकरनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी रविवार 19 मई को गाजीपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी सुबह 11 बजे कान्हा हवेली महुआबाग, गाजीपुर में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल रविवार 19 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में कपिल देव अग्रवाल सायं 06 बजे सवेरा होटल राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री रजनी तिवारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री रजनी तिवारी रविवार 19 मई को गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगी। प्रदेश सरकार में मंत्री रजनी तिवारी दोपहर 12 बजे गोरखपुर क्लब, गोरखपुर में आयोजित महिला मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगी।

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह

**लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार 19 मई को प्रयागराज और जौनपुर में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दोपहर 12 बजे सोरांव, प्रयागराज में आयोजित इलाहाबाद लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 02 बजे रामलीला ग्राउण्ड पक्का तालाब, मडियाहूं, जौनपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

## पत्रकार हमीदुल हसन जैदी के पिता हुए सुपुर्दे खाक

**लखनऊ।** उर्दू दैनिक आग के पत्रकार हमीदुल हसन जैदी के पिता स्वर्गीय अबुल हसन जैदी को शनिवार सुबह बालागंज के हरीनगर स्थित मिस्त्री की बगिया कर्बला में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय की नमाजे जनाजा और मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास रिजवी ने खिताब किया। स्वर्गीय के जनाजे में बड़ी संख्या में लोगों के साथ ही पत्रकार शामिल हुए। स्वर्गीय के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे सैय्युम रविवार को आयोजित होगी। ठाकुरगंज के मुफ्तीगंज स्थित नूरानी मस्जिद में शाम 7:30 बजे होने वाली मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास रिजवी खिताब करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के बेल वाला टीला स्थित आवास पर होगी। पत्रकार हमीदुल हसन जैदी के पिता अबुल हसन जैदी के निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# पूरा उत्तर प्रदेश लू की चपेट में

- 46.9 डिग्री के साथ कानपुर सबसे गर्म, इन जिलों के लिए रेड अलर्ट घोषित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर और तल्ख हो गए हैं। शनिवार की तपिश और ज्यादा थी। कानपुर 46.9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं एक दिन पहले सबसे गर्म रहे आगरा के अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री की कमी आई। मौसम विभाग एक डिग्री से कम की कमी को राहत नहीं मानता। प्रयागराज, हमीरपुर, इटावा जैसे इलाकों में दिन का तापमान 45 से अधिक रहा। प्रयागराज में तो रात के तापमान ने रिकॉर्ड बनाया। यहां पर न्यूनतम पारा 31डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक इससे पहले 2018 और 2019 में प्रयागराज की रात इतनी गर्म हुई थी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क है। गर्म हवा की रफ्तार 25 से 35 किमी प्रति घंटा है और आगे भी ऐसा ही रहने के आसार हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक गर्म कानपुर रहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आगरा सबसे गर्म रहा।

**लू ने इन इलाकों को किया प्रभावित**

हरदोई, कानपुर, गोरखपुर, बहराइच, प्रयागराज, रायबरेली, झांसी, हमीरपुर, आगरा, अलीगढ़

**इन इलाकों के लिए लू को लेकर अलर्ट जारी**

**रेड अलर्ट:** बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, मथुरा, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, फिरोजाबाद और आसपास। इन इलाकों में तीव्र उष्ण लहर चलने की चेतावनी दी गई है।

**आरेंज अलर्ट:** हापुड़, बुलंदशहर, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास तीव्र उष्ण लहर के आसार जताए गए हैं। इसके अलावा फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, मऊ, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर और आसपास लू के आसार हैं।

**येलो अलर्ट:** शामली, मेरठ, कासगंज, एटा, शाहजहांपुर, बदायूं, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, गाजीपुर, बलिया, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुरखीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, बाराबंकी और आसपास।

## सपा ही रिश्तों को निभाना जानती है: डिम्पल यादव

**लखनऊ।** पांचवें चरण के प्रचार के अंतिम दिन सपा नेता डिंपल यादव ने गोंडा में पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार किया और कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। सपा नेता व मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने प्रचार के अंतिम दिन गोंडा में पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार किया और जनता को भारी बहुमत से उन्हें जिताने की अपील की है। डिंपल यादव ने कहा कि सिर्फ समाजवादी पार्टी ही है जो कि रिश्तों और संबंधों को निभाना जानती है। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। उन्होंने जनता से सपा को वोट करने का वादा लिया। कहा कि आप सभी मतदान करें और सपा प्रत्याशी को जिताएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार 10 साल से झूठ बोल रही है और जनता की समस्याओं को नहीं सुन रही है। अब उनके जाने का समय आ गया है।

# भाजपा का अहंकार है 400 सीटें जीतने का नारा: अखिलेश यादव

- भाजपा झूठ बोलकर किसानों नौजवानों व बेरोजगारों को ठगने का काम करने वाली पार्टी



अवधनामा ब्यूरो

**श्रावस्ती/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में शहर के छोटा परेड ग्राउंड में जनसभा कर भाजपा पर तंज कसा। कहा कि दस सालों में भाजपा वालों का झूठ उजागर हो चुका है। भाजपा का 400 पार का नारा उसका अहंकार है। नारे की गणित भी अब जनता के समझ में आ गई है। भाजपा का कहना है कि देश की 543 लोकसभा सीटों में 400 के पार के बाद जो 143 सीटें बच रही है वही जीतने जा रहे हैं। जबकि इस बार जनता इन्हें 140 सीटों के लिए तरसा देगी। भाजपा झूठ बोलकर किसानों नौजवानों व बेरोजगारों को ठगने का काम करने वाली पार्टी है, जिसे जनता ने हटाने का मन बना लिया है। कहा कि भाजपा ने आरक्षण न देना पड़े इसलिए सारी नौकरियां संविदा पर कर दी हैं। सरकारी संस्थाओं को बेचकर प्राइवेट किया जा रहा है। देश का संविधान खतरे में है। बेरोजगारों को नौकरी न देनी पड़े इसलिए सारे पेपर लीक हो रहे हैं। चार चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी से लेकर अन्य भाजपा नेताओं की भाषा बदल गई है। उन्हें चुनाव हारने का डर सताने लगा है। इसीलिए वह हिंदू, मुस्लिम और मंदिर की बात कर रहे हैं। उन्होंने सभा में मौजूद पुलिसकर्मियों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि कहीं ऐसा न हो की अगली बार सरकार बनने पर उनकी नौकरी भी अग्निवीर की चार साल की नौकरी से भी कम तीन साल की कर दी जाए। सपा मुखिया ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि खाद की बोरी में चोरी हो रही है। भाजपा ने जिस व्यक्ति को नैनो यूरिया बनाने का काम दिया था वह भी देश छोड़कर भाग गया है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही खटाखट भाजपा के सारे नेता व पूंजीपती विदेश भाग जाएंगे। जनसभा में उन्होंने श्रावस्ती से सपा लोकसभा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा तथा गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशी राकेश यादव का हाथ पकड़कर जनसभा में मौजूद लोगों से समर्थन की हामी भरवाई।


## 'व्यक्तित्व, मनोविज्ञान और साहित्य' पर संगोष्ठी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मिनी-ऑडिटोरियम, यूनिवर्सिटी बिल्डिंग में एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ में लिबरल एजुकेशन विभाग एवं अंग्रेजी विभाग के सहयोग द्वारा ष्व्यक्तित्व, मनोविज्ञान और साहित्यष् पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ. रूपाली मिर्जा के स्वागत भाषण और वक्ता के परिचय के साथ हुई, जिन्होंने शएकीकृत शिक्षाश् के महत्व पर जोर दिया और बताया कि इसका उपयोग समाज, इतिहास, मनोविज्ञान और अर्थव्यवस्था का अध्ययन करने साथ ही विविध अन्य अनुशासन के लिए, कैसे किया जा सकता है। संसाधन व्यक्ति, लेखिका शाहनाज जैदी ने अपने उपन्यास के पात्रों को चिकित्सीय मुद्दों और जन्मजात किफोसिस या कुबड़ापन और ऑटिज्म जैसी विकलांगताओं से जूझने के लिए साहित्य पढ़ने के महत्व पर जोर दिया। लेखक के पहले उपन्यास बेबीज ब्रीथ को अमेरिका के मेंटल हेल्थ द्वारा मान्य किया गया था और बार्न्स एंड नोबल की अलमारियों की शोभा बढ़ाई थी। एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी ने आयोजकों को कार्यक्रम के संचालन के लिए शुभकामनाएं देकर प्रोत्साहित किया। डॉ. रूपाली मिर्जा, प्रमुख, अंग्रेजी विभाग और डॉ. शीबा रिजवी, प्रमुख, उदार शिक्षा विभाग, ने क्रमशः कार्यक्रम के संयोजक और सह-संयोजक के रूप में कार्य किया। आयोजन सचिवों में सुश्री सालेहा जाफ़री, डॉ. मिर्जा अकील अब्बास, सुश्री स्वाति जोशी, डॉ. शाजिया फ़ातिमा, सुश्री हर्षिका वर्मा और सुश्री विशाखा मेहरोत्रा शामिल थीं।

## दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का समापन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समापन के आवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफ.डा. मनसफ आलम (प्राध्यापक जामिया मिलाया इस्लामिया दिल्ली) ने कहा – की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से 64त्न ग्रोथ हुआ है कॉरपोरेट में और ये आंकड़ा और बढ़ेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कॉम्प्लेक्स प्रॉब्लम सॉल्व करने में मदद है। यह भारतीय इकोनॉमी को एक मजबूती प्रदान कर रहा है। उन्होंने साइंस एंड टेक्नोलॉजी को फार्मा और मैनेजमेंट के साथ मिल के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस pe काम करने pe ज़ोर दिया।

निदेशक डा. शफीक अहमद ने कहा – की सभी विभाग जब मिल के काम करेंगे तभी कुछ प्रोडक्टिव होगा उन्होंने इस मल्टी डिसिप्लिनरी इंटरनेशनल कांफ्रेस में आए सभी वक्ताओं का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

डा. आकाश सिंह ने बताया कि आज T B पे dr. कंचन (प्रध्यापक केजीएमयू)ने उससे बचाने और उसे जड़ से खत्म करने के तरीके को बहुत अच्छे से समझाया।

# चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है: दिग्विजय सिंह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि 2024 का चुनाव पहले के चुनावों से अलग है। पूर्व के चुनावों में संविधान बदलने की आशंका नही थी। इस चुनाव में भाजपा की संविधान बदलने की नीयत के खिलाफ मतदान हो रहा है। प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के कई नेताओं ने संविधान बदलने की मंशा जताई है। आरएसएस प्रमुख ने कई बार आरक्षण पर सवाल उठाये हैं इसलिए यह चुनाव संविधान बचाने का है। मोदी सरकार ने पहला हक किसानों-मजदूरों का छीना है। कांग्रेस ने शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में कई बड़े कार्य किए हैं। नरेंद्र मोदी किसान सम्मान निधि के नाम पर 6 हजार तो देते हैं लेकिन मोदी ने खाद और डीजल का भाव बढ़ा दिया। कांग्रेस न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का कानून बनाने के साथ कर्जमाफी और कृषि यंत्रों पर जीएसटी माफ करेगी। पहले चार-पांच बोरी अनाज में एक तोला सोना मिल जाता था लेकिन आज 20-25 बोरी अनाज बेचने पर भी एक तोला सोना नही मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नोटबंदी में सर्वाधिक नुकसान छोटे व्यापारियों को हुआ। किसानों के बजाय बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया गया। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो जुलाई से महिलाओ के खाते में जमा साढ़े आठ हजार रुपये जमा होंगे। कांग्रेस सरकार बनते ही युवाओं को अप्रेंटिस के लिए एक लाख रुपये दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र का विस्तृत जिक्र किया।